CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :41°C न्यूनतम: 27°C
सेंसेक्स 82,530.74
निफ्टी 25,061.10
सोना 95,100
चांदी 97,000

नई दिल्ली, शुक्रवार 16 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 44 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## शुभांशु शुक्ला आठ जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जल संधि पर रहेगी रोक

## विदेश मंत्री एस.जयशंकर का पाकिस्तान को करारा जवाब

**कहा: कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी**

**पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक पाकिस्तान स्थायी तौर पर सीमापार आतंकवाद खत्म नहीं करता। कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने यहां होंडुरास के नए दूतावास का उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है, जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था, जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है, जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं, जो संभव हैं। सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार करने के पाकिस्तान के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर डा. जयशंकर ने कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक है और तब तक रोक जारी रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से नहीं रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ संबंधी मुद्दों के बारे में चर्चा करने पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता -शेष पृष्ठ दो पर



## पाकिस्तान के परमाणु हथियार आईएईए की निगरानी में रखे जाएं: राजनाथ

**श्रीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए।



रक्षा मंत्री श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने कई बार भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है।

आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि भारत के बारे में पूरी दुनिया जानती है कि हमने हमेशा शांति को प्राथमिकता दी है। हम कभी भी युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो हमारे बलों को पूरे देश में सम्मान के साथ देखा जाता है।

## सेना प्रमुख ने की ऑपरेशन सिंदूर में सैनिकों की बहादुरी और सतर्कता की सराहना

**श्रीनगर।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एलओसी पर पूरा नियंत्रण रखने के लिए सैनिकों की वीरता, ऊर्जा और सतर्क कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने यह बात उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में एलओसी पर तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने उच्च स्तर की परिचालन तैयारियों को बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया और सैनिकों से किसी भी चुनौती का निर्णायक ताकत के साथ जवाब देने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। सेना के एडीजीपीआई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जनरल द्विवेदी ने श्रीनगर स्थित चिनार कोर के डैगर डिवीजन के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया।

## कर्नल सोफिया कुरैशी मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मप्र के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया और कहा कि इस मामले पर शुक्रवार (आज) को सुनवाई की जाएगी। उच्च न्यायालय ने मंत्री की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वत: संज्ञान लेकर राज्य सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया था। श्री शाह की ओर से उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने गुरुवार को इस याचिका का उल्लेख किए जाने पर कहा कि मंत्री शाह ने ऐसी टिप्पणी की है जो गैर-जिम्मेदाराना है।

# नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर अंतरिम रोक बरकरार रहेगी

**20 मई की सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे बहस के लिए दिए जाएंगे**

**वक्फ संशोधन कानून की विवादित धाराओं पर रोक का जारी रहना एक आशाजनक प्रगति: मौलाना मदनी**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह मंगलवार को करने का आदेश दिया।

अगली सुनवाई में अदालत, अंतरिम स्टे से संबंधित पक्षकारों की दलीलों को सुनेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर बहस के लिए वकीलों को दो-दो घंटे का समय दिया जाएगा, और विपक्षी और पक्ष को जवाब देने के लिए भी दो घंटे का समय दिया जाएगा। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि बहस के लिए वकीलों की नियुक्ति पक्षकारों पर छोड़ दी गई है, लेकिन दोनों पक्ष तय समय के अनुसार ही बहस कर सकेंगे। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने एक संक्षिप्त नोट तैयार किया है, जिसके आधार पर ही बहस की जाएगी। कपिल सिब्बल द्वारा तैयार नोट का जवाब केंद्र सरकार सोमवार तक अदालत में दाखिल करेगी, इस बात की पुष्टि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश को दी है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 20 मई को करेगा। कपिल सिब्बल के अनुरोध पर अदालत ने केंद्र सरकार द्वारा विवादित धाराओं पर दी गई आश्वासन को अगली सुनवाई तक बरकरार रखने का आदेश दिया है। गुरुवार को भी अदालत में वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में दाखिल याचिका पर बहस करने की अनुमति मांगी गई, जिसे मुख्य न्यायाधीश ने अस्वीकार कर दिया और कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## बांके बिहारी मंदिर की धनराशि को कॉरिडोर बनाने पर खर्च कर सकेगी यूपी सरकार

**नई दिल्ली।** उप्र सरकार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की धनराशि (फंड) का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए कर सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अनुमति देते हुए कहा कि वह इस धनराशि से कॉरिडोर के लिए मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि खरीद सकती है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया है कि जिस भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, उसका मंदिर के देवता के नाम पर पंजीकरण कराना होगा। कोर्ट ने कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की 500 करोड़ रुपये की विकास योजना को ध्यान में रखते हुए बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति दे दी। वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण मामले में 20 नवम्बर 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि कॉरिडोर का निर्माण हो, लेकिन इसमें मंदिर फंड का इस्तेमाल न करें। सरकार अपने स्तर से इसका खर्च वहन करे।

# भारत-पाक सीजफायर पर पांच दिन बाद ट्रम्प का यू-टर्न



**पहले कहा था सीजफायर कराया, अब बोले- मैंने सिर्फ मदद की**

**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 5 दिन बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है।

ट्रम्प ने कहा कि मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सेटल करने में मदद की। भारत- पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हमले हो सकते थे। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागनी शुरू कर दी, लेकिन हमने सब सेटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई। डोनाल्ड ट्रम्प दोहा में अल उदीद एयरबेस पर अमेरिकी सैनिकों को संबोधित कर रहे थे, उनके पीछे मंच पर शक्ति के जरिये शांति का बैनर लगा था। मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर नहीं निकलता और दो दिन बाद पता चलता कि मामला सुलझा नहीं है, लेकिन मामला सुलझ गया। मैंने दोनों से व्यापार को लेकर बात की। मैंने कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान बहुत खुश था, भारत बहुत खुश था।

## कश्मीर: सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के दक्षिणी हिस्से में अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद नादेर, त्राल इलाके में घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान शुरू किया गया, जिसके बीच तड़के मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। हालांकि तीनों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और न ही यह जानकारी मिल पाई है कि वे किस आतंकवादी संगठन से जुड़े हैं। तलाशी अभियान अभी जारी है। मंगलवार के बाद से दक्षिण कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई यह दूसरी मुठभेड़ है।

## अमित शाह ने घायल सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान में घायल सुरक्षाकर्मियों से यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स में जाकर मुलाकात की और उनका हाल चाल पूछा। श्री शाह दोपहर को एम्स में ट्रामा सेंटर गए और वहां भर्ती सुरक्षाकर्मियों से बातचीत की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उनके साथ छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षाकर्मियों से बात की सफल अभियान के लिए उनकी सराहना की।

## डा. अजय कुमार ने यूपीएससी अध्यक्ष का पद संभाला

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डा. अजय कुमार ने गुरुवार को संघ लोक सेवा आयोग-यूपीएससी के अध्यक्ष पद के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आयोग के सबसे वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक करने के बाद डा. अजय कुमार ने अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय से एप्लाइड इकोनॉमिक्स में एमएस और मिनेसोटा विश्वविद्यालय के कार्लसन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी की है।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपा डोजियर

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति में पाकिस्तान के आतंकवादी गिरोह लश्कर-ए-तैयबा के संगठन टीआरएफ पर प्रतिबंध लगवाने के मकसद से आई एक भारतीय तकनीकी टीम ने संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और टीआरएफ के बारे में एक डोज़ियर सौंपा। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने भारतीय तकनीकी टीम की यात्रा के बारे बताया कि संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय के प्रभारी अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव और आतंकवाद निरोधक सीटीईडी की सहायक महासचिव नतालिया गेरमैन ने भारत के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

# इस्लाम में बहु विवाह की अनुमति शर्तों के साथ दी गई



**हाईकोर्ट ने मौलवियों से कहा: वह देखें कि इस्लामिक कानून का दुरुपयोग न होने पाए**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश में कहा है कि इस्लाम में बहु-विवाह की अनुमति शर्तों के साथ दी गई है, लेकिन कुछ मुस्लिम स्वार्थ व सेक्स की पूर्ति के लिए शादी कर इस्लामी कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं।

कोर्ट ने मौलवियों से कहा है कि वह देखें कि इस्लामिक कानून का दुरुपयोग न होने पाए। कोर्ट ने कहा शरियत कानून के तहत मुस्लिम चार शादी कर सकता है बशर्ते सभी के साथ समान व्यवहार करें। शरियत में प्रतिबंधित शादी करने पर बातिल (शून्य) घोषित करने का प्रावधान है, ऐसी अर्जी की शरियत कानून के तहत परिवार अदालतों को सुनवाई कर तय करने का क्षेत्राधिकार है, जो बिना अधिकार मौलवियों द्वारा किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि इस्लामिक कानून के अलावा अन्य कानूनों में शादी करने वाला यदि धर्म बदलकर इस्लाम अपनाकर दूसरी शादी करता है, तो यह द्विविवाह का अपराध माना जाएगा।

## मणिपुर में मुठभेड़ 10 उग्रवादी ढेर

**इंफाल।** मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया कि 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। इधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं।

# जेएनयू की राह पर चला जामिया, तुर्की से की 'तौबा'

**विश्वविद्यालय ने हर तरह का समझौता किया निलंबित**




**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तुर्की ने पाकिस्तान को मदद की। इसके बाद देशभर में तुर्की का बहिष्कार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में गुरुवार को जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। जामिया ने तुर्की सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी तरह के समझौता ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। बुधवार को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने भी तुर्की के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया था। जामिया मिलिया इस्लामिया के एक्स अकाउंट पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी गई है, जिसमें लिखा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर, तुर्की सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी समझौता ज्ञापन (एमओयू) को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित किया गया है। जामिया मिलिया इस्लामिया राष्ट्र के साथ मजबूती से खड़ा है।


## तुर्की की कंपनी का भारत में सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की जवाबी सैन्य कार्रवाई में उसकी मदद करने वाले तुर्किए के खिलाफ एक और सख्त कदम उठाते हुए गुरुवार को उसकी कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दी। नागर विमानन मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर कहा कि ग्राउंड हैंडिलिंग एजेन्सी श्रेणी में सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का सिक्योरिटी क्लियरेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया जा रहा है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने कहा है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को देखते हुए उठाया गया है। यह कंपनी दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर काम कर रही थी।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा परामर्श

## क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के लिए राष्ट्रपति व राज्यपालों के लिए कोई समयसीमा निर्धारित कर सकता है

शाह टाइम्स ब्यूरो



**पूछा: क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है**

**क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत किसी कानून को लागू किए जाने से पहले उस पर क्रमश: राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय न्यायोचित हैं?**

**क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक की विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना उचित है?**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय से इस सवाल पर आधिकारिक राय मांगी है कि क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित कर सकता है।

राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 143(1) के तहत इस मुद्दे पर शीर्ष न्यायालय से राय मांगी है। राष्ट्रपति ने 13 मई को भेजे गए इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर न्यायालय की राय मांगी है। इनमें यह भी पूछा गया है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है। उन्होंने पूछा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत किसी कानून को लागू किए जाने से पहले उस पर क्रमश: राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक की विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना (किसी भी तरीके से कानून बनने से पहले) उचित है? इसमें यह भी पूछा गया कि क्या न्यायालय अनुच्छेद 142 के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग कर राष्ट्रपति/राज्यपाल के/द्वारा दिए गए आदेशों को किसी भी तरीके से प्रतिस्थापित कर सकता है। यह भी राय मांगी गई है कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू हो सकता है। संदर्भ में आगे पूछा गया कि क्या संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, इस न्यायालय (शीर्ष अदालत) की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है, जिसमें संविधान की व्याख्या के रूप में महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दा जुड़ा है और उसे कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जाए। राष्ट्रपति ने यह भी जानना चाहा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उच्चतम न्यायालय की शक्तियां प्रक्रिया संबंधी कानूनों तक के लिए ही सीमित हैं।

# केंद्र जल्द नए स्पेशल पोक्सो कोर्ट बनाए: सुप्रीम कोर्ट

**300 पेंडिंग केस वाले जिलों को प्राथमिकता दें**

**इनकी कमी से मामले निपटने में देर हो रही**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सरकार को निर्देश दिया कि वह बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के मामलों से निपटने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पोक्सो कोर्ट बनाए।

कोर्ट ने कहा कि कई राज्यों ने स्पेशल पोक्सो कोर्ट बनाए हैं, लेकिन तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में केस पेंडेंसी के चलते और ज्यादा कोर्ट बनाए जाने की जरूरत है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए स्पेशल कोर्ट कम होने के कारण मामले की जांच करने के लिए डेडलाइन का पालन नहीं हो पा रहा है। कोर्ट ने पोक्सो केस के लिए निर्धारित डेडलाइन के अंदर ट्रायल पूरा करने के अलावा निर्धारित अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट और एमिकस क्यूरी वी गिरी और सीनियर एडवोकेट उत्तरा बब्बर को पोक्सो कोर्ट की स्थिति पर राज्यवार डीटेल देने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों से उन जिलों में दो कोर्ट बनाने को कहा जहां पोक्सो अधिनियम के तहत बाल शोषण के पेंडिंग मामलों की संख्या 300 से ज्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र के मंत्री पर भाजपा के एक्शन का इंतजार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि कर्नल सोफिया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक्शन की पूरे देश को प्रतीक्षा है। सुश्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया पहलगाम हत्याकाण्ड के बाद पाकिस्तान में आतंकियों के विरुद्ध सेना के आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट की सख्ती के बाद कल देर रात दर्ज एफआईआर उचित, किन्तु भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा। उन्होंने कहा कि देश में साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ, कोर्ट से पहले, राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी, वरना अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा, जो जन व देशहित में सही नहीं।

### सीएम योगी तिलक विरोधी: अखिलेश

**अमेठी।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को अमेठी दौरे के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला। उन्होंने योगी सरकार पर ब्राह्मण विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तिलक विरोधी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से कई मुद्दों पर बातचीत की। वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने मुख्यमंत्री को लेकर ये टिपण्णी कर दी। सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा कि हमें अपनी बहादुर फौज पर गर्व है, हमारे फौजी दुनिया की जो फौजें हैं, उनसे कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करती हैं। कर्नल सोफिया के बारे में जो कहा भारतीय जनता पार्टी ने यही इनका चाल चरित्र चेहरा है।अखिलेश यादव ने कहा कि पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाई, आधी आबादी और जो पीड़ित हैं, दु:खी हैं, हम उसके साथ हैं। इससे पहले अखिलेश ने बीजेपी पर तंज भी खूब कसे और कहा कि भारतीय जनता पार्टी अमेठी में गुमशुदा है।

### बर्खास्त शिक्षकों ने राज्य शिक्षा विभाग मुख्यालय का किया घेराव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के मुख्यालय 'विकास भवन' का शुक्रवार को हजारों बर्खास्त शिक्षकों ने घेराव कर अपनी बहाली की मांग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बर्खास्त शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद उनकी नौकरी समाप्त किए जाने के खिलाफ था। शिक्षकों को कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश द्वारा बर्खास्त किया गया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने कथित नकद- नौकरी घोटाले के बाद सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लगभग 26,000 शिक्षकों को प्रभावित करने वाले एक फैसले के तहत वर्ष 2016 के पूरे पैनल की भर्ती रद्द कर दी थी। इस मामले में तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया था और वह अब न्यायिक हिरासत में हैं।

## सीड पार्क, नई दुग्ध नीति को मंजूरी के प्रस्तावों पर मंजूरी

# योगी कैबिनेट में 10 प्रस्तावों पर मुहर

**लखनऊ।**

यूपी कैबिनेट की गुरुवार को लखनऊ में हुई बैठक में सीड पार्क से लेकर नई दुग्ध नीति, पंचायत उत्सव भवन समेत कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज कैबिनेट में 10 अहम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर पर भी चर्चा हुई, जिसके बाद कैबिनेट द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को अभिनन्दन प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

कैबिनेट ने यूपी में सीड पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। यह सीड पार्क भारत रत्न पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह जी के नाम पर होगा। इस पार्क को लखनऊ में 130.63 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। इसके लिए 251.70 करोड़ की लागत आएगी। नगर विकास विभाग में अमृत योजना अंतर्गत निकायों के निकाय अंश को घटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अमृत योजना 1 में 7 निकायों के 90 करोड़ धनराशि के निकाय अंश को माफ किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। उत्तरप्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इससे प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

नई दुग्ध प्रसंस्करण यूनिट स्थापना में पूंजीगत अनुदान 35 प्रतिशत किया जाएगा। औद्योगिक विकास विभाग के लिए मेसर्स आरसीसीपीएल रायबरेली को सब्सिडी में सुधार करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जेके सीमेंट प्रयागराज 450.92 करोड़, मून बेव. रेज लिमिटेड हापुड़ 469.61 करोड़, सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर 403.88 करोड़, ग्लोबल स्पिलट्स लिमिटेड लखीमपुर 399.74 करोड़, चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभाओं के बैठकों आदि में होने वाले व्ययों के फंड को प्रोत्साहित करने की नीति को मंजूरी मिली। पंचायत उत्सव भवन के नामकरण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नागरिक उड्डयन विभाग में निदेशालय में संविदा पर कार्यरत कार्मिकों के पारिश्रमिक के पुनर्निधारण प्रस्ताव को मंजूरी मिली। कार्मिकों में (पायलट,को पायलट, इंजीनियर, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के कार्मिकों व तकनीकी गैर तकनीकी स्टाफ)को सातवें वेतन आयोग दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर के लिए 403.88 करोड़ रुपये मंजूर



■ चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी, लखनऊ में चौ. चरण सिंह के नाम पर होगा सीड पार्क

### यूपी में 30 करोड़ से ज्यादा की दवाएं जब्त

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी के निर्देश पर सरकार ने नकली दवाओं के गोरखधंधे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग ने पूरे प्रदेश में छापेमारी अभियान चलाकर 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त की हैं। कार्रवाई के दौरान 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस रद कर दिए गए हैं। इसके अलावा, 6 दवा निर्माण कंपनियों और 5 ब्लड बैंकों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं।

### सचिवालय कर्मियों के 25 फीसद तक बढ़े भत्ते

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सचिवालय प्रशासन विभाग में तैनात अलग-अलग कैडर के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सीएम योगी ने इन कर्मचारियों और अधिकारियों के विशेष भत्तों में 25 फीसद की बढ़ोतरी की है। गुरुवार को वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं। योगी सरकार के इस फैसले से 3500 से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार के इस फैसले के बाद सचिवालय में कंप्यूटर तकनीशियन के विशेष भत्ते को अब 790 रुपये से बढ़ाकर 950 रुपये तक कर दिया गया है. इसके साथ ही सहायक समीक्षा अधिकारी और उनके समकक्ष वेतनमान अधिकारियों को जिन्हें अब तक विशेष भत्ते के तौर पर 1,070 रुपये दिए जाते थे, उसे बढ़ाकर 1,275 रुपये कर दिया गया है। इनके साथ ही समीक्षा अधिकारी का विशेष भत्ते में भी इजाफा किया गया है। इन अधिकारियों का विशेष भत्ता 1,500 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये कर दिया गया है। सचिवालय के अनुभाग अधिकारी के पदों के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतनमान 1,880 रुपये से बढ़कर 2,250 रुपये हो गए है। सचिवालय सेवा के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतन पैमाने के अधिकारियों को अब 1,940 रुपये दिए जाते थे, जिन्हें बढ़ाकर 2,350 रुपये से बढ़कर किए गए हैं। सचिवालय सेवा उपसचिव के विशेष भत्ते को 2,070 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये किया गया है। संयुक्त सचिव व उनके समकक्ष अधिकारियों का विशेष भत्ता 2,500 से 2,700 रुपये हो गया है। सचिवालय सेवा के विशेष सचिव और इसके समकक्ष वेतनमान के अधिकारी को 2,500 रुपये विशेष भत्ता मिलता था, जो अब बढ़कर 3,000 रुपये हो गया है।

## जाति जनगणना पर कांग्रेस के दबाव में झुके मोदी: राहुल गांधी

**दरभंगा, वार्ता**

कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन उनकी (श्री गांधी) ओर से लगातार जारी दबाव में आकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना कराने की घोषणा की है।

गांधी ने गुरुवार को यहां जिला प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे। यह उनका दबाव था, जिसने मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर जाति गणना पूर्ण हुई, तो यह समाज के वंचित और उत्पीड़ित वर्ग के हित में होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई। अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए। गांधी ने कहा कि देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है। हालांकि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत सूचीबद्ध मजदूरों में उनकी संख्या सबसे अधिक है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को निजी संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान करना चाहिए। इन वर्गों के आरक्षण के लिए कानून तो है, लेकिन इसे न तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और न ही बिहार में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार लागू कर रही है।



■ तेलंगाना की तर्ज पर की जानी चाहिए जनगणना

## राहुल को संवाद करने से रोकने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह बिहार के दरभंगा में अम्बेडकर हॉस्टल में दलित तथा पिछड़ा वर्ग के छात्रों से संवाद करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। हालांकि संविधान और लोकतंत्र में तानाशाही से कोई उन्हें रोक नहीं सकता है।

गांधी को दलित छात्रों से संवाद करने से रोकने की खबर आते ही कांग्रेस का गुस्सा भड़क गया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के इस प्रयास को तानाशाही करार दते हुए इसे निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि बिहार न्याय और क्रांति की धरती है और वहां की जनता इस तरह की तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे पहले गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि बिहार में एनडीए की 'डबल इंजन धोखेबाज़ सरकार' मुझे अंबेडकर हॉस्टल में दलित और पिछड़े छात्रों से बातचीत करने से रोक रही है। संवाद कब से अपराध हो गया। नीतीश आप किस बात से डर रहे हैं। क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं। भारत लोकतंत्र है, संविधान से चलता है, न कि तानाशाही से, हमें सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए आवाज़ उठाने से कोई नहीं रोक सकता। खड़गे ने कहा कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है। क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बात. चीत करना कोई पाप है।



■ दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों से संवाद करना चाहते थे राहुल

### सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करने को करेंगे जय हिंद सभाएं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों की सशक्त जवाबी कारवाई को सलाम करने के लिए पार्टी देशभर जय हिंद सभाओं का आयोजन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए आज बताया कि कांग्रेस सशस्त्र बलों की सर्वोच्च वीरता और सफलता को सलाम करने के लिए पूरे भारत में 'जय हिंद सभा' आयोजित करेगी।

## लखनऊ में चलती एसी बस में आग, पांच लोग जिंदा जले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे।

यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची, तो जले हुए 5 शव मिले। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि बस का परमिट 2023 में ही समाप्त हो चुका था। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्री राम बालक महतो ने बस मालिक, ड्राइवर और क्लीनर के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि राम बालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

■ पिता के सामने बेटा-बेटी की मौत, इमरजेंसी गेट नहीं खुला बिहार से दिल्ली जा रही थी

### बलरामपुर में ट्रक-कार में भिड़ंत, पांच मरे, आठ घायल

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चकवा चौकी के पास गुरुवार देर रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना में बारात से लौट रहें एक ही परिवार के पांच लोगो की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार इटियाथोक थाना क्षेत्र के कस्बा से पिंटू कुमार अपने परिवार संग कार से श्रावस्ती जिले के भालुहिया वीरपुर गांव में बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था उन्होंने बताया कि इस हादसे में अजय कुमार (35), फूल बाबू (35), विजय कुमार (40), शिवकुमार (22) और मासूम आदित्य (8) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए।

### ट्रक की आटो में टक्कर छह की मौत, तीन गंभीर

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ट्रक ने सवारियों से भरे ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो चुका था। सभी घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है। यह हादसा कासिमपुर थाना क्षेत्र के बांगरमऊ संडीला मार्ग पर हुआ। हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि गुरुवार को सुबह पौने नौ बजे कासिमपुर थाना क्षेत्र के बांग. रमऊ संडीला मार्ग पर यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर घायल हैं, जिसमें एक छोटा बच्चा भी शामिल है। दो को लखनऊ रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पाकर संडीला सीओ सतेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर सीएचसी संडीला भेजा।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार


अर्थ व्यापार

## चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तूफानी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1200.18 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,530.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25062.10 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,625.55 अंक और स्मॉलकैप 0.94 प्रतिशत की तेजी लेकर 50,450.47 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2637 में तेजी जबकि 1327 में गिरावट रही, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2942 कंपनियों के शेयरों में से 1980 में लिवाली जबकि 890 में बिकवाली हुई, वहीं 72 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.51, सीडी 1.57, ऊर्जा 1.15, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.15, हेल्थकेयर 0.71, इंडस्ट्रियल्स 1.62, आईटी 1.25, दूरसंचार 1.02, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 1.86, बैंकिंग 1.11, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.99, धातु 1.60, तेल एवं गैस 1.01, पावर 0.98, रियल्टी 1.87, टेक 1.36, सर्विसेज 1.85 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत उछल गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.20, जापान का निक्केई 0.98, हांगकांग का हैंगसेंग 0.79 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.68 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 81,354.43 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 80,762.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं दमदार लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,718.14 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,330.56 अंक के मुकाबले 1.48 प्रतिशत उछलकर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 28 अंक उठकर 24,694.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,494.45 अंक के निचले, जबकि 25,116.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,666.90 अंक की तुलना में 1.60 प्रतिशत की उड़ान भरकर 25,062.10 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक की 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही।



## खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल हुई महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों की भारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 69 रिंगिट लुढ़ककर 3831 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.00 सेंट गिरावट लेकर 49.42 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 50 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।



चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**समूचे आतंकी...**

चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए और इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में एक सवाल पर डा. जयशंकर ने कहा कि यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करना कौन चाहता था। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया गया था। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि उसकी सेना पर और पाकिस्तानी सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। लेकिन उन्होंने हमारी उस अच्छी सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और वे कितना कम नुकसान कर पाये। यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था।

**नए वक्फ कानून....**

कि केवल उन्हीं पांच याचिकाओं पर बहस की अनुमति दी जाएगी, जिन्हें अदालत ने निर्धारित किया है। अन्य किसी याचिका पर बहस की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत द्वारा निर्धारित पांच याचिकाओं में मौलाना अरशद मदनी की याचिका प्रथम क्रमांक पर है, जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। अगली सुनवाई में अदालत वक्फ संशोधनों पर अंतरिम स्टे से संबंधित ही सुनवाई करेगी, यह स्पष्टीकरण मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार की सुनवाई के दौरान दिया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार की कानूनी प्रगति पर कहा कि आशाजनक बात यह रही कि विवादित धाराओं पर रोक को अदालत ने बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे का समय बहस के लिए दिया गया है, यह इस बात का संकेत है कि अदालत इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द से जल्द इसकी सुनवाई पूरी करना चाहती है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम भी यही चाहते हैं कि इस पर अदालत का अंतिम फैसला शीघ्रता से आ जाए, क्योंकि अखबारों में छपी खबरों के अनुसार नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर रोक के बावजूद कई स्थानों पर मस्जिदों और दरगाहों को अवैध करार देकर गिरा दिया गया है। इसमें उत्तराखंड स्थित एक वक्फ दरगाह का मामला भी शामिल है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा से लगे ज़िलों में कई मदरसों, कब्रिस्तानों, ईदगाहों ही नहीं, बल्कि कई मस्जिदों को भी अवैध या सरकारी जमीन पर स्थित बताकर तोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान की सर्वोच्चता को खत्म कर चुके हों, उनसे यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वे कानून का सम्मान करेंगे? ये वही लोग हैं, जो सत्ता के नशे में खुद को ही कानून समझ बैठे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ 'दान' (चैरिटी) का ही एक रूप है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि वक्फ को लेकर पिछले कुछ समय से बेहद ग़लत प्रचार किया गया है और बहुसंख्यक समुदाय को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की गई है कि वक्फ की आड़ में मुसलमानों ने सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है, जबकि दुखद सच्चाई यह है कि वक्फ संपत्तियों पर सबसे ज्यादा कब्जा सरकार ने ही कर रखा है। यह वक्फ संशोधन कानून इसलिए लाया गया है, ताकि इस अवैध कब्जे को कानूनी जामा पहनाने के साथ-साथ अन्य वक्फ संपत्तियों पर भी कब्जा करने का रास्ता आसान किया जा सके। गौरतलब है कि वक्फ कानून के लागू होने के बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना से की थी, जिसके बाद यह मामला तीन बार सूचीबद्ध हुआ, लेकिन कोई आदेश पारित नहीं हो सका। वक्फ संशोधन कानून पर राष्ट्रपति महोदया की मंजूरी मिलने के बाद मौलाना अरशद मदनी ने सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मौलाना अरशद मदनी की ओर से एडवोकेट आन रिकार्ड फुज़ैल अय्यूबी ने यह याचिका दाखिल की है, जिसमें लिखा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रशासन व वक्फ के लिए विनाशकारी है।

## विजय शाह के घर चले बुलडोजर: जमीयत

**लखनऊ।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमीयत उलेमा ए हिन्द भी खुलकर सामने आ गई है। जमीयत उलेमा ए हिन्द यूपी के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने कहा की भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त कर देशद्रोह के आरोप में जेल में डाल देना चाहिए।

मोलाना काब रशीदी ने भाजपा पर सवाल उठाते हुआ कहा कि अब कहां है आपका बुलडोजर ? जो कल तक देश के मुसलमानों को डसते थे। अब वो विदेश सचिव और सेना को डस रहे हैं, पीएम कार्यालय क्यों खामोश है। हमारे पीएम और विदेश मंत्री क्यों नहीं बोल रहे? देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए राजनीतिक हितों को नहीं देखना चाहिए। इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। उस मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें। मौलाना काब रशीदी ने कहा कि देश में मानसिक रोगियों का एक ऐसा टोला है, जो मुसलमानों को गालियां देते देते अब देश को गाली देने लगा है ये वो लोग हैं, जिन्हें यह सिखाया जाता है कि ये मुसलमानों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से जहर फैलाएं और आग उगलें। आज ऐसे समय में जब भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ है और पूरा देश एकजुट है। जम्मू कश्मीर तक के लोग तिरंगे की आन बान शान के लिए एक साथ लाल चौक पर खड़े हैं और कर्नल सोफिया कुरैशी, जिसने सबसे पहले देश को जानकारी दी थी और जो महिला देश का स्वभिमान बढ़ाने वाली है।

■ मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें: रशीदी

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
मूल की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर आपत्तिजनक फोटो, ब्लैकमेल की धमकी देने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर महिलाओं से दोस्ती करके उनकी आपत्तिजनक फोटो वीडियो लेकर ब्लैकमेल करने वाले एक ब्लैकमेलर अनूप केशरी उर्फ अनूप भाटी को बाहरी जिला साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से फोन और चार सिमकार्ड बरामद किये हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को पीडिघ्त महिला की शिकायत एनसीआर पोर्टल से मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अनूप भाटी से वह फेसबुक के माध्यम से संपर्क में आई थी, अनूप ने उसकी सहमति के बिना उसकी तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड किए थे। रिकॉर्डिंग का इस्तेमाल करके आरोपी ने उससे पैसे ऐंठने के लिए फोटो और वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी दी। आरोपी ने उक्त कुछ तस्वीरें और वीडियो पहले ही उसके रिश्तेदारों के साथ साझा कर दिए थे। यही नहीं आरोपी लगातार उसकी नग्न तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करने की धमकी दे रहा है।

पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी पाटिल स्वागत राजकुमार की देखरेख में एसएचओ गजे सिंह के निर्देशन में एसआई हरदीप ढुल, हेड कांस्टेबल विजय, प्रकाश, पवन और रमेश को आरा. पी को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। शिकायतकर्ता से संपर्क किया। फेसबुक और इंस्टाग्राम प्रोफाइल, मोबाइल नंबर, आईपी पते, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), आईएमईआई डेटा, लिंक किए गए ईमेल अकाउंट और अन्य डिजिटल फुटप्रिंट की जांच की। एक पुख्ता जानकारी के बाद अनूप केशरी को उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के खानपुर गाँव में छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि २०२२ से अपनी पत्नी से अलग रह रहा था, विभिन्न किराए के मकानों में रह रहा था। उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर महिलाओं का पीछा करने, उनसे दोस्ती करने और अनुचित लाभ प्राप्त करने का प्रयास करने का एक पैटर्न विकसित करने की बात कबूल की। उसे एक महिला परिरि. चत को गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में बेगमपुर थाने में धारा ३०७ आईपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया था।

## श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स कॉलेज की लाइब्रेरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** पीतमपुरा इलाके में स्थित दिल्ली यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आने वाले श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स की लाइब्रेरी में वीरवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। जिसके कारण लाइब्रेरी में रखी हजारों किताबें जल गई। हादसे की वजह से सेमिस्टर परीक्षा भी रद्द करनी पड़ी। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू। पुलिस मामला दर्ज करके शुरूआती जांच में शॉर्ट सक्रिट से आग लगने की आशंका जाहिर कर रही है। कॉलेज अधिकारियों से पता चला कि आग लाइब्रेरी के सर्वर रूम में लगी थी। लाइब्रेरी में विशेष रूप से पुरानी और दुर्लभ पुस्तकों का संग्रह था। सबसे अधिक नुकसान पुराने संग्रह वाले खंड को हुआ है।

# सेवानिवृत सर्जन डिजिटल अरेस्ट यूपी व असम से दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत सर्जन को डिजिटल अरेस्ट करके २.२ करोड़ रुपये ऐठने वाले अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के दो आरोपियों अमित शर्मा उर्फ राहुल और हरि स्वर्गीयरी को स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने गिरफ्तार किया है। जिन्होंने एक बुजुर्ग से २.२ करोड़ की धोखाधड़ी की थी। आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किये हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उनके नेटवर्क के बारे में साथियों को पकडने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपी आईवीआर धोखाधड़ी (डिजिटल अरेस्ट घोटाला) के संबंध में फर्जी बैंक खाते प्रदान करने, संभालने और उपयोग करने के लिए जिम्मेदार थे।

आरोपी अपराध में शामिल पैसे को विदेशों में भेजने के लिए फर्जी बैंक खातों का संचालन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बीते १५ मार्च को ९२ साल के सेवानिवृत सर्जन ने आईएफएसओ यूनिट में शिकायत दर्ज दी थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि १२ मार्च को, उन्हें विभिन्न नंबरों से कई कॉल आए। कॉल करने वालों ने खुद को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) और महाराष्ट्र पुलिस का अधिकारी बताया। आरो. पियों ने बोला कि उसके खिलाफ एक एफआईआर दर्ज है। जिसमें गिरफ्तार करने की बात कही गई। आरोपियों ने बताया कि वो किसी को कुछ न बताए। २४ धंटे उनपर नजर रखी जाएगी। आरोपियों ने उसे वीडियो कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट किया। उन्हें जाली अदालती आदेश दिखाए गए और एक ऐसी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया। जिसमें आरोपियों ने ऐसी बातें बताई, जो उसने की ही नहीं थी। गिरफ्तारी व गंभीर परिणाम की धमकी देकर आरोपियों ने उसके तीन बैंक खातों से करोड़ रुपये निकलवा लिये। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

## धूल भरी हवाओं ने कम की विजिबिलिटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बृहस्पतिवार सुबह से धूल की चादर छाई हुई है। इससे विजिबिलिटी का स्तर कम हुआ है। दरअसल, मौसमी उतार चढ़ाव के बीच बुधवार रात साढ़े ११ बजे तेज आंधी आई। इसका असर अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। वातावरण में हर तरफ धूल छाई हुई है। दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी भी प्रभावित हुई है। कल बुधवार रात १० से साढ़े ११ बजे के दौरान धूल भरी आंधी चली। इससे एक दो घंटे में ही पालम और आईजीआई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी ४५०० मीटर से गिरकर १२०० मीटर हो गई थी। यह मुख्य रूप से उस समय क्षेत्र में अचानक धूल भरी तेज हवाएं चलने के कारण था। लगभग ३०-४० किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चल रही थी, लेकिन बाद में तब से ही तीन से सात किमी प्रति घंटे की शांत/कमजोर हवा की स्थिति बनी हुई है।

नतीजा हवा में धूल के साथ सफदरजंग और पालम दोनों एयरपोर्ट पर दृश्यता १२००-१५०० मीटर पर खराब बनी हुई है। अब फिर गर्मी बढ़ने की संभावना है। दो दिन से तापमान ४० डिग्री पार जा रहा है। आज ४१ डिग्री चले जाने के आसार हैं। हालांकि लू अभी नहीं चलेगी। दिल्ली की वायु गुणवत्ता अभी खराब श्रेणी में बनी हुई है। बृहस्पतिवार को सुबह १० बजे दिल्ली का एक्यूआई २४९ रिकॉर्ड किया गया। इसे खराब श्रेणी में रखा जाता है। धूल भरी आंधी के चलते आज आठ दिन बाद दिल्ली का एक्यूआई २०० से ऊपर गया है। एनसीआर के शहरों में भी हवा खराब श्रेणी में चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल एक्यूआई की यही श्रेणी बनी रहेगी। शुक्रवार को दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

## एक नजर

### लापता किशोर को हरियाणा से तलाशकर परिजनों को सौंपा

नई दिल्ली : साउथ वेस्ट जिला की एएचटीयू पुलिस ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता एक १५ साल के किशोर को उसके परिजनों से सकुशल मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सात मई से नजफगढ़ से लापता किशोर को तलाशने के लिये इंस्पेक्टर बलबीर सिंह के निर्देशन में महिला हेड कांस्टेबल शर्मिला और महिला कांस्टेबल सीमा को जिम्मा सौंपा था। पुलिस टीम ने किशोर के परिजनों, रिश्तेदारों और दोस्तों से पूछताछ की, दर्जनों संदिग्ध मोबाइल फोन का डंप डाटा खंगाला। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली गई। घर के आसपास लगे सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद एक पुख्ता जानकारी पर किशोर को बहादुरगढ़, हरियाणा से तलाशकर परिजनों को सौंप दिया गया।

### 2024-25 के वित्तीय नतीजों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** प्रीसिशन इंजीनियरिंग और विनिर्माण (मैन्यूफैक्चरिंग) क्षेत्र की अग्रणी कंपनी बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (कंपनी या बीएफआईएल) ने १४ मई, २०२५ को आयोजित अपने निदेशकमंडल (बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स) की बैठक में ३१ मार्च २०२५ को समाप्ततिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों (कॉन्सॉलिडेटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स) को मंजूरी दी. कंपनी के प्रदर्शन को लेकर बीएफआईएल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तृमाण चंडोक ने कहा, "हमें वित्त वर्ष २०२४-२५ की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

### गलियों का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग



**नई दिल्ली।** एनसीआर, लोनी विधायक नन्द किशोर के चिरौड़ी कार्यालय पर पंडित मुरारीलाल ने पहुंचकर लेटर दिया। लोनी विधानसभा के अंतर्गत आनन्द विहार कालोनी (बेहटा हाजीपुर बंद फाटक) में सरकार द्वारा गलियों का निर्माण कार्य चल रहा था कि कार्य को अचानक प्राचीन सिद्ध बालाजी धाम मंदिर पर पहुंच कर रोक दिया गया जबकि यह निर्माण कार्य मंदिर से आगे बंद फाटक तक होना है। निर्माण कार्य को पूरा कराने के विषय में मंदिर के संस्थापक एवं अशोक सम्राट राजधानी समान कल्याण फाउंडेशन के उपाध्यक्ष पंडित मुरारीलाल ने स्थानीय विधायक नन्द किशोर को लेटर देकर निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की है। इस विषय पर विधायक नन्द किशोर ने कहा कि वह जल्द ही प्राचीन सिद्ध बालाजी धाम पर पहुंच कर रुके हुए कार्य को पूरा कराने का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है कि गली के निर्माण कार्य को किसके इशारे पर रोका गया है। लोगों में रोस है कुछ दिन बाद मानसूनी बारिश शुरू हो सकती जबकि यह कालोनीवासियों के लिए महत्वपूर्ण रास्ता है।

### वित्त वर्ष 2024-25 के परिणाम घोषित किए




**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) उषा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2024 -25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। यह कंपनी के एनएसई पर सूचीबद्ध होने के बाद पहला वित्तीय खुलासा है। कंपनी ने 33.80 फीसदी की वार्षिक वृद्धि के साथ 41,070.17 लाख की संपत्ति प्रबंधन (एयूएम) दर्ज की है, जो इसके मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। पूरे वित्त वर्ष में, कंपनी ने 1,817.00 लाख का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) और 21,115.09 लाख की नेट वर्थ दर्ज की, जो वित्त वर्ष 24 की तुलना में 99.15 फीसदी की वृद्धि है। कंपनी की सीईओ और निदेशक गीता गोस्वामी ने कहा, लिस्टिंग के बाद अपने पहले वित्तीय परिणामों की घोषणा करना हमारे लिए गर्व का क्षण है।

### फुटपाथ पर अतिक्रमण के चलते लोग हो रहे हादसों के शिकार

**नई दिल्ली।** फुटपाथ पर अतिक्रमण के चलते पैदल चलने वालों के लिए हर समय खतरा बना रहता है। इसका खामियाजा पैदल यात्रियों को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि फुटपाथ पर जगह न होने के कारण उन्हें मजबूरन सड़कों पर पैदल चलना पड़ रहा है, ऐसे में उनके साथ दुर्घटनाएं हो रही हैं। द्वारका मोड़, नवादा, उत्तम नगर, लाल किला, चांदनी चौक, बल्लीमारान, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दरियागंज, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, चांदनी चौक, शाहदरा, भजनपुरा लक्ष्मी नगर, निर्माण विहार, प्रीत विहार और आनंद विहार क्षेत्र में जहां नजर घुमाओ, वहां अतिक्रमण देखने को मिलता है।

फुटपाथ पर रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा है। बसों के जाने के लिए बनी सर्विस रोड पर भी हमेशा गाड़ियां खड़ी रहती हैं। उत्तम नगर पूर्व में सड़क और फुटपाथ पर अवैध पटरियां लगती हैं, जिससे आने-जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी होती है। राजधानी में वर्ष २०२३ सड़क दुर्घटनाओं के मामले में पैदल यात्रियों के लिए काल साबित हुआ। दिल्ली पुलिस की 'रोड एक्सीडेंट डेथ रिपोर्ट-२०२३' के अनुसार, ४३ प्रतिशत सड़क हादसों के शिकार पैदल यात्री हुए, फुटपाथ पर अतिक्रमण इसकी एक प्रमुख वजह है।

### भार्गवास्त्र नाम रख बढ़ाया ब्राह्मणों का मान: पुंज



**नई दिल्ली।** भारतीय विप्र परिषद दिल्ली द्वारा भगवान श्री परशुराम जी महाराज का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। परिषद के अध्यक्ष पं. बृजभूषण पुंज ने सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन के बाद सभा को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार और भारतीय सेनाओ को साधुवाद दिया, जिन्होंने दुश्मनों के ड्रोनों को नेस्तनाबूद करने वाले शस्त्र का नाम हमारे आराध्य भगवान श्री परशुराम जी महाराज के वंशज के नाम पर 'भार्गवास्त्र' रखा है, उन्होंने कहा, कि ब्राह्मण समाज के लिए ये गौरव का क्षण है, कि अब साक्षात भगवान श्री परशुराम जी महाराज का फरसाष्भार्गवास्त्रष्नाम के साथ दुश्मनों का काल बनेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पं. पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ, पं. नगेन्द्र पांडेय, ब्रह्मनायिका राधिका सेतिया, पं. राधेश्याम शर्मा, हरेवली वाले (सेवानिवृत्त दिल्ली पुलिस अधिकारी), रमेश जोशी, पंडित तीरथ राम वत्स (फरसे वाले), मुकुंद लाल कत्याल, ऋषिराज सिंह, वीरेन्द्र पुष्प पुंज, कमल किशोर शर्मा आदि ने भगवान परशुराम जी महाराज के जीवन प्रसंगों का वर्णन किया। कार्यक्रम में एसबीएम स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। तत्पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया।



हज कमिटी की चेयरपर्सन कौसर जहां एयरपोर्ट पर मदीना शरीफ को जाने वाली अंतिम उड़ान से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों से मुलाकात करती हुईं।

## कौसर जहां ने की हज यात्रियों से मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 16 मई से 30 मई तक दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सभी हज उड़ानें जेद्दाह के लिए जाएगी। हज कमिटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने १५ मई को मदीना शरीफ को जाने वाली अंतिम उड़ान से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों से मुलाकात कर उनकी खैरियत ली।

हाजियों ने दिल्ली स्टेट हज कमेटी एवं एयरपोर्ट की व्यवस्था पर अपनी प्रक्रिया देते हुए संतुष्टि और प्रसन्नता जाहिर की। आज से ३० मई तक सभी हज उड़ानें जेद्दाह के लिए जाएंगी।

# युवक के चेहरे व हाथ पर ब्लेड से जानलेवा हमला

**नई दिल्ली।** महेन्द्रा पार्क इलाके में आपसी रंजिश में एक युवक के चेहरे, हाथ पर दिनदहाड़े ब्लैड मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जबकि उसके दोस्त की बुरी तरह से पिटाई की, जो किसी तरह से वारदात वाली जगह से भाग गया था। पुलिस ने पीडिघ्त युवक के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायल युवक की पहचान इलाके में रहने वाले मनजीत के रूप में हुई है। बीते दस मई को मनजीत और रिहान के बीच झगड़ा हुआ। उस समय मनजीत और उसका दोस्त नीरज छोले भटूरे लेने जा रहे थे और अपने दोस्त मदन से बात कर रहे थे। इसी बीच इलाके में रहने वाला मनजीत का जानकार रिहान अपने दोस्त ललित के साथ उनके पास आया। अचानक रिहान ने मनजीत के गाल पर ब्लेड से कई वार किये। नीरज ने जब इसका विरोध किया और मनजीत को बचाने की कोशिश की। रिहान और ललित दोनों ने नीरज पर मुक्कों और घूंसों से हमला करना शुरू कर दिया। झगड़े के दौरान रिहान का दोस्त अनमोल भी आ गया और उसने भी मारपीट की और नीरज और मनजीत दोनों की पिटाइ कर दी थी। बीते मंगलवार को महेन्द्रा पार्क पुलिस ने मनजीत के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है।

# महापौर ने निगम स्कूल में वॉश सुविधाओं का किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के माननीय महापौर श्री राजा इकबाल सिंह ने आज शाहपुर जाट में दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय में 'वॉश सुविधा' का उद्घाटन किया। इस 'वॉश' पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों में स्वच्छता, सफाई और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर माननीय सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज, ग्रेटर कैलाश विधायक सुश्री शिखा राय और अन्य वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि देश के तेजस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए 'स्वच्छ भारत अभियान' के बाद सफाई और स्वच्छता एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बन गई है। महापौर राजा इकबाल सिंह ने 'बाल कैबिनेट' मॉडल की सराहना की जहां छात्र स्वच्छता बनाए रखने में नेतृत्व की भूमिका निभाते हैं। उन्होने कहा कि स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक बच्चे को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए। ताकि ऐसे जिम्मेदार बच्चों के हाथों से राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो। महापौर ने स्कूली बच्चों के लिए स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने में रोटरी क्लब के प्रयासों की प्रशंसा की। रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली अशोका के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों, रोटरी सदस्यों और स्थानीय निवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।




# सैल्समैन का काम कर रहे बदमाश को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन इलाके में हत्या की कोशिश की वारदात में शामिल आरोपी लखन महावर उर्फ गोलू को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। वह २०१७ से फरार था और गिरफ्तारी से बचने के लिए जानबूझकर बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। आरोपी बलात्कार, डकैती, हत्या के प्रयास के मामलों, आर्म्स एक्ट आदि सहित गंभीर और जघन्य अपराधों से शामिल रहा है। वह तीस हजारी अदालत ने आरोपी को घोषित अपराधी घोषित किया था। वारदात के बाद फरारी के वक्त वह राजौरी गार्डन में कपड़े की दुकान में सैल्समैन का काम कर रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि २३ जून २०१७ को अजय एंक्लेव एक्सटेंशन, तिहाड़ गांव में रहने वाले शिकायतकर्ता समीर खान उर्फ अर्जुन ने राजौरी गार्डन थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि २२ जून की शाम साढ़े चार बजे जब वह एमसीडी डिस्पेंसरी, सुभाष नगर के आसपास टहल रहा था। एमसीडी डिस्पेंसरी के पास गुड्डू खान और राम लखन तथा उनके दो अन्य साथी मौजूद थे। दोनों ने उसको पकड़ा और पुलिस के लिये मुखबरी करने का आरोप लगाया। बहसबाजी के बीच दोनों ने उसकी बुरी तरह से पिटाई की। गुड्डू खान ने अचानक पिस्टल निकाली और एक गोली उसकी पीठ में मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके गुड्डू खान को गिरफ्तार कर लिया। गुड्डू, राम उर्फ विक्की को स्थानीय पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, आरोपी लखन महावर उर्फ गोलू फरार था।

## वागले की दुनिया में सखी फंसी हिट एंड रन केस में

**नई दिल्ली।** सोनी सब का लो. कप्रिय शो 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी, नए किस्से' भारतीय मध्यम वर्गीय परिवार की जिंदगियों से जुड़ी जद्दोजहद को सजीव रूप से दर्शाकर दर्शकों का दिल जीत रहा है। आने वाले एपिसोड्स में सखी (चिन्मयी साल्वी) एक बेहद तनावपूर्ण स्थिति में फंस जाती है, जब सड़क पर रहने वाला बच्चा अचानक उसकी कार के सामने आ जाता है और दुर्घटना हो जाती है। इस हादसे से सखी बेहद घबरा जाती है।

बच्चे को तुरंत अस्पताल ले जाया जाता है, लेकिन उसी दौरान हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाता है और बच्चे की माँ सखी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवा देती है। आगे आने वाले एपिसोड्स में, वागले परिवार सखी के समर्थन में खड़ा नजर आता है, क्योंकि पुलिस का आरोप है कि हादसे के वक्त सखी ने सिग्नल तोड़ा था। सखी पर हिट एंड रन का मामला दर्ज किया जाता है और पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुँच जाती है।

# ड्रग्स माफिया पर शिकंजा कसने को लगाया पिट एनडीपीएस एक्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ड्रग्स माफिया वालिदाद उर्फ बलीदाद खान पर शिकंजा कसने के लिए क्राइम ब्रांच ने उस पर पिट एनडीपीएस लगा दिया है। साथ ही उसे तिहाड़ जेल से हटाकर चेन्नई के जेल में स्थानांतरित करवा दिया गया है।

वालिदाद २०१३ से यूपी, दिल्ली, उत्तराखंड व मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में मादक पदार्थों का निर्माण व आपूर्ति कर रहा था। वह जेल के अंदर से मादक पदार्थों के नेटवर्क को संचालित कर रहा था। ड्रग्स के धंधे में वालिदाद की पत्नी अंजुम बेगम उर्फ चुनिया व बेटे भी खुलकर साथ देते थे।

उनके खिलाफ भी कई राज्यों में दस से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता का कहना है कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर भारत के इस ड्रग्स माफिया पर पिट एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। हाल ही में अपराध शाखा द्वारा पिट एनडीपीएस प्रस्ताव तैयार कर वालिदाद को हिरासत में लेने के लिए पिट एनडीपीएस डिवीजन, राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय को भेजा गया था। मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में उसकी सक्रिय संलिप्तता को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (पिट एनडीपीएस एक्ट), १९८८ की धारा ३(१) के तहत उसे हिरासत में लेने का आदेश जारी कर दिया गया है।

तीन अलग-अलग मामलों में वालिदाद जेल में बंद था और जेल से ही अपने मादक पदार्थों के नेटवर्क का संचालन कर रहा था। इसे रोकने के लिए उसे चेन्नई जेल में स्थानांतरित करवा दिया है। वालिदाद का ड्रग्स से जुड़े अपराधों का लंबा इतिहास है। उसके आपराधिक रिकार्ड में एनडीपीएस अधिनियम के तहत तीन बड़े मामले शामिल हैं, जहां मादक पदार्थों की व्यावसायिक मात्रा बरामद की गई थी। उसका व्यापक नेटवर्क कई वर्षों से ड्रग्स व्यापार में उसकी गहरी संलिप्तता को दर्शाता है।

## नालों में सीवेज के अवैध निर्वहन से निपटने को सरकार सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना में सीवेज डंपिंग पर १० दिन के भीतर विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को दिया गया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि उन्होंने डीपीसीसी को सात दिन में गहन जांच करने और फिर १० दिन के भीतर कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जिसमें विभाग की जिम्मेदारी, समयसीमा और शहर के नालों में सीवेज के अवैध निर्वहन को रो. कने के उपायों का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए। अधिकारियों के अनुसार, अनधिकृत कॉलोनियों और जेजे क्लस्टरों से अवैध रूप से सीवेज का निर्वहन रोकने में विफल रहने पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) पर १८.५४ करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सिरसा ने कहा कि डीपीसीसी ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को एक रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें पुष्टि की गई है कि ५८ जेजे क्लस्टरों से अनुपचारित सीवेज - जिसकी मात्रा २.०४ एमजीडी (९.२७४ एमएलडी) है - सीधे यमुना की ओर जाने वाले नालों में बह रहा है। हैरानी की बात यह है कि पहले की चेतावनियों और फरवरी २०२५ में लगाए गए जुर्माने के बावजूद, जमीनी स्तर पर स्थिति अपरिवर्तित बनी हुई है। इसे आप सरकार के तहत शासन की विफलता का प्रत्यक्ष परिणाम बताते हुए सिरसा ने कहा, ष्यह चौंकाने वाला और अस्वीकार्य है कि अदालत के हस्तक्षेप, नियमों और १८ करोड़ रुपये के जुर्माने के बावजूद, यमुना में अभी भी अवैध रूप से सीवेज डाला जा रहा है।

## तुर्किये से आने वाले सेब के बहिष्कार को तैयार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से की गई हालिया कार्रवाई के दौरान तुर्किये के रुख को लेकर दिल्ली के सेब व्यापारियों में गहरा रोष है। उन्हें तुर्किये की ओर से पाकिस्तान का समर्थन करना नागवार गुजरा है। खास तौर पर एशिया की सबसे बड़ी फल और सब्जी मंडी आजादपुर में इस पर तीखी प्रतिक्रिया आई है। व्यापारी संगठनों ने तुर्किये से आने वाले सेब का बहिष्कार करने की बात कही है।

# नौ वर्षीय बच्चे के पिता ने अंगदान करके तीन लोगों की जान बचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक ३७ वर्षीय मरीज को ब्रेन हैमरेज और बेहोशी की हालत में मणिपाल हॉस्पिटल लाया गया। मरीज को तुरंत आईसीयू में वैंटिलेटर सपोर्ट पर भेज दिया गया। लेकिन डॉक्टरों की पूरी कोशिश के बाद भी १२ मई, २०२५ को मरीज की ब्रेन डेथ हो गई। मरीज के परिवार में उनकी पत्नी और एक ९ साल का बच्चा है। इस हृदयविदारक स्थिति में भी मरीज की पत्नी ने दृढ़ता और साहस बनाए रखा और मरीज के अंगों का दान करने का साहसी निर्णय लिया। उनके इस निर्णय में उनके परिवार और काउंसलिंग टीम ने उनका पूरा सहयोग किया। आवश्यक कार्यवाही पूरी हो जाने के बाद मरीज के लिवर और किडनी को नोट्टो (नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाईजेशन) को आवंटित कर दिया गया। मरीज के हृदय और फेफड़े ट्रांसप्लांट किए जाने के योग्य नहीं थे। मरीज का लिवर एक ६१ वर्षीय पुरुष के शरीर में तथा किडनी एक ५२ वर्षीय पुरुष के शरीर में लगाए गए। ये दोनों प्रक्रियाएं एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, द्वारका में की गईं। दूसरी किडनी दिल्ली के एक अन्य निजी हॉस्पिटल में एक ५९ वर्ष की महिला को लगा दी गई। मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसीन के चेयरमैन, डॉ. श्रीकांत श्रीनिवासन ने कहा, ''डॉक्टरों की पूरी कोशिश के बाद भी मरीज की हालत में सुधार नहीं हुआ और उन्हें १२ मई, २०२५ को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इस भारी दुख के बीच भी परिवार ने मरीज के अंगों को दान करने का साहसी निर्णय लिया, जिससे अन्य जरूरतमंदों की जान बचाने में मदद मिली।

# हाउस टैक्स जमा करने वालों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत की गिरावट आई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एमसीडी की ओर से इस वित्तीय वर्ष से हाउस टैक्स के साथ अनिवार्य रूप से यूजर चार्ज जोड़ने के फैसले का असर उसके राजस्व पर साफ दिखने लगा है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्तीय वर्ष में अब तक हाउस टैक्स जमा करने वालों की संख्या में पिछले साल की तुलना में करीब २० प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एमसीडी ने इस वर्ष से घरों से कूड़ा उठाने के एवज में यूजर चार्ज वसूलना शुरू किया है। इस शुल्क को सीधे हाउस टैक्स के साथ जोड़ दिया गया है, ताकि दोनों को एक साथ जमा किया जा सके, लेकिन यह नया नियम करदाताओं को रास नहीं आ रहा। दरअसल, कई नागरिकों ने शिकायत की है कि जब वे एमसीडी पोर्टल पर टैक्स जमा करने जाते हैं, तो यूजर चार्ज का विकल्प या तो दिखाई नहीं देता या फिर यूजर चार्ज की राशि हाउस टैक्स से भी अधिक दर्शाई जाती है। कुछ क्षेत्रों में तो यह यूजर चार्ज हाउस टैक्स की तुलना में तीन से चार गुना तक ज्यादा दिखाया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि कई बार पोर्टल में यूजर चार्ज जमा कराने का प्रावधान नहीं होता है, उस दौरान बहुत से लोग अपना हाउस टैक्स ही जमा करते हैं। एमसीडी हर वर्ष एक अप्रैल से ३० जून तक टैक्स जमा करने वालों को विभिन्न मामलों में छूट देती है। इस दौरान आमतौर पर करदाताओं की अच्छी भागीदारी देखी जाती है, लेकिन इस बार शुरुआती डेढ़ महीने में ही टैक्स जमा करने वालों की संख्या में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, करदाताओं का कहना है कि पहले जहां सिर्फ हाउस टैक्स जमा कराना पड़ता था, अब एक अतिरिक्त चार्ज जबरन जोड़ दिया गया है। इसके अलावा पोर्टल पर स्पष्ट जानकारी और सही गणना नहीं होने से भ्रम और असंतोष की स्थिति पैदा हो रही है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग टैक्स भरने से कतरा रहे हैं। कई संपत्तियों पर यूजर चार्ज की गणना गलत ढंग से की गई है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की जनसुनवाई

## शिकायतों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं: जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों एवं आवेदनों का समयान्तराल में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाता है।

जिसके चलते जिलाधिकारी को शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों को प्रेषित करने हेतु भीड़ लगी रहती है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त व्यक्तियों के शिकायती पत्रों को बड़ी गम्भीरता से पढ़ा जाता है और उन्हें सुना जाता है। अधिकांश मामलों को जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही पूर्ण गुणवत्ता से निस्तारित कर दिया जाता है और शेष शिकायतों को वाट्सअप आदि के माध्यम से सम्बंधित अधिकारी को निराकरण के लिए भेज दिया जाता है।

शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तराल में निस्तारण के लिए भी निर्देशित कर दिया जाता है। जन सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं एवं प्राथियों के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, जीडीए, विद्युत विभाग, बैंक, पेंशन, घरेलू झगड़ें से सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने के पश्चात शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र भी उपस्थिति रहे।

# जर्जर मकान का छज्जा गिरने से मामा-भांजे की मौत

## दुकान पर सामान खरीदते वक्त हुआ हादसा

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र की तुलसी निकेतन कॉलोनी में बुधवार रात एक दर्दनाक हादसे में मामा-भांजे की मौत हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों दुकान से सामान लेने के लिए निकले थे। अचानक पहली मंजिल का छज्जा गिर गया, जिसकी चपेट में आकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान अस्पताल में दोनों की मौत हो गई।

घटना रात के समय तुलसी निकेतन कॉलोनी में हुई। यहां रहने वाला आकाश (25 वर्ष) अपने 5 वर्षीय भांजे वंश उर्फ लड्डू के साथ पास की दुकान पर सामान लेने गया था। दोनों दुकान के बाहर खड़े थे कि तभी पास स्थित मकान की पहली मंजिल का छज्जा अचानक गिर पड़ा। हादसे में वंश की गर्दन बुरी तरह से जख्मी हो गई, जबकि आकाश को सिर में गंभीर चोट आई। आसपास के लोगों ने तुरंत



दोनों को मलबे से बाहर निकाला और सूचना पुलिस को दी।

मौके पर टीला मोड़ थाना पुलिस और शालीमार गार्डन के सहायक पुलिस आयुक्त अतुल कुमार सिंह पहुंचे। दोनों को गंभीर अवस्था में गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर पूर्व पार्षद विनोद कसाना भी पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। घटना स्थल का मकान सबीना नामक महिला का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह मकान करीब 35 साल पहले गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा गरीबों के लिए बनाए गए थे।

वर्षों से रखरखाव न होने के कारण इनकी स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। प्रशासन की ओर से पहले भी इन मकानों को तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया जा चुका है, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं हुई। मामले में जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि घटना में घायल दोनों लोगों को अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से किशोर की मौत, भाई घायल

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र के सुहाना-नागल मार्ग पर सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, असदपुर नागल गांव निवासी मनोज गिरि के बेटे ध्रुव (15) और राजा (9) बाइक से डॉक्टर के पास गांव सुहाना जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों भाई सड़क पर कई फीट दूर जा गिरे और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत मोदीनगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने ध्रुव को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल राजा को प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। एसीपी मोदीनगर के अनुसार, परिजन पोस्टमॉर्टम कराने को भी तैयार नहीं हुए हैं।

## 'अच्छी खबर' जिले में 22 करोड़ की लागत से बनने जा रहा 'रामायण थीम पार्क'

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा लोनी स्थित कोयल एनक्लेव आवासीय योजना में रामायण-आधारित थीम पार्क के निर्माण की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। दरअसल, जीडीए सभागार में आयोजित प्रस्तुति सत्र में तीन पात्र एजेंसियों ने अपनी तकनीकी प्रस्तुतियाँ दीं। यह परियोजना अब निविदा प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंच गई है। रामायण थीम पार्क की अनुमानित लागत करीब 22.26 करोड़ रुपये है। जिसे 5.61 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। परियोजना के तहत चयनित एजेंसी को 10 वर्षों तक पार्क के संचालन और अनुरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार, निविदा प्रक्रिया के तहत कुल चार एजेंसियों ने भाग लिया, जिनमें से टेमफ्लो सिस्टम्स, आरके एंटरप्राइजेज और पैन इंटेलीकाम को तकनीकी रूप से पात्र घोषित किया गया है। तीनों एजेंसियों ने बुधवार को जीडीए अधिकारियों के समक्ष अपने-अपने प्रस्ताव पेश किए। यह थीम पार्क आधुनिक तकनीक और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत समन्वय होगा। पार्क में निम्न सुविधाएं प्रस्तावित हैं जिसमें फाइव डी मोशन चेयर थिएटर, मिरर हाउस, होलोग्राफिक प्रोजेक्शन, लाइट एंड साउंड शो, रामायण के प्रमुख पात्रों की 15 मूर्तियां और कुल 45 कलात्मक प्रतिष्ठान होगी। इन सुविधाओं के माध्यम से आगंतुकों को रामायण की गाथा का सजीव अनुभव मिलेगा। इस परियोजना के पूरा होने से गाजियाबाद को एक नया पर्यटन स्थल मिलेगा, जो न केवल सांस्कृतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा बल्कि बच्चों और युवाओं में भारतीय मूल्यों और परंपराओं के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने पर निकाली विजय यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के अवसर पर कौशांबी में पार्षद कुसुम मनोज गोयल के नेतृत्व में विशाल विजय यात्रा निकली गई। लगभग 3 किलोमीटर चली विजय यात्रा हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए ढोल नगाड़ों पर और बैंड बाजे की धुन पर आतिशबाजी छोड़ते हुए यह काफिला चला।

इस यात्रा में कौशांबी के समस्त क्षेत्र के निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया जयपुरिया एनक्लेव गंगा टावर सतपुड़ा नंदा शिवालिक त्रिशूल कैलाश कामदगिरि पंचमणि उदयगिरि कंचनजंगा विंध्याचल गोवर्धन मलयगिरी सुमेरू हिमगिरी निलगिरी शिप्रा सुपरटेक राज एजेंसी शिप्रा हजूर तथा प्लॉट एरिया डी ब्लॉक ए ब्लॉक बी ब्लॉक सी ब्लॉक के निवासियों ने इस यात्रा में भाग



लिया। कौशांबी डी ब्लॉक राधा कृष्णा लाइन के ए ब्लॉक समाजसेवी दीपक गुप्ता समाजसेवी अजीत सिंह नारंग हिमगिरी टावर पंचमणि टावर द्वारा इस यात्रा का स्वागत किया गया और जगह-जगह पर ठंडे पेय और मिठाई द्वारा और फूलों द्वारा इस यात्रा का स्वागत किया गया इस अवसर पर जयपुरिया चौक का नाम राम चौक रखा गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी सुनील गांधी कारवा के जनरल सेक्रेटरी विनय महेश्वरी प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव जनरल सेक्रेटरी चंद्र प्रकाश पप्पू चौपाल के संरक्षक राकेश जकेतिया गौरव वर्मा मुकुल गुप्ता राजन मल्होत्रा नरेश मिगलानी एस आर सिंह एस एन सिंगला मंजू शर्मा रीना मिगलानी अनीता खंडेलवाल रेनू मल्होत्रा नीतू जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना की स्वीकृति समिति की बैठक सम्पन्न

### पात्र आवेदकों को लाभ देने का निर्णय

**गाजियाबाद।** विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपल की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक वर्ग को छोड़कर) शादी अनुदान योजना की जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में माननीय सांसद एवं विधायकगणों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान कुल 28 ऑनलाइन आवेदनों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी (सदस्य सचिव) ने इन आवेदनों की स्थिति से समिति को अवगत कराया। चर्चा के उपरांत समिति ने निर्णय लिया कि सभी पात्र अभ्यर्थियों को नियमानुसार योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन आवेदनों का सत्यापन उपजिलाधिकारी या खण्ड विकास अधिकारी स्तर पर लंबित है, उन्हें शीघ्र सत्यापित कर पीएफएमएस सर्वर से रेस्पॉन्स प्राप्त होते ही पात्र लाभार्थियों को अनुदान की राशि जारी की जाए।

**योजना के लिए पात्रता मानदंड**

आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक को छोड़कर) का होना चाहिए। विवाह की तिथि पर पुत्री की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक तथा वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 1,00,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता (राष्ट्रीयकृत बैंक में), और विवाह से संबंधित कार्ड या पीली चिट्ठी अनिवार्य रूप से आवेदन के साथ संलग्न करनी होगी।

## एचआईवी जांच कैम्प का आयोजन कर मुफ्त दवाई की गई वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रमते राम रोड स्थित लेबर चौक पर डॉ. ओपी अग्रवाल के नेतृत्व में पंडित अशोक भारतीय व युवा भाजपा नेता सौरभ यादव आदि के द्वारा महिला आउट रीच वर्कर खुशबू, सुदेश रानी आदि के द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एचआईवी की जांच की गई तथा सभी को मुफ्त दवाई वितरित की गई तथा सभी से सदैव समय-समय पर जांच कराकर स्वास्थ्य लाभ उठाने का आह्वान किया गया। चिकित्सीय कैंप में स्थानीय गरीब मजदूरों ने कैंप के आयोजन की सरहाना की।

## स्व. श्रीमती रामकली देवी को गणमान्यों दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** स्व. श्रीमती रामकली देवी जी व योगेश कुमार गौड की माता भजन सभागार में शोकसभा और श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के दूरदराज से समाजसेवी शामिल हुए। गाजियाबाद से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी विरेन्द्र कंडेरा ने श्रृद्धांजलि अर्पित की व इनके अलावा सम्पूर्ण कंडेरे करन करण कर्ण महासभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालेराम करन महासचिव योगाचार्य सुरेश सिंह कर्ण वंशी एवं नेमसिंह करन दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष,

सेवादल के रामवीर नागर उपाध्यक्ष, कालीचरण करन संरक्षक और बिजेंद्र कर्ण लेखापरीक्षक एवं कुक्कू राम करन एवं राजेश करन संगठन सचिव, के.पी सिंह करन, राजकुमार करन, सतीश कुमार, संजय गौड़ एवं कल्लू राम गौड़, रामवीर नागर, कन्हैया गौड, ओमप्रकाश गौड़, मुकेश करन कोषाध्यक्ष करन समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष गजराज करन, संरक्षक नानक चंद विनोद कुमार

कण्डेरे करन समाज कल्याण संगठन के संरक्षक कंछी लाल संगठन सचिव पम्मी करन, तेजवीर करन व इनके अलावा समाज के वरिष्ठ श्रेष्ठ समाज सेवियों ने और गणमान्य लोगों ने और हमारे समाज की गायत्री पवार, संतोष कर्ण, सावित्री पवार, गीता करन, ज्योति कर्ण, मुकेश कर्ण, हरीश कर्ण, सुनीता करन बबली करन इत्यादि, मातृशक्ति ने बहनों ने भी शोकसभा, श्रृद्धांजलि सभा में शामिल होकर अपनी ओर से नम आंखों से भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित की और पंचतत्व में विलीन दिवंगत आत्मा की शान्ति के ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 2 मिनट का मौन धारण रखा। शोकसभा में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने योगेश कुमार गौड एवं शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

## प्रियम गर्ग की 92 रनों की पारी से मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन विजयी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी क्रिकेट टूर्नामेंट के अन्तर्गत खेले गए लीग मैच मे मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन ने प्रियम गर्ग (जूनियर इडिया खिलाड़ी) के आकर्षक 92 रनो की मदद से टी एन एम इन्दिरापुरम को 182 रनो से हरा दिया।

टास जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय टीएनएम इन्दिरापुरम को उस समय भारी पड़ गया जब मेरठ के सभी बल्लेबाजो ने आरंभ से ही ताबडतोड प्रदर्शन कर टीम का स्कोर 344 रन 4 विकेट पर निर्धारित 40 ओवर मे पंहुचा दिया, लक्ष्य प्राप्त करने उतरी टीएनएम का कोई




बल्लेबाज उल्लेखनीय योगदान नही दे सका फलस्वरूप समस्त टीम 162 रन पर 29 ओवर मे ध्वस्त हो गई।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रियम गर्ग को पूर्व क्रिकेटर श्री अश्वनी शर्मा द्वारा दिया गया, संचालन विश्वजीत सिंह ने किया।

प्रमुख स्कोर ७ मेरठ क्रिकेट एसोसिएशन: 344 रन 4 विकेट पर 40 ओवर मे। इंजमाम 48 रन (8 चौके,1 छका) प्रियम गर्ग 92 रन (7 चौके 5 छके) सत्यम संगू 71रन (10 चौके 2 छके) संजोग पाल ने 2 विकेट लिए। टीएनएम इन्दिरापुरम: 162 रन सभी आउट 29 ओवर मे। सूर्या गौड 34 रन (7 चौके) शिवेन मल्होत्रा ने 3 विकेट तथा आयुष व अभिषेक पुडिर ने 2-2 विकेट लिए। आज लीग मैच कारपेडियम व एचसीए पायनियर के मध्य प्रात:काल 8 बजे खेला जाएगा।

### एक नजर

## बाल मित्र केंद्र पर अन्तर्राष्ट्रीय परिवार दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइज लिमिटेड ने संयुक्त रूप से चुप्पी तोड़- हल्ला बोल परियोजना के तहत अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस के अवसर पर साहिबाबाद थाने के बाल मित्र केंद्र में अभिभावकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को बाल यौन शोषण से बचाव, पॉक्सो एक्ट की जानकारी देना और बच्चों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने के तरीकों से अवगत कराना था। अभिभावकों ने थाने का दौरा किया और बाल यौन शोषण से सुरक्षा व संबंधित कानूनों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अभिभावकों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और सराहनीय बताया, जिससे उन्हें बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदमों को समझने में मदद मिली। संस्थापक एस.सी पाण्डे ने अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा की समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक अभिभावकों को जागरूक करने और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर दो कुली गिरफ्तार, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**गाजियाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल ने बुधवार को दो कुलियों को उस समय गिरफ्तार किया जब वे यात्रियों के सामान को एक्स-रे बैगेज चेकिंग सिस्टम से बिना स्कैन कराए निकास द्वार से प्रवेश करा रहे थे। दोनों कुलियों पर रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि वे रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था से समझौता कर रहे थे। आरपीएफ जवानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी यात्रियों के बैग्स की जांच सुनिश्चित करें।

गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, जो दिल्ली की सीमा से लगभग 14 किलोमीटर दूर स्थित है, प्रतिदिन 50,000 से अधिक यात्रियों की आवाजाही का केंद्र है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन के विजय नगर और सिटी साइड प्रवेश द्वारों पर एक्स-रे बैगेज चेकिंग सिस्टम लगाए गए हैं।

इन चेकिंग पॉइंट्स पर रेलवे सुरक्षा बल के जवान तैनात रहते हैं, जो यात्रियों के सामान जैसे सूटकेस, बैग आदि की स्कैनिंग की जिम्मेदारी निभाते हैं। हालांकि, कुछ यात्री सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करते हुए बैग स्कैन कराए बिना निकास द्वार से प्रवेश करने का प्रयास करते हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न उठता है।

खबर का संज्ञान लेकर आरपीएफ ने बुधवार को जांच की। जांच में सामने आया कि कुली नियम को तोड़ रहे हैं। उनके कंधों पर रेलवे की सुरक्षा में सहयोग करने की जिम्मेदारी आम यात्रियों की अपेक्षा अधिक होती है। जबकि स्टेशन पर कुली ही यात्रियों का सामान बिना स्कैन कराए निकास द्वार से प्रवेश कर रहे हैं।

बुधवार का एक न्यूजपेपर की खबर के साथ प्रकाशित फोटो में दिख रहे दोनों कुली को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं स्टेशन के दोनों ओर बैगेज चेकिंग सिस्टम पर तैनात आरपीएफ के जवानों को सख्त निर्देश दिए गए।

अब कोई भी यात्री बिना बैग स्कैन कराए स्टेशन पर प्रवेश नहीं कर सकेगा। जवान प्रत्येक व्यक्ति पर नजर रखेंगे। यदि कोई व्यक्ति सामान बिना स्कैन कराए प्रवेश करता है तो आरपीएफ के सिपाहियों पर भी कार्रवाई होगी।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बुधवार को एक खबर का संज्ञान लेते हुए जांच की, जिसमें पाया गया कि स्टेशन पर कुली सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

जांच में यह सामने आया कि कुली, जिन पर यात्रियों की सहायता के साथ-साथ रेलवे सुरक्षा में सहयोग की अतिरिक्त जिम्मेदारी होती है, वे यात्रियों के सामान को सुरक्षा स्कैनिंग के बिना ही निकास द्वारों से स्टेशन में ला रहे हैं। यह व्यवहार सुरक्षा मानकों के खिलाफ है और रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था को खतरे में डाल सकता है।

### आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के

# पीजीडीएम प्रतिभागियों के लिए इंटरनेशनल एजुकेशन टूर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर के पीजीडीएम सत्र (2023-25) प्रतिभागियों हेतु फ्लैग ऑफ सेरेमनी फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन टूर टू यूनाइटेड अरब अमीरात के लिए आयोजित किया गया। इसमें कुल 173 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सभी प्रतिभागी इंदिरा गाँधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से तीन ग्रुपो में क्रमश: 15,16 एवं 19 मई 2025 को यु ए ई के लिए प्रस्थान करेंगे और दुबई, अबु धाबी एवं शारजाह के प्रमुख दर्शनीय स्थलों, सिनर्जी यूनिवर्सिटी, मीडिया प्रोडक्शन हाउस एवं बुर्ज खलीफा का दौरा करेंगे। प्रथम ग्रुप डा संजीव टंडन, द्वितीय ग्रुप डा अनुषा अग्रवाल एवं तृतीय ग्रुप प्रो शिल्पी राणा के संरक्षण में भेजा जाएगा। फ्लैग ऑफ सेरेमनी की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ.




अजय कुमार द्वारा की गई।

इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागियों को वैश्विक व्यापार एवं वातावरण से संबंधित विषयों को समझने, विभिन्न देशों के कार्य संस्कृति तथा शिक्षापद्धति को जानने हेतु प्रेरित किया साथ ही सुरक्षित और सुखमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

संस्थान के सभी शिक्षक इस समारोह में उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभ कामना देकर उन्हें इंटरनेशनल टूर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयर मैन डॉ आर पी चड्ढा ने सभी प्रतिभागियों के शुभ एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामना दी। आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी छात्रों को मनोरंजन के साथ ज्ञान अर्जन करने की प्रेरणा दी।

इस अवधि में सभी प्रतिभागी बिभिन्न प्रकार के शैक्षणिक, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक गतिबिधियो में हिस्सा लेंगे साथ ही मिडिल ईस्ट के इन विकसित देशो के एडवांस्ड इंफ्रास्ट्रक्चर का मुआयना करेंगे। आई टी एस की यह परंपरा 2012 से लगातार चली आ रही है जिसमे प्रत्येक वर्ष विभिन्न निकायों के छात्र हरेक वर्ष इंटरनेशनल एजुकेशनल टूर पर विदेश भ्रमण के लिए जाया करते है।

### संबंध विच्छेद

मैं निजामुदीन पुत्र यामीन निवासी- म.नं- 240, मीरपुर हिन्दु थाना- ट्रोनिका सिटी लोनी जिला- गाजियाबाद अपनी पत्नी मोहसिना को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों की ये स्वयं जिम्मेदार होगी।

# प्रेम-प्रसंग के विवाद में युवक की चाकू गोदकर हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार पश्चिम इलाके में आपसी रंजिश में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। जबकि दो साथियों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने हत्या और हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर पुलिस आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग का विवाद सामने आया है। जिसको लेकर वारदात हुई है। जिसको आरोपी मारने आए थे,उसके भाई व दोस्तों को चाकू मारकर फरार हो गए थे।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुधवार रात ११ बजकर ५३ मिनट पर पश्चिम विहार पश्चिम को ज्वालापुरी कैंप में चाकूबाजी होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। वारदात वाली जगह पर काफी दूर तक खून पड़ा था। फॉरेंसिक टीम की सहायता से सबूत इकट्ठा किये। पूछताछ में पता चला कि ३-४ व्यक्ति यों ने हमला कर सोहेल,अली और प्रवीण अली पर चाकू से हमला किया था।

यह भी पता चला कि घायल सोहेल और प्रवीण अली को तत्काल पुष्पांजलि अस्पताल, रोहतक रोड में भर्ती कराया गया, जबकि अली को संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वीरवार शाम सोहेल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# हरियाणा के गैंगस्टर गुरजंत के आठ गुर्गों को धर-दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आनंद विहार इलाके में फायरिंग की वारदात में शामिल गैंगस्टर गुरजंत उर्फ जनता के आठ बदमाशों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों शूटर, मददगार, हथियार सप्लाई करने वाले शामिल हैं।

आरोपियों की पहचान सुमित,राहुल घणगास ,सौरभ,आशीष,राहुल,प्रीतपाल और दीपक के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से ६९ कारतूस,पांच पिस्टल और तीन मोबाइल फोन बरामद किये। पुलिस आरोपियों से हथियारों का सोर्स जानने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गैंग हरियाणा में काफी ज्यादा एक्टिव है। बीते आठ अप्रैल की रात को गैंग के दो बदमाशों ने एक कारोबारी के घर पर वसूली की रकम नहीं मिलने पर फायरिंग की थी। वारदात से पहले गैंगस्टर गुरजंट सिंह ने कारोबारी को पहले किसी अंतराष्ट्रीय नंबर से पांच करोड़ रुपये की वसूली के लिये फोन किया था। अपराध शाखा में तैनात एसीपी रमेश लांबा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेन्द्र मोहन के निर्देशन में पुलिस टीम को प्राथमिक जांच में पता चला कि एक गैंगस्टर गुरजंट सिंह के निर्देश पर उसका साथी हथियारों की खेप चंडीगढ़ लेने गया था। दो भाई को अलीपुर से कार चालक सुमित घंगस को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से ४५ कारतूस बरामद किये। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि उसका छोटा भाई राहुल घंगस गैंगस्टर गुरजंट सिंह उर्फ जनता से संपर्क में था। उसी ने आनंद विहार में कारोबारी के घर पर फायरिंग की थी।

## 350 से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की छह जिलों की पुलिस ने पिछले तीन दिन में दिल्ली व एनसीआर में अवैध रूप से रह रहे ३६१ से ज्यादा बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। सबसे ज्यादा हरियाणा से पकड़े गए हैं। इनमें से ज्यादातर को वापस बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया गया है। कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने तक बाकी को लामपुर व शाहजाद पुर स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। जांच में बांग्लादेश से भारत में घुसने का नया रूट भी सामने आया है। उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया बाहरी जिला पुलिस ने सबसे ज्यादा २०० से ज्यादा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा उत्तर जिला पुलिस ने ४६, द्वारका जिला पुलिस ने २५ से ज्यादा, दक्षिण जिला पुलिस ने ४० से ज्यादा, दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने ३० से ज्यादा और पश्चिमी जिला पुलिस ने २० से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा है।

# सरेआम चलीं कई राउंड गोलियां, हालत चिंताजनक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** मेहरौली गुरुग्राम रोड पर छतरपुर मेट्रो स्टेशन के नजदीक आज गुरुवार को दिनदहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने एक गाड़ी पर ताबड़तोड़ कई राउंड गोलियां चलाकर सनसनी फैला दी।

गाड़ी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार लगभग १० राउंड गोलियां चलाई गई हैं। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम और आला पुलिस अधिकारी भी पहुंच गए। स्पॉट को घेरकर वहां पर छानबीन की जा रही है। मौके पर क्राइम टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। इस मामले की पुष्टि करते हुए डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने कहा कि यह गैंगवॉर का मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि यह आपसी दुश्मनी की वजह से फायरिंग का मामला है।

यह वारदात महरौली थाना के कमांडर चौक के पास हुई है। अरुण लोहिया नाम के शख्स को गोली लगी है, जो गाड़ी में सवार था। अभी तक की छानबीन में यह पता चला है कि गोली चलाने वाले पीड़ित को जानते हैं, उसी के गांव के रहने वाले हैं। इस मामले में विस्तृत छानबीन की जा रही है।

# ओखला लैंडफिल साइट का दौरा कर बायोमाइनिंग के कार्य का निरीक्षण किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** मनजिंदर सिंह सिरसा पर्यावरण एवं वन मंत्री दिल्ली सरकार एवं दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज ओखला स्थित लैंडफिल साइट का दौरा कर वहां चल रहे लीगेसी कचरे के निस्तारण एवं बायोमाइनिंग के कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दक्षिणी दिल्ली से सांसद श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी,मध्य क्षेत्र के उपायुक्त गुरपाल सिंह एवं दिल्ली नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि हम दिल्ली की जनता से वादा करते हैं कि जिस प्रकार से दुनिया से डायनासोर लुप्त हुए थे उसी प्रकार दिल्ली से कूड़े के पहाड़ लुप्त हो जाएंगे और यही सुनिश्चित करने के लिए हम आज ओखला लैंडफिल साइट का निरीक्षण करने आए है कि इस दिशा में तेजी से काम हो।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी के विजन के अनुसार यह काम जल्दी खत्म हो। उन्होंने कहा कि दिसंबर २०२५ तक ओखला लैंडफिल साइट को खत्म करने का लक्ष्य है और अभी २० लाख टन लीगेसी कचरे का निस्तारण किया जाना है और यहां जारी बायोमाइनिंग के कार्य की गति को देखते हुए यह काम ४ महीने में पूरा हो जाना चाहिए। ओखला लैंडफिल साइट के निरीक्षण के दौरान माननीय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने दिल्ली की जनता से विकसित दिल्ली बनाने का वादा किया था जिसे पूरा करने के लिए दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पहले जो दिल्ली कूड़े के पहाड़ों के लिए जानी जाती थी,अब उन कूड़े के पहाड़ों को हटाने के लिए तेजी से काम हो रहा है।

दिल्ली के माननीय महापौर, सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि माननीय मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा एवं माननीय सांसद श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ हमने ओखला लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ओखला लैंडफिल साइट पर ६० लाख टन लीगेसी कचरा था जिसे बायोमाइनिंग करके २० लाख टन पर लाया गया है।



मनजिंदर सिंह सिरसा पर्यावरण एवं वन मंत्री दिल्ली सरकार व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ओखला स्थित लैंडफिल साइट का दौरा के बाद प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए।

# अपराधियों का डाटा खंगालने में मददगार आइसीजेएस सिस्टम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर पिछले वर्ष अपराधियों के डाटा संकलन के लिए शुरू किए गए इंटर-आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आइसीजेएस) के परिणाम अब दिखने लगे हैं। हालांकि, सभी संस्थाओं के पूरी तरह से जुड़ने में दो वर्ष तक का समय लग सकता है मगर शुरुआती परिणाम उत्साहजनक हैं। तिलक नगर थाना पुलिस द्वारा चोरी के मामले में गिरफ्तार अपराधी के पुराने अपराधों की कुंडली खोलने में आइसीजेएस ने सटीक मदद की। चोरी के एक मामले में गिरफ्तार अपराधी के डोजियर को जैसे ही आइसीजेएस पर अपलोड किया गया, मिनटों में फोरेंसिक लैब से आए अलर्ट से उसके दो पुराने मामलों में शामिल होने की जानकारी मिल गई। इसी बदमाश ने २०२३ में सरिता विहार इलाके में ४० लाख और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में ३५ लाख चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इन दोनों मामलों में फोरेंसिक टीम ने मौके से उठाए फिंगर प्रिंट के नमूने अपने सिस्टम में अपलोड कर दिए थे। दोनों थानों की पुलिस अब तक इस अपराधी के बारे में पता नहीं लगा पाई थी। आइसीजेएस से तीन साल बाद दोनों केस सुलझ गए। आइसीजेएस सिस्टम को लाने का मकसद यह है कि सभी संबंधित एजेंसियों को अपराधियों व मुकदमे से संबंधित हर जानकारी आसानी से मिल सके।

# इथियोपियाई प्रतिनिधिमंडल ने विधान सभा का किया दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज एक उच्चस्तरीय ४१-सदस्यीय इथियोपियाई प्रतिनिधिमंडल से विशेष संवाद किया। यह प्रतिनिधिमंडल १२ से १७ मई, २०२५ तक राष्ट्रीय सुशासन केंद्र द्वारा आयोजित "एक सप्ताहीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम" के अंतर्गत भारत यात्रा पर है। इस प्रतिनिधिमंडल में इथियोपिया की यूनियन पार्लियामेंट की उपाध्यक्ष जहरा हुमेद, क्षेत्रीय विधानसभाओं के अध्यक्षगण, राज्य मंत्री, विभागीय सचिव एवं सुरक्षा विभागों के प्रमुख शामिल थे। दिल्ली विधान सभा परिसर में इस प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, ऐतिहासिक विरासत एवं प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारों की जानकारी दी।अपने संबोधन में गुप्ता ने भारत और इथियोपिया के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित करते हुए साझा परंपराओं जैसे समोसा और चाय का उल्लेख किया। उन्होंने दिल्ली विधान सभा द्वारा अपनाई गई प्रमुख पहलों की जानकारी दी, जिसमें राष्ट्रीय ई-विधान अनुप्रयोग (नेवा) के अंतर्गत पेपरलेस कार्यवाही, ५०० किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना जिसके माध्यम से दिल्ली विधानसभा देश की पहली पूर्णतः सौर ऊर्जा चालित विधानसभा बनीहुआ और डिजिटल पुस्तकालय जैसे नवाचार शामिल हैं।

अध्यक्ष ने विधायक-मंत्री सहभागिता तंत्र, जनशिक्षा को बढ़ावा देने हेतु लाइट एंड साउंड शो, और आजादी के आंदोलन से जुड़ी प्रस्तुतियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विधानसभा को एक जीवंत लोकतांत्रिक केंद्र एवं नागरिक जागरूकता के मंच में रूपांतरित किया जा रहा है।

# 'आप' ने एमसीडी को भेजा प्रस्ताव यूजर चार्ज वापस ले भाजपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने गुरुवार को यूजर चार्ज वापस लेने की मांग को लेकर एक प्रस्ताव एमसीडी को भेजा है। उन्होंने कहा कि २१ मई को होने वाले एमसीडी सदन में आम आदमी पार्टी इस प्रस्ताव को पास कराने की कोशिश करेगी। भाजपा यूजर चार्ज तत्काल वापस ले। एमसीडी पहले डोर-टू-डोर कूड़ा उठाए, फिर आवासीय- व्यवसायिक प्रॉपर्टी पर यूजर चार्ज लगाए।भाजपा एमसीडी में मेगा सफाई अभियान चलाने पर भी दिल्ली की सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं कर पाई। दिल्ली के लोग परेशान हैं। उनसे प्रॉपर्टी टैक्स से कहीं ज्यादा यूजर चार्ज वसूला जा रहा है। मेयर राजा इकबाल ने यूजर चार्ज वापस लेने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक वापस नहीं लिया गया। दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने प्रेसवार्ता कर कहा कि दिल्ली के सभी इलाकों में रिहायशी और व्यवसायिक संपत्तियों पर हाल ही में एमसीडी ने यूजर चार्ज लगाया है। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी ने धारा ७४ के तहत एक प्रस्ताव भेजा है। आम आदमी पार्टी की ओर से यह प्रस्ताव २१ मई को होने वाले सदन में पेश करने के लिए रखा गया है। इस प्रस्ताव में हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि सभी रिहायशी और व्यवसायिक संपत्तियों पर लगाए गए यूजर चार्ज नहीं लगने चाहिए। अंकुश नारंग ने कहा कि यूजर चार्ज इसलिए नहीं लगने चाहिए, क्योंकि १२ जोन में मौजूद हमारे कंसेशनरी डोर-टू-डोर कूड़ा नहीं उठाते। ६० से ७० फीसद कूड़ा डोर-टू-डोर उठता है और उसे प्राइवेट लोग उठाते हैं। उन प्राइवेट लोगों को पैसे घर के मालिक या व्यवसाय के मालिक देते हैं।

# बीएस-4 मालवाहकों के दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध से ट्रांसपोर्टर चिंतित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने एक नवंबर से दिल्ली में बीएस-४ वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने का एलान किया है। इससे ट्रांसपोर्टरों की चिंता बढ़ गई है। ट्रांसपोर्टरों का कहना है कि इससे चार लाख से अधिक माल वाहक वाहनों के पहिए थम जाएंगे।

इस मामले को लेकर ट्रांसपोर्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएक्यूएम के सदस्य (तकनीकी) वीरेंद्र शर्मा व उनकी टीम से मुलाकात कर अपनी चिंता जताई। ट्रांसपोर्टरों ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कानूनी रूप से पंजीकृत वाहनों पर रोक को न केवल अनुचित बताया है, बल्कि इसे व्यापार व संचालन के संवैधानिक अधिकार का हनन भी बताया है। इस दौरान प्रतिनिधियों ने साफ किया कि दिल्ली में इन प्रतिबंधों को मनमाने व भेदभावपूर्ण तरीके से लागू किया जा रहा है, जबकि अन्य राज्यों में यही बीएस-४ वाहन बिना किसी रोक-टोक के संचालित किए जा रहे हैं।

ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि अगर वाकई ऐसा लगता है कि दिल्ली में प्रदूषण का मुख्य कारण ट्रक हैं, तो इसका कारण सिर्फ इंजन है। फिर सरकार सीधे प्रतिबंध लगाने के बजाय इंजन बदलने को बढ़ावा या सब्सिडी क्यों नहीं देती? इसी प्रकार, प्रतिबंध के कारण आर्थिक प्रभाव और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान का मुद्दा उठाते हुए ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि परिचालनरत ट्रकों के एक बड़े हिस्से पर रातोंरात प्रतिबंध लगाने से माल-आपूर्ति श्रृंखला गंभीर रूप से बाधित होगी, मुद्रास्फीति बढ़ेगी, रसद में देरी होगी और बड़े पैमाने पर बेरोजगारी होगी। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीन टैक्स का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बाहर से आने वाले ट्रकों पर ही नहीं लगाया जा रहा है, बल्कि हर ट्रक को रोका जा रहा है, चाहे वह कहीं भी पंजीकृत हो। इसी तरह, प्रतिनिधिमंडल ने यह भी याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने डीजल वाहनों को १० साल तक चलने की अनुमति दी है, बशर्ते उनका पंजीकरण वैध हो।



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने श्रमदान-स्वच्छता अभियान के तहत बैक-लेन सफाई अभियान शुरू किया।

# श्रमदान-स्वच्छता अभियान के तहत बैक-लेन सफाई अभियान शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** श्रमदान-स्वच्छता अभियान के तहत, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने आज बागवानी, स्वच्छता, सिविल इंजीनियरिंग, प्रवर्तन और अन्य विभागों के समन्वय से अपने क्षेत्र की सभी बैक-लेन के लिए एक विशिष्ट थीम आधारित सफाई अभियान शुरू किया।श्रमदान-स्वच्छता अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, एनडीएमसी ने पहले ही ०५ मई २०२५ से अपने १४ स्वच्छता सर्किलों में कर्मचारियों, छात्रों और शिक्षकों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन (एमटीए) को शामिल करके रोजाना सुबह ८ बजे से ९ बजे तक शहरव्यापी मेगा स्वच्छता-श्रमदान अभियान शुरू किया हुआ है। सभी वर्गों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री, एनडीएमसी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, परिषद के सदस्यों के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति पहले ही स्वच्छता अभियान में भाग ले चुके हैं। श्रमदान-स्वच्छता अभियान के दौरान, एनडीएमसी ने सड़कों, सर्किलों, गोल चक्करों, पार्क और उद्यानों, अस्पतालों, डिस्पेंसरियों, बिजली सब-स्टेशनों, कार्यालय भवनों, क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ- साथ आवासीय परिसरों, बाजार और व्यावसायिक केंद्रों पर अपने सभी कार्यबल को विशेष अभियान के लिए जुटाया ताकि कचरा, मलबा, प्लास्टिक अपशिष्ट, बागवानी अपशिष्ट, फुटपाथों की मरम्मत और रखरखाव, अंडरपास, सब-वे, स्कूलों, सरकारी भवनों और पूजा स्थलों आदि की सफाई पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।

बैक-लेन सफाई अभियान के तहत, एनडीएमसी बैक-लेन और भवनों के पीछे की तरफ पड़े निर्माण और तोड़फोड़ (सी एंड डी) मलबे पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एनडीएमसी निर्माण और तोड़फोड़ मलबे के उचित निपटान का सभी से आग्रह कर रही है। यह मलबा कई कारकों के कारण है, एनडीएमसी क्षेत्र के निर्माण और मरम्मत स्थलों से हर महीने बड़ी मात्रा में सीएंडडी मलबा निकलता है, जो अनुमानित तौर पर ५००-७०० मीट्रिक टन के बीच होता है।

# सरचार्ज की वापसी का निर्णय स्थाई समिति के पास

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की यह निंदनीय है की निर्वाचित महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह की यूजर्स सरचार्ज रद्द करने की घोषणा के बावजूद आम आदमी पार्टी नेता अंकुश नारंग इसको लेकर पत्रकार सम्मेलन कर रहे हैं।

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने कहा है की कूड़ा उठाने की सारी व्यवस्था दिल्ली में आम आदमी पार्टी के शासन में चरमराई और फिर उन्हीं के कार्यकाल में प्रस्तुत २०२५-२६ के निगम बजट में यूजर्स सरचार्ज लगाया और "आप" के तत्कालीन महापौर ने उस बजट को पास कराया पर सत्ता हाथ से जाते ही "आप" नेता इस पर राजनीति कर रहे हैं। कपूर ने कहा है की भाजपा एवं महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह यूजर्स सरचार्ज वापस लेने को संकल्पबद्ध हैं पर उसमे विलम्ब भी इसलिए हो रहा है क्योंकि 'आप' ने नगर निगम में स्थाई समिति का गठन नही होने दिया।

दिल्ली नगर निगम एक्ट की संवैधानिक व्यवस्था ऐसी है की किसी भी आर्थिक सरचार्ज की वापसी का निर्णय केवल स्थाई समिति ले सकती है जिसे "आप" ने बाधित किया और अब महापौर इसका गठन शीघ्र करवा कर यूजर्स सरचार्ज वापस करवाएंगे।

# मई में ही एक्यूआई 500 पार: आप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा पर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अभी मई का ही महीना चल रहा है, लेकिन दिल्ली का वायु प्रदूषण अपने सभी रिकॉर्ड तोड़ रहा है।

''आप'' सरकार के दौरान मई में कभी भी एक्यूआई इतना खतरनाक नहीं हुआ था। मगर अब भाजपा के राज में मई में ही एक्यूआई ५०० के पार पहुंच चुका है और दिल्ली वालों को जहरीली हवा में सांस लेनी पड़ रही है।

राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने दिल्ली का एक्यूआई ५०० पार पहुंचने पर चिंता जताई और एक्स पर कहा कि मई महीने में ''आप'' सरकार के दौरान दिल्ली का वायु प्रदूषण इतना खराब कभी नहीं रहा। उधर, आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार द्वारा विभिन्न जगहों पर लगाए गए एक्यूआई मॉनिटर स्टेशनों पर डेटा से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

वहीं, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता व पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने मई महीने में ही दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) ५०० पहुंचने पर चार इंजन वाली भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भाजपा की चार इंजन वाली सरकार के चारों इंजन लगातार दिल्ली में धुंआ छोड़ रहे हैं।

# दिल्ली के गौरव को विश्वभर में पहुंचाया जाएगा: कपिल मिश्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में "ब्रांडिंग दिल्ली" पहल के तहत प्रमुख पीआर/मीडिया एजेंसियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

इस बैठक का उद्देश्य दिल्ली को वैश्विक स्तर पर सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए रणनीतियाँ तय करना था। बैठक में विभिन्न प्रचार प्रसार एजेंसियों के प्रतिनिधियों, मीडिया विशेषज्ञों एवं ब्रांडिंग सलाहकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंत्री ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहल केवल एक प्रचार मुहिम नहीं बल्कि दिल्ली की समृद्ध विरासत, विविधता, ऐतिहासिकता और समकालीन संस्कृति को विश्व पटल पर उभारने का एक प्रयास है। यह बैठक "ब्रांडिंग दिल्ली" के तहत भावी रोडमैप तैयार करने के लिए बुलाई गयी थी जिसके जरिए राजधानी दिल्ली को विकसित दिल्ली के साथ ही सांस्कृतिक और पर्यटन हब के रूप में सशक्त किया जाना और साथ ही एक वैश्विक, आधुनिक और समृद्ध राजधानी के रूप में प्रस्तुत करना है। 'ब्रांडिंग दिल्ली' पहल को लेकर कपिल मिश्रा ने कहा कि "दिल्ली की पहचान ऐतिहासिक धरोहरों, कला, संस्कृति और उदार सोच से जुड़ी है। अब समय है कि हम मिलकर एक सशक्त ब्रांड तैयार करें जो दिल्ली के गौरव को विश्वभर में पहुंचाए।दिल्ली सरकार की कोशिश है कि पर्यटन के लिहाज से दिल्ली टूरिस्ट पॉइंट से आगे बढ़कर वैश्विक पर्यटन केंद्र बने, इसलिए दिल्ली के छोटे छोटे दर्शनीय स्थलों की भी बड़े स्तर पर ब्रांडिंग की जरूरत है। देश और विदेश के पर्यटक दिल्ली में ठहरकर विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कर अपना समय व्यतीत करें।" मंत्री ने सभी एजेंसियों से रचनात्मक सुझाव भी आमंत्रित किए और इस अभियान को सहभागी, पारदर्शी और नवोन्मेषी बनाने का आह्वान किया। बैठक में सहभागियों ने ब्रांडिंग के विभिन्न आयामों जैसे डिजिटल मीडिया प्रचार, सांस्कृतिक आयोजनों का वैश्विक प्रदर्शन, अंतरराष्ट्रीय टूरिज्म पार्टनरशिप और समावेशी शहर के छवि निर्माण पर व्यापक चर्चा की।

## पुलिसकर्मियों पर गोली चलाने के दो आरोपी सबूतों के अभाव में बरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** ऑन ड्यूटी पुलिस पर गोली चलाने के मामले में आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए साकेत कोर्ट ने बरी कर दिया। अदालत ने आरोपी तौफीक उर्फ काला और सनी को आरोपमुक्त करार दिया। इसके अलावा दोनों आरोपी पर लगे शस्त्र अधिनियम की धारा २५ व २७ से भी बरी किया है।

सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) विशाल पहुजा ने कहा कि अदालत सुरक्षित रूप से यह निष्कर्ष निकाल सकती है कि अभियोजन पक्ष आरोपियों को दोषी साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश करने में विफल रहा है। ऐसे में अभियोजन पक्ष आरोपियों पर सबूतों के आधार पर अपना मामला साबित नहीं कर सका। आरोपियों को इस मामले में किसी भी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। इसलिए वे संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। अभियोजन पक्ष के अनुसार दोनों आरोपी कई आपराधिक मामले में वांछित थे।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या. 558-Sig-16-M-TENDER-1447 | दिनांक: 14.05.2025 |
| कार्य का नाम तथा स्थान | Signalling वर्क इन कनेक्शन विद एरास्टेशन ऑफ प्लेटफॉर्म नंबर 9 एंड 2 एट एनएवीटी, कंस्ट्रक्शन ऑफ शंटिंग नेक टूवर्ड्स एनडीएलएस एंड टू अकोमोडेट एडिशनल ट्रेन्स एट एनएवीटी बाय प्रोवाइडिंग कनेक्टिविटी बिटवीन 3rd एंड 4th लाइन ऑन डीएलआई एंड जीजेबीडी एंड ऑफ एनएवीटी स्टेशन। |
| कार्य की अनुमानित लागत ₹ 1,04,37,741.77/- | धरोहर राशि ₹ 2,02,200.00/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय। | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 14.05.2025/ निविदा खुलने का दिनांक 04.06.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1424/2025

# पीपीई मॉडल लागू करने के विरोध में अधिवक्ताओं का तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** गुरुवार को तहसील में समस्त अधिवक्ताओं ने किंतु विभाग निबंधन पीपीई मॉडल सार्वजनिक निजी भागीदारी व्यवस्था लागू करने के विरोध में अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय की तालेबंदी कर दी। इसके बाद समस्त अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए धरना दिया और हड़ताल जारी रखने का आहवान किया।

इस मौके पर अधिवक्ताओं का कहना है कि अगर सरकार ने ऐसा किया तो देश भर में हड़ताल की जाएगी। अधिवक्ताओं ने आरोप लगााया कि सरकार द्वारा अधिवक्ताओं को बेरोजगारी की तरफ धकेला जा रहा है। अगर पीपीई मॉडल लागू की गई तो न जाने कितने लोग बेरोजगारी की तरफ चले जाएंगे। तहसील परिसर में तहसील के समस्त अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखकों टाइपिंगो चेंबर के मुनशीओ ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की। सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। अधिवक्ताओं ने नायब तहसीलदार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में सतपाल मान एडवोकेट आनंदपाल तोमर धर्मवीर सिंह तोमर ईश्वर सिंह हिलवाडी वीरेंद्र चौहान विनोद जैन सागर तोमर पवन कुमार एडवोकेट हरेंद्र तोमर अमित वशिष्ट पुष्पेंद्र कुमार प्रदीप कुमार दीपक राठी विनोद मान गुनेन्द्र गुप्ता अश्वनी शर्मा हरिओम शर्मा अश्वनी कुमार सतपाल पवार गुलसहनवर राकेश विश्वकर्मा संतोष शर्मा हेमंत कुमार विकास कुमार एडवोकेट के अलावा काफी संख्या में समस्त अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन में भाग लिया।




# शराब का ठेका खोलने के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** शराब की दुकान एक जगह से दूसरी जगह सिफ्ट होने और नयी शराब नीति के तहत ठेका खुलने को लेकर महिलाओं ने विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया और शराब ठेका आवीसीय क्षैत्र से बाहर खोलने की मांग की है।

रटौल में बस स्टैण्ड के समीप कृष्णा फार्म हाऊस के समीप शराब का ठेका था। नयी शराब नीति के तहत अब शराब की दुकान रटौल ढिकोली मार्ग पर ज्ञानी की दुकान में खोली जानी है जिससे लेकर विरा. ेध शुरू हो गया है। बुधवार को महिला इखटठा होकर शराब ठेके के पास पहुंची और हंगामा किया। वही दुकान मालिक ज्ञानी से दुक. ानों मे शराब की दुकान न खुलवाने की अपील की। महिला रूखसाना ने बताया कि आवासीय क्षेत्र में शराब की दुकान खुलने से युवाओ पर गलत असर पड़ेगा। वही जो लोग शराब पीते वह लोग हंगामा करेगे जिससे समाज पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं ने प्रर्दशन करते हुए उच्च अधिकारियों से शराब की दुकान आवासीय क्षेत्र से बाहर खुलवाने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में जरीना, कमर जहा, नसरीन, शहनाज, अफसाना, आसमा, जायदा आसमा, शहनाज, खुश्बू आदि मौजूद रही।




# नि:शुल्क नेत्र शिविर में की 250 मरीजों के आंखों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बिजरौल गांव में रोटरी इंटरनेशनल की शाखा, रोटरी क्लब बड़ौत की तरफ से, फ्री नेत्र चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया।

यह फ्री शिविर इंट्रेक्ट क्लब ऑफ ब्रूनस्विक, रोटरी क्लब ऑफ प्लेन्सबोरो, नार्थ एंड साउथ ब्रूनस्विक, न्यू जर्सी अमे. रिका के सौजन्य से किया गया। इस शिविर में एडीके जैन हॉस्पिटल, खेकड़ा के चिकित्सक मौजूद रहे। शिविर में करीब 250 मरीजों ने लाभ उठाया। शिविर में नेत्रों की जांच के साथ मोतियाबिंद के ऑपेरशन भी किये गए। साथ ही चश्मा, दवाईयां आदि भी नि:शुल्क दिए गए। सभी के लिए अल्पाहार की भी उचित व्यवस्था की गई थी। रोटरी इंटरनेशनल की बड़ौत शाखा के इमेज चेयरपर्सन प्रभात कुमार जैन के अनुसार रोटरी क्लब सेवा भाव के कार्यो को अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर संचालित करता है।

पोलियो उन्मूलन के अभियान में रोटरी क्लब की मुख्य भूमिका रही है। शिविर में अखिल जैन, गौरव चौधरी, जितेंद्र जैन अधिवक्ता, जितेंद्र जैन नेहरू, संजय जैन मूलचंद, नवीन जैन, अनिल अरोड़ा, आगम जैन आदि मौजूद रहे।

# विकासखंड़ की बैठक में हुए करोड़ों के प्रस्ताव पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुनीता बाल्मिकी ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की एक बैठक आयोजित की गयी। इस मौके पर उपस्थित विभाग के अधिका. रियों द्वारा अपने-अपने विभाग की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। बैठक में क्षेत्र पंचायत खेकड़ा के विकास कार्यो हेतु लगभग 2.5 करोड रू. की लागत के प्रस्ताव प्राप्त हुए। जिसमें तालाब, नाला, नाली, खडंजा, सी.सी. रोड, इन्टरलॉकिगं आदि कार्य कराये जाने है। बैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने प्राप्त प्रस्तावों को सहमति से पास किया गया। इस दौरान प्रमुख ने सदन में उपस्थित समस्त गणमान्य व्यक्तियों एंव क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त किया। बैठक में रविन्द्र कुमार जिला पंचायत सदस्य, कृष्ण कुमार पाण्डेय खण्ड विकास अधिकारी, माया यादव सुपरवाईजर, धीरेन्द्र चौहान अवर अभियन्ता ग्रा अभि वि, सुधीर कुमार तोमर सहायक विकास अधिकारी पं., नितिन त्यागी सहा वि अ आई एस बी, सुनील सिंह तोमर लेखाकार / प्रधान सहायक, ओर. सपाल वरिष्ठ सहायक एंव राज. कुमार बी डी सी, अंकित, महेश कुमार, रचना, सतबीर बी डी सी, प्रवीण कुमार बी डी सी, समशाद बी डी सी, आशीष ग्राम प्रधान खेडकी, हरकरण ग्राम प्रधान अहैडा, प्रवीण कुमार ग्राम प्रधान चौहलदा, मीनू ग्राम प्रधान क्यामपुर, नरेश प्रधान गठीना आदि ग्राम प्रधान एंव अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।





# संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में मृत मिले 15 बंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** भागौट गांव मे एक तालाब में 15 बंदर मृत मिलने से हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान और पुलिस ने मौकें पर पहुंच बंदरो को तालाब से निकाल जमीन मे दफनाया गया। पुलिस मामले की जांच मे जुटी है।

भागौट गांव में गुरुवार को एक तालाब में 15 बंदर संदिग्ध परिस्थितियों मे मृत पड़े हुए मिले जिससे देख हड़कंप मच गया और मौकें पर ग्रामीणों की भीड़ इखट्ठा हो गयी और ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान काशीराम को सूचना दी। वही सूचना मिलते ही धोली प्याऊ पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी। बंदर तालाब में कैसे पहुंचे और बंदरो के मरने के कारण पुलिस जांच मे जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार तालाब के समीप एक मकान का कार्य चल रहा है जहा शौचालय के गढ्ढे मे गिरने की बात गांव मे चर्चा का विषय बनी हुई है। वही पुलिस और ग्राम प्रधान काशीराम ने मृत बंदरो को तालाब से बाहर निकाल गढ्ढे मे दफन कराया।



# पुलिस चौकी से मात्र 300 मीटर की दूरी पर मंदिर में की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत बुढ़ाना मार्ग स्थित काली सिंह मंदिर बामनौली में चोरो ने मंदिर के दानपात्र से 8 हजार रुपए की नगदी लेकर फरार हो गया। घटना पुलिस चौकी से मात्र 300 मीटर की दूरी पर हुई।

मंदिर कमेटी के सदस्य ओंकार सिंह और प्रेमसिंह ने बताया कि चोर गांव का ही रहने वाला है। उन्होंने पुलिस को नामजद शिकायत दी है। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। कमेटी सदस्यों ने बताया कि पिछले तीन सालों में मंदिर में कई बार चोरी हुई है। इन चोरियों में करीब एक लाख रुपए का सामान और नगदी चोरी हो चुकी है। हर बार पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन अब तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि मंदिर परिसर में चोरी नहीं हुई है। कोई व्यक्ति मंदिर में सफाई करने के लिए गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# आर्य समाज और आर्य वीर दल ने भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कस्बा टटीरी में आर्य समाज और आर्य वीर दल द्वारा भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

गुरुवार को करीब दो बजे आर्य समाज के प्रधान सतीश आर्य के नेतृत्व में कस्बा टटीरी में तिरंगा यात्रा निकाली और भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया। तिरंगा यात्रा आर्य समाज से शुरू होकर कस्बा टटीरी के मुख्य मार्गों से मैन बाजार-मंडी से होते हुए आर्य समाज पर ही समाप्त हुई। इस मौके पर आर्य समाज के पूर्व प्रधान सुरेश जिंदल, मंत्री रवि आर्य, आर्य भूषण जिला मंत्री आर्य वीर दल, मनीष जिंदल, राकेश आर्य, तन्नू उप प्रधान, सुनील आर्य, संदीप आर्य, शशि आर्य, प्रमोद आर्य, मास्टर महावीर, मास्टर प्रवीण कश्यप, अमित आर्य आदि मौजूद रहे।



# जन्मदिन पर पौधा रोपण करने का दिलाया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव सिनौली में माँ से दूर रह रहे एक वर्षीय माधव शर्मा के जन्मदिन पर समाजसेवी आर.आर.डी.उपाध्याय एवं डा.मंजूर अली ने पौधा भेंट कर परिवार को उसके प्रत्येक जन्मदिन पर पौधा रोपण करने का संकल्प दिलाया।

जन्म से ढाई महीने बाद से अपने दादा वरिष्ठ समाजसेवी, ओमदत्त शर्मा व दादी बबीता शर्मा के साथ रह रहा। माधव शर्मा की माँ संध्या शर्मा उत्तर प्रदेश पुलिस में हैड कांस्टेबल के रूप में गोरखपुर मे व पिता शिवम् शर्मा उत्तर प्रदेश परिवहन मेरठ परिचालक के रूप में सेवा दे रहे है। ऐसी स्थिति में इस एक वर्षीय मासूम माधव शर्मा को माता-पिता से दूर अपने दादा-दादी के पास रहता है। दादा दादी ही बच्चे माधव शर्मा का बहुत अच्छी प्रकार से लालन पालन कर रहे हैं। एक वर्ष का होने पर परिवार के सदस्यों ने माधव शर्मा का पहला जन्मदिन बड़ी धूम धाम से मनाया। हालाँकि गोरखपुर में चल रही हैड कांस्टेबल की ट्रेनिंग के कारण मा संध्या शर्मा अपने पुत्र माधव के जन्मदिन पर उपस्थित नहीं हो पायी है। माधव शर्मा के जन्मदिन पर पहुँचे समसमाजसेवी आर.आर.डी. उपाध्याय ने कहा माधव बड़ा ही भाग्यशाली बच्चा है, जिसे कर्तव्यनिष्ठ माता-पिता के साथ दादा-दादी का सानिध्य प्राप्त है। संस्कारों से पोषित माधव जैसा बच्चा पर्यावरण से जुड़कर प्रकृति, समाज, राष्ट्र और मानवता के लिए रचनात्मक कार्य करेंगा।

# मंत्री विजय शाह द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे देश की बेटी भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया के प्रति अमर्यादित अशोभनीय टिप्पणी को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी बडौत के अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे जिला मुख्यालय बागपत पर किया आक्रोश पूर्वक विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी बड़ौत शहर अध्यक्ष राम हरि पवार ने कहा कि हमें भारतीय बेटी पर गर्व है। मंत्री विजय शाह अगर ऐसी टिप्पणी करते हैं तो यह बहुत ही गलत है सोच समझ कर बयान देने चाहिए आज देश युद्ध के कगार पर है। सभी पार्टिया विरोध प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान की ओर शब्दों में निंदा कर रही है और मध्य प्रदेश के मंत्री अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं जिस किसी भी कीमत पर कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। उनके खिलाफ नारेबाजी करते हुए आज और विरा. ेध प्रदर्शनकिया गया रविन्द्र तोमर रामकुमार मुखिया देवेन्द्र शर्मा बिजेन्दर शर्मा डा.शुभाष शर्मा औमवीर सिंह निशान्त चोधरी आशु पंडित शिवम कश्यप राकेश चहीराम बंटी बादल कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी औकार दत्त शामिल रहे।



# छेड़छाड़ का फर्जी मुक. दमा दर्ज कराकर व दुकान पर कब्जा करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** छेड़छाड़ का फर्जी मुक. दमा दर्ज कराकर दुकान पर कब्जा करने को लेकर कस्बा टटीरी की आरोपित पक्ष की महिला ने एसपी न्याय की गुहार लगाई।

गुरुवार को करीब साढे 11 बजे कस्बा टटीरी निवासी महिला अर्चना मानव के मुताबिक देवर रो. नित और पति कुणाल अधिवक्ता है और कस्बा टटीरी में उनकी एक दुकान भी है। वह दुकान पर काबिज है। आरोप है कि उनकी दुकान पर कब्जा करने की नीयत से एक महिला ने अपनी दो बेटियों के साथ देवर और पति के विरुद्ध कोतवाली बागपत पर छेड़छाड़ का फर्जी मुक. दमा दर्ज करा दिया। उन्होंने बताया कि महिला ने अपनी दो बेटियों के साथ मिलकर दुकान में रखा टेंट का सामान भी गायब करा दिया। साथ ही बताया कि महिला और उसकी दोनों बेटियां अन्य युवकों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराकर रुपये ऐंठने का भी काम करती है। आरोपित पक्ष की महिला ने अपनी परिवार के साथ एसपी दफ्तर पहुंचकर शिकायत कर केस की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## एक नजर

### गाड़ी पलटनें से तीन युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल के तीन युवक मुरथल होटल पर खाना खाने स्कारपियो गाड़ी मे साथियों सहित गये थे वापस लौटते समय गाड़ी डिवाइडर से टकराने से पलटने के कारण रटौल के तीन युवक घायल हो गये जिन्हें गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रटौल निवासी अबुबकर पुत्र वशीम अपने भाई सद्दाम, दाऊद और अन्य रिश्तेदारों के साथ दिल्ली से हरियाणा मुरथल होटल पर खाना खाने गये थे। वापस लौटते समय स्कारपियो गाड़ी डिवाइडर से टकरा पलट गयी जिसमे रटौल के तीनो युवक घायल हो गये जिन्हें गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### हर शिशु को बिना बाधा मिलेगी जीवन की पहली साँस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला प्रशासन द्वारा नवजात शिशुओं की सुरक्षा एवं जीवनरक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन लिटिल फीट फाउंडेशन तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से साँस पहल को जिले में सक्रिय रूप से लागू किया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य जन्म के समय श्वसन में तकलीफ़ झेल रहे नवजात शिशुओं को त्वरित सहायता प्रदान कर उनकी जान बचाना है। अभियान के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हर नवजात को जन्म के तुरंत बाद जीवन की पहली साँस सही रूप से मिल सके। स्वस्थ शिशु, स्वस्थ भारत के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इस पहल के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला अस्पतालों में चिकित्सकों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात पुनर्जीवन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही आवश्यक उपकरण, जैसे रेससिटेशन बैग, ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। लिटिल फीट फाउंडेशन ज़मीनी स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाएगा, जिसके तहत गर्भवती महिलाओं, आशा कार्यकर्ताओं और समुदाय को नवजात देखभाल एवं सुरक्षित प्रसव संबंधी जानकारी दी जाएगी। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में सहायता मिलेगी। यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी ताकि कोई भी नवजात बच्चा आवश्यक देखभाल से वंचित न रहे। यूनिसेफ की वैश्विक टैगलाइन इस कार्यक्रम के माध्यम से साकार होती दिखाई देगी।

### जिला अस्पताल मे भाकियू नेता ने दवाई को लेकर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला अस्पताल में भाकियू नेता ने दवाई को लेकर हंगामा कर दिया। समझाने के लिए पहुँचे गार्ड से भी नोक झोंक हो गई। शबगा गाँव निवासी भाकियू नेता रामेश्वर ने बताया 60 वर्ष की उम्र मे लाइन मे लगा नहीं जाता। जिला अस्पताल मे भीड़ अधिक थी इसलिए बिना लाइन लगे दवाई लेने जा रहा था। गार्ड ने दवाई लेने से रोक दिया था जिसका भाकियू विरोध करतीं है। फार्मासिस्ट सुशील कुमार ने बताया कि बुजुर्ग रामेश्वर ने दवाई का पर्चा नहीं बनवाया था न ही लाइन मे लग रहें थे। समझाने पर स्वास्थ्य कर्मियों से अभद्र व्यवहार कर रहे थे। फिर भी दवाई दे दी गई।



### ट्रैक्टर मे हुए नुकसान की भरपाई को लेकर ट्रैक्टर चालक पुलिस के सामने ही भिड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के काठा गांव मे हाइवे पर दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाइवे पर तेज गति से जा रहें भूसे से भरे दो ट्रैक्टर आपस मे भीड़ गए जिसमे तीन मजदूरों को मामूली चोट हो गए। ट्रैक्टर मे हुए नुकसान की भरपाई को लेकर ट्रैक्टर चालक पुलिस के सामने ही आपस मे भिड़ गए। इस दौरान मोके पर पहुंची डायल 112 के पुलिसकर्मियों के सामने भी आपस मे मारपीट होती रही। वीडियो बनने पर दोनों पक्ष चले गए।

### उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए 15, 16 व 17 मई को वाणिज्यिक मेगा कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जनपद बागपत के उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए 15, 16 एवं 17 मई को वाणिज्यिक मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा।

विभाग के अधीक्षण अभियंत के पी खान ने बताया कि यह कैंप विद्युत वितरण उपखंड बागपत , के परिसर में आयोजित होगा, जिसमें उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों, नए कनेक्शन, लोड बढ़वाने, मीटर बदलवाने, बिल संशोधन व अन्य वाणिज्यिक समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कैंप सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों को सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भी प्रेषित किया गया है।

# मोबाइल चोरी करने वाले चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा व एनसीआर क्षेत्र के आस-पास लगने वाले साप्ताहिक बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों व घरों से लोगों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक गिरोह के 4 शातिर बदमाशों को पुलिस ने एक सूचना के आधार पर गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 20 एनड्रायड मोबाइल, 4 चाकू तथा 2 मोटर साइकिल बरामद किया है।



एडीसीपी सेंट्रल नोएडा ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मामूरा गांव से मोबा. इल फोन चोरी करने वाले बदमाश बाइक पर सवार होकर चोरी के मोबा. इल फोन बेचने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने बैरियर लगाकर चेकिंग करनी शुरू की। कुछ देर बाद 2 मोटरसाइकिल पर सवार होकर चार बदमाश आते हुए दिखाई दिए, जब पुलिस ने उन्हें रोक. कर तलाशी की तो उनके पास से 20 मोबाइल फोन मिले। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए बदमाशों ने पुलिस को बताया कि यह मोबाइल मामूरा गांव के विभिन्न जगहों से चोरी किया है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों के नाम आकाश पुत्र संजय, प्रशान्त उर्फ जोबलिन पुत्र सत्यपाल, वंश पुत्र प्रमोद तथा अजय उर्फ सिनचौन पुत्र राजे सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है जो नोएडा व एनसीआर के आसपास साप्ताहिक बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों से लोगों का मोबाइल फोन चोरी कर कम दामो में बेचकर मौज-मस्ती करते है।

## भूखंड पर कब्जा करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** बिहार निवासी व्यक्ति द्वारा सुत्याना गांव में खरीदे गए 100 वर्ग गज के भूखंड में से 50 गज हिस्से पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कब्जा करने वाले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से पटना बिहार के रहने वाले राजेंद्र प्रसाद शाह दिल्ली के उत्तम नगर में रहते हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में सुत्याना गांव में 100 वर्ग गज का भूखंड गणेश प्रसाद चौहान से साढे सात लाख रुपये में खरीदा था। उन्होंने कब्जा लेकर भूखंड पर तीन फीट ऊंची दीवार कर दी थी। इसके बाद वह बिहार चले गए। करीब सात महीने बाद वह वापस लौटे तो आधे भूखंड पर भूपेंद्र सिंह का कब्जा मिला। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली की पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर सेवानिवृत्त इंजीनियर से 52 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर सेवानिवृत इंजीनियर से 52 लाख रुपये ठग लिए। आरोपियों ने 12 मार्च से 11 अप्रैल के बीच कुल 16 बार में कई खातों में रकम ट्रांसफर कराई।

साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर दो बैंक खातों में चार लाख रुपये फ्रीज करा दिए हैं। सेक्टर-31 में रहने वाले पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह एक प्राइवेट कंपनी में बतौर इंजीनियर काम करते थे। सेवानिवृत्त होने के बाद वर्तमान में एक स्टार्टअप से बतौर सलाहकार जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि उनको 12 मार्च को एक व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़ा गया।




ग्रुप की डीपी पर एचएसबीसी का लोगो लगा था और नाम एचएसबीसी सिक्योरिटीज लिखा था। ग्रुप में पहले से करीब 100 लोग जुड़े थे। समय-समय पर और लोग भी इस ग्रुप पर जोड़े जा रहे थे। इस ग्रुप पर एनएसई और बीएसई पर स्टॉक पर एकमुश्त डील या आईपीओ में निवेश करने की सलाह दी गई। ग्रुप की एडमिन कथित अदिति अरोड़ा नाम की महिला थी। वहीं, सलाहकार का नाम दीपेश जैन था। जांच करने पर पाया गया कि ग्रुप में एचएसबीसी सिक्योरिटीज का, जो पंजीकरण बताया गया वह दीपेश जैन के नाम पर ही था। यह जानने के बाद उन्हें विश्वास हो गया। दीपेश अक्सर जानकारी देता था कि किस पर निवेश करना चाहिए। ग्रुप पर लोग मुनाफा प्राप्त होने का स्क्रीन शॉट तक डालने लगे। इसके बाद उन्हें और विश्वास हो गया। यही नहीं, इन लोगों ने मुंबई में कार्यालय का पता भी दिया, ताकि पूरी तरह से इन पर विश्वास किया जा सके। पीड़ित ने 16 बार में 52 लाख एक हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## अवैध शराब और गांजे की बिक्री में लिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-63 और थाना फेज-1 पुलिस ने अवैध शराब और गांजे की बिक्री में लिप्त तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं।

थाना सेक्टर-63 पुलिस ने राक. ेश को एफ-404 कंपनी सेक्टर 63, ग्रीन बेल्ट के पास से गिरफ्तार किया। राकेश मूल रूप से फरीदपुर, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) का निवासी है और वर्तमान में गढ़ी चौखंडी, थाना फेज-3, नोएडा में रह रहा था।

अभियुक्त के कब्जे से अरुणाचल प्रदेश मार्का शराब की बोतल बरामद की गई। इस संबंध में थाना सेक्टर 63 में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, थाना फेज-1 पुलिस ने मसाला मार्केट, हरौला नोएडा से नासिक पुत्र समीर आलम को गिरफ्तार किया। अभियुक्त हरौला सेक्टर-5 का निवासी है। उसके कब्जे से विदेशी और देशी शराब की बोतल और ट्रेटा पैक बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ थाना फेज-1 पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में मो. इस्लाम को सेक्टर-8 बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी जेजे. कॉलोनी, सेक्टर-9, नोएडा का निवासी है। उसके कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसके खिलाफ थाना फेज-1 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक. दमा पंजीकृत किया गया है। नोएडा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सघन चेकिंग और छापेमारी अभियान जारी रहेंगे।

# नोएडा में अवैध इमारत पर लिखा- ये बिल्डिंग अवैध

- गढ़ी चौखंडी और बसई में लिया एक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में भूमाफियाओं को चिह्नित और अवैध इमारतों पर ष्ये बिल्डिंग अवैध हैष लिखने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए लाल स्याही का प्रयोग किया जा रहा है।




अब गढ़ी चौखंडी और बसई गांव में 22 इमारतों में लाल स्याही से बिल्डिंग अवैध है लिखा गया है। इसमें दुकान, रिहाइशी इमारत और होटल भी शामिल है। प्राधिकरण ने बताया कि अवैध रूप से लगे वेंडरों को हटा दिया गया है। ये कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाएगी।इन सभी इमारतों पर नोटिस भी चस्पा किए गए है। प्राधिकरण ने कहा ये तो ये खुद इमारतों को ध्वस्त कर ले। अन्यथा प्राधिकरण इनको ध्वस्त भी करेगा और खर्चा भी वसूल करेगा।

बता दे सीईओ लोकेश एम के निर्देश पर सर्किल-1 से 10 तक सभी वरिष्ठ प्रबंधकों ने अपने क्षेत्र में अवैध इमारतों की लिस्टिंग शुरू की है। एक ज्वाइंट सर्वे किया गया है।भूमाफियाओं को किया जा रहा चिह्नित सर्वे में उन अधिसूचित भूखंडों का भी किया जा रहा है जिन पर पहले अवैध निर्माण था। उसे तोड़ा गया और अतिक्रमणकर्ता के खिलाफ एफआईआर कराई गई।सर्वे में यदि इन भूखंडों पर अवैध निर्माण पाया गया या निर्माण होता दिखा तो अतिक्रमण कर्ता को भू माफिया की श्रेणी में डाल दिया जाएगा। इसकी एक रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी।1068 करोड़ की जमीन करा चुके खाली बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आंकी गई है।इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है।

इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 118 मामलों में डीसीपी स्तर पर जांच की जा रही है। इन मामलो में भी जल्द एफआईआर की जाएगी।

## एक नजर

### अश्लील वीडियो वायरल करने वाला पांच वर्ष बाद धरा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस ने जारचा कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी युवक को सोशल मीडिया पर बच्चों के अश्लील वीडियो (चाइल्ड पॉर्न) वायरल करने के मामले में हिरासत में लिया। पुलिस ने दूरसंचार अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि युवक ने करीब पांच वर्ष पहले ये वीडियो अपलोड किए थे। नूरपुर गांव का रहने वाला जान मोहम्मद मजदूरी का कार्य करता है। उसने 20 नवंबर 2020 में अपने मोबाइल फोन से सोशल मीडिया पर छह चाइल्ड पॉर्न वीडियो अपलोड किए। पुलिस साइबर क्राइम मुख्यालय लखनऊ से ऐसी अश्लील साइटों की निगरानी की जा रही थी।

साइबर क्राइम टीम के संज्ञान में वीडियो अपलोड करने का यह प्रकरण आया। इसके बाद जारचा कोतवाली को प्रकरण की जांच के लिए सूचित किया गया। अब जारचा पुलिस ने आरोपी जान मोहम्मद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी शादीशुदा है और पूरे परिवार के साथ गांव में रहता है। पुलिस आरोपी से प्रकरण के बारे में पूछताछ कर रही है।

### जिले में छह डबल डेकर बसें चलेंगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिले में अब दो की बजाए छह डबल डेकर बसें चलेंगी। बुधवार को लखनऊ में हुई बैठक में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंधक निदेशक मासूम अली सरवर ने छह बसें चलाने का निर्देश दिया। 20 मई से पहले मिलने वाली बसों में से दो बॉटनिकल गार्डन से गौड़ सिटी तक चलेंगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि बसें बनकर प्रयागराज में खड़ी हैं। इन्हें कुछ प्रक्रिया पूरी करके नोएडा लाया जाना है। पहले दो बसें गौतमबुद्ध नगर को मिलनी थी, लेकिन बैठक में प्रबंधक निदेशक ने छह बसें चलाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि अब तक की योजना के मुताबिक चार बसें बॉटनिकल गार्डन से ग्रेटर नोएडा के परी चौक तक चलाई जाएंगी। वहीं, दो बसें बॉटनिकल गार्डन से गौड़ सिटी तक चलाई जाएंगी। डबल डेकर बसों से पूरे नोएडा एक्सटेंशन को कवर करने की अभी योजना नहीं है, लेकिन लोगों का अच्छा रुझान मिला तो इस पर भी विचार किया जाएगा। इन बसों का समय और किराया, दो से तीन दिन में निर्धारित कर लिया जाएगा।

### निर्माणाधीन इमारत की 14वीं मंजिल से गिरकर श्रमिक की मौत

**ग्रेटर नोएडा( शाह टाइम्स )।** सेक्टर डेल्टा वन मेट्रो स्टेशन के सामने एक बिल्डर की निर्माणाधीन साइट पर काम करते समय नीचे गिरने से श्रमिक की मौत हो गई। वह इमारत की 14वीं मंजिल पर काम कर रहा था। सूरजपुर कोतवाली पुलिसके मुताबिक मूलरूप से जिला मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाला 46 वर्षीय मानकेश्वर बिल्डर की निर्माणाधीन साइट पर मजदूरी करता था। गुरुवार की सुबह चौदहवीं मंजिल पर काम करने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नीचे जमीन पर आ गिरा। साथी मजदूर मानकेश्वर को अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि घटना के संबंध में मृतक के परिवार को सूचना दी गई है। परिजनों की शिकायत पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। लाप. रवाही का आरोप : इस घटना को लेकर सुभाष भाटी नाम के एक व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सुभाष भाटी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट में उन्होंने भी एक फ्लैट बुक कर रखा है। निर्माण कार्य देखने के दौरान उन्हें श्रमिक की मौत होने की जानकारी मिली। सुभाष भाटी ने बिल्डर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि मजदूर बिना सेफ्टी बेल्ट के ऊंचाई पर काम कर रहा था।

### डीएम ने फ्लैट बायर्स की सुनीं समस्याएं

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में फ्लैट बायर्स की लगातार बिल्डर्स द्वारा रजिस्ट्री न करने की लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के 95 बिल्डर्स की बैठक हुई। इस बैठक में तीनों प्राधिकरणों के प्रतिनिधि तथा अपर जिलाधिकारी (वि. व रा.) अतुल कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबंधन (प्रथम) बीएस वर्मा, सहायक महानिरीक्षक निबंधन (द्वितीय) ब्रिजेश कुमार के साथ जनपद गौतमबुद्धनगर के समस्त उप निबन्धक तथा विहान ग्रीन्स, रतन बिल्डटेक, यमुना बिल्डटेक (मिगसन), एसजेपी होटल्स एण्ड रिसोर्ट्स, महालक्ष्मी इन्फ्राहोम, एजीसी रियल्टी, एटीएस, देविका गोल्ड होम्स, केवीआईआर टावर्स, टेक्नोसिटी अपार्टमेंट, आईआईटीएल निम्बस द एक्सप्रेस पार्क व्यूव, कैपिटल इन्फ्राप्रोजेक्ट्स, रूद्रा बिल्डवेल इन्फ्रा, अरिहन्त इन्फ्रा रियल्टर्स, महागुन माईवुड्स सहित अन्य बिल्डर्स के प्रतिनिधि एवं अनिबन्धित बिल्डर्स फ्लैट के आवंटी शामिल हुए। इस बैठक में जिन बिल्डर्स के प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए उनके विरूद्ध डीएम ने कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डीएम ने 9 मई 2025 तक ओसीसीसी प्राप्त एवं सब लीज डीड की अनुमति प्राप्त नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण के बिल्डर प्रोजेक्ट्स के बकाया समस्त फ्लैट्स की रजिस्ट्री 31 मई, 2025 तक करने के निर्देश दिए।

# ग्रेनो वेस्ट में नहीं पहले बोड़ाकी तक दौड़ेगी मेट्रो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो चलाने की लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन ग्रेनो वेस्ट से पहले ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से लेकर बोड़ाकी तक मेट्रो चलेगी। अगले सप्ताह होने वाली बैठक में केंद्र से मंजूरी मिलते ही इसके निर्माण की तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी। जिले में ग्रेटर नोएडा वेस्ट, बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक तीन नए मेट्रो के रूट पर काम चल रहा है। इनकी डीपीआर भी सरकार को भेजी जा चुकी है। अगले सप्ताह होने वाली केंद्रीय बैठक में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर-142 और ग्रेटर नोएडा डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो के दो प्रोजेक्ट की प्रेजेंटेशन के लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को बुलाया गया है।

लेकिन, ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक मेट्रो चलाने के बारे में कोई चर्चा नहीं है। केंद्र सरकार से इसी महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक होगा। केंद्र की मंजूरी के बाद नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए डिजाइन कंसल्टेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद निर्माण शुरू करने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है। अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। जिले में मेट्रो का यह सबसे छोटा रूट होगा। इस पर करीब 416 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसका बजट पांच सौ करोड़ से कम होने के कारण इसके लिए कैबिनेट से मंजूरी मिलने की भी आवश्यकता नहीं है और इस पर शीघ्र काम प्रारम्भ हो सकेगा। बोड़ाकी रूट को मंजूरी मिलने के बाद अगले एक-दो महीने में कैबिनेट से सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन रूट को भी मंजूरी मिल सकती है। वहीं, अगले चरण में नोएडा से ग्रेनो वेस्ट रूट को मंजूरी मिलेगी।

**काम शुरू होने पर तीन वर्ष में मेट्रो चलने लगेगी:** अधिकारियों ने बताया कि अगर केंद्र सरकार से इस महीने बोड़ाकी रूट को मंजूरी मिल जाती है तो अगले महीने डिजाइन कंसल्टेंट के चयन के लिए आरएफपी जारी कर दी जाएगी। डेढ़-दो महीने में एजेंसी का चयन कर लिया जाएगा। इसके बाद कम से कम अगले चार महीने में एजेंसी प्राथमिक रिपोर्ट दे देगी। इस रिपोर्ट के आधार पर मेट्रो रूट का निर्माण करने के लिए टेंडर जारी कर दिया जाएगा। इस टेंडर में एजेंसियों को आवेदन करने के लिए कम से कम तीन महीने का समय दिया जाएगा। अगर इस टेंडर में एजेंसी का चयन हो जाता है तो अगले दो से तीन महीने में काम शुरू हो जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के हिसाब से काम शुरू होने में करीब एक साल का समय लगेगा। वहीं, काम शुरू होने के बाद इसे पूरा होने में कम से कम तीन साल का समय लगेगा। इस रूट पर मेट्रो चलने के शुरुआती साल में करीब 14 हजार राइडरशिप का अनुमान है। इसके बाद यह राइडरशिप बढ़ती चली जाएगी। बोड़ाकी में रेलवे और बस टर्मिनल भी बनेगा बोड़ाकी में बनने वाला स्टेशन बड़ा मेट्रो स्टेशन होगा। वहीं, यहां पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब बनना है। साथ ही यहां लोगों के ठहरने के लिए होटल भी बनाए जाएंगे।

## रेकी कर घरों में चोरी करने वाला बदमाश मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 थाने की पुलिस ने बुधवार देर रात चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में बदमाश को गिरफ्तार किया। गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। आरोपी राहगीरों से लूटपाट और रेकी कर घरों में चोरी करता था। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि सेक्टर-11 स्थित मदर डेयरी के पास पुलिस की टीम बुधवार रात बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच सेक्टर-56 टी प्वाइंट की तरफ से एक बाइक सवार आता दिखाई दिया। संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रुकने का इशारा किया तो वह बाइक सवार पीछे मुड़कर भागने लगा। इससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गई।

पुलिस ने चेतावनी दी तो बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद घेरकर उसको पकड़ लिया गया। उसकी पहचान चौड़ा गांव निवासी सोनू भारद्वाज के रूप में हुई। उसके कब्जे से चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल बिना नंबर प्लेट की बाइक, एक तमंचा, कारतूस के अलावा सात लाख रुपये के जेवरात बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि बदमाश बाइक से राह चलते लोगों से लूटपाट करता था। साथ हीख् रेकी करके लोगों के घरों में चोरी करता था। बरामद किया गया सामान ठिकाने लगाने जा रहा था। उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। अब तक की जांच में आरा. ेपी के खिलाफ विभिन्न थानों में दस मुकदमे दर्ज मिले हैं, जिसमें एक मुक. दमा एनडीपीएस ऐक्ट के तहत दर्ज है।

# एसीईओ ने चारमूर्ति चौक और शाहबेरी रोड का लिया जायजा

- चार मूर्ति चौक पर अंडरपास का निर्माण तेज करने के निर्देश
- शाहबेरी रोड का काम जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बृहस्पतिवार को ग्रेनो वेस्ट स्थित चार मूर्ति चौक पर निर्माणाधीन अंडरपास और शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया। एसीईओ ने अंडरपास का कार्य तेज करने और शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।



एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सबसे पहले चार मूर्ति चौक पर अंडरपास का जायजा लिया। एसीईओ ने अंडरपास के कार्य की अब तक की प्रगति पर जानकारी प्राप्त की। यह अंडरपास 60 मीटर रोड के पैरलल बन रहा है। उन्होंने गोलचक्कर के दोनों तरफ कार्य को शुरू कराने के लिए सीवर लाइनें और पेड़ों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य शुरू करने में कोई बाधा उत्पन्न न हो। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कार्य तय समय पर पूरा न होने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने ओएसडी अभिषेक पाठक को मौके पर जाकर उद्यान से जुड़े कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए। ओएसडी ने अपनी टीम के साथ मौके पर जाकर उद्यान से जुड़े कार्यों का जायजा लिया और टीम को आवश्यक निर्देश भी दिए। इसके बाद एसीईओ ने गौड़ सिटी से चार मूर्ति की तरफ जाने पर संकरी पुलिया को चौड़ा करने की अनुमति दे दी है। इस पुलिया पर ट्रैफिक जाम लग रहा है। उन्होंने इस काम को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाया जा सके। चार मूर्ति चौक पर अंडरपास के बन जाने से नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के बीच रोजाना सफर करने वालों को राहत मिल जाएगी। इसके बाद एसीईओ न शाहबेरी रोड पर चल रहे काम को भी देखा। शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। दो सप्ताह में इसका कार्य पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि एसीईओ ने कार्य को दो सप्ताह से भी कम समय में पूरा करने का लक्ष्य दिया है। शाहबेरी रोड के चौड़ीकरण से गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा और नोएडा के बीच आवाजाही करने वालों को बड़ी राहत मिल जाएगी। एसीईओ के निरीक्षण के दौरान वर्क सर्किल प्रभारी प्रभात शंकर और प्रबंधक नितीश कुमार भी मौजूद रहे।

## दो युवकों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा में रहने वाले दो युवकों ने मानसिक तनाव के चलते अपने-अपने घरों में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आत्महत्या के कारणों का पता लग रही है। जानकारी के अनुसार थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के अट्टा गांव में रहने वाले एक 23 वर्षीय युवक ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसके परिजनों ने गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि रानू उम्र 23 वर्ष नामक युवक अट्टा गांव में रहता था। उन्होंने बताया कि रात को उसने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया।

# घर बैठे करा सकते है डीएल का नवीनीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** वाहन चालक अब घर बैठे ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण की प्रक्रिया कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें परिवहन विभाग कार्यालय और जनसुविधा केंद्र जाने की जरूरत नहीं है। घर पर ही ऑनलाइन आवेदन के बाद आधार प्रमाणीकरण करके इस प्रक्रिया को लोग पूरा कर सकते हैं। परिवहन विभाग की तमाम सेवाएं ऑनलाइन हैं। इसमें ड्राइविंग लाइसेंस, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र, वाहन पंजीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र, वाहन स्थानांतरण समेत अन्य प्रक्रिया शामिल हैं। इसमें लर्निंग लाइसेंस के बाद ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया भी पूरी तरह से घर बैठे कर दी गई है। एआरटीओ प्रशासन डॉ. सियाराम वर्मा ने कहा कि यदि ड्राइविंग लाइसेंस से आधार संख्या लिंक है तो लोग घर बैठे ही इस प्रक्रिया को कर सकते हैं।

इसमें परिवहन विभाग की वेबसाइट ्.चंतपऔंद.हवअ.पद पर जाकर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करना है। इसके बाद आधार प्रमाणीकरण करके नवीनीकरण की प्रक्रिया को लोग पूरा कर सकते हैं। यदि इसमें कोई समस्या हो रही है तभी परिवहन विभाग कार्यालय या जनसु. विधा पहुंचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आधार प्रमाणीकरण में व्यक्ति अपनी आधार संख्या के साथ अपना नाम, जन्म तिथि, लिंग, पता, या अपने फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन का उपयोग करके अपनी पहचान सत्यापित कर सकते हैं। आधार प्रमाणीकरण से ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति की पहचान सत्यापित होती है।

# डिजिटल अरेस्ट करने वाले दो लोग अरेस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ 39 लाख 16 हजार रुपए की ठगी के मामले में साइबर क्राइम पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मुकेश सक्सेना व अनीस अहमद हुई है। इन दोनों को मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है दोनों सिविल लाइन मुरादाबाद के रहने वाले है।

डीसीपी साइबर प्रीति यादव ने बताया कि 18 मार्च 2025 को थाना साइबर सेल में शिकायत मिली कि एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर उसे मानव तस्करी के नाम पर डराकर 2,39,16,700 रुपए की धोखाधड़ी की गयी।शिकायत मिलते ही संबंधित बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया। मुकेश सक्सेना ने पूछताछ मे बताया गया कि वह जनपद मुरादाबाद में अकाउंट का कार्य करता हैं। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण



उसका संपर्क अनीस अहमद से हुआ। करंट बैंक खाता ठगों को उपलब्ध करवाकर उनसे कमीशन लेता है।

**18 लाख रुपये हुए थे ट्रांसफर:** इसी क्रम में मुकेश सक्सेना के खाते में भी डिजिटल अरेस्ट किए गए पीड़ित के खाते से 18 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे।

जिसको निकालकर इन लोगों ने आपस में बांट लिया। इनके और साथियों की तलाश की जा रही है।डीसीपी ने बताया कि इस मामले में धोखाधड़ी की 6,72,237 रुपए फ्रीज कराए जा चुके है। जिसे रिफंड किया जाएगा।

**दोनों के खातों से संबंधित 33 शिकायत:** पकड़े गए आरोपी अनीस अहमद के बैंक खाते से अब तक 12 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का होना पाया गया।जिसके अंतर्गत एनसीआरपी पोर्टल पर कुल 15 शिकायत जिसमें दिल्ली में एक, झारखंड एक, महाराष्ट्र और पंजाब में एक-एक , राजस्थान में दो , तमिलनाडु में छह तेलंगाना में तीन शिकायत दर्ज है। इसी तरह मुकेश सक्सेना के बैंक खाते से संबंधित 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की जा चुकी है। जिसके अंतर्गत पोर्टल 18 शिकायत मिली।

## स्टेशन पर पुलिसकर्मी से समय पूछा फिर एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन पर एक कंपनी के कर्मचारी ने एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान सिकंदराबाद, बुलंदशहर के खत्रीवाड़ा मोहल्ला निवासी दीपक (24) के रूप में हुई।

दीपक ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार शाम को वह दनकौर रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पर मौजूद एक पुलिसकर्मी से समय पूछा। इसके बाद दिल्ली से लखनऊ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन को देखकर ट्रैक पर लेट गया।पुलिसकर्मी ने उन्हें चिल्लाकर हटने को कहा। लेकिन वह नहीं हटे और ट्रेन की चपेट में आ गए। जीआरपी पुलिस ने बताया कि मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद किया। इसी से उनकी पहचान संभव हो सकी।परिवार के अनुसार दीपक किसी तरह के तनाव में नहीं थे। उनके आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# बेखौफ चोर कार चोरी कर फरार, चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिटी कोतवाली क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद दिखाई दे रहे है। चोरों में न तो पुलिस का कोई खौफ दिखाई दे रहा है न कि क़ानून का कोई डर। चोर बेखौफ होकर चोरी की वारदात को अंजाम देने से नहीं कतरा रहे है।

बुधवार की बीती रात नगर कोतवाली क्षेत्र के रेलवे रोड स्थित पोश कॉलोनी में स्थित घर के बाहर खड़ी कार को अपना निशाना बनाते हुए घर के बाहर खड़ी कार को चोरी कर लिया और फरार हो गए। चोरी की घटना घर के पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत करते हुए चोरों को गिरफ्तार कर कार्रवाई करने की मांग की है। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि संबंधित मामले में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।




## मंदिर में चोरी की वारदात, दान पेटी से पैसे व पीतल का कलश चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** बुधवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सिखेड़ा रोड स्थित शिव मंदिर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने मंदिर का मुख्य दरवाजा तोड़कर भीतर घुसे और दो पीतल के कलश, तीन घंटे तथा तीन दानपेटियों में रखी नकदी लेकर फरार हो गए। पुजारी शिवनाथ ने बताया कि सुबह मंदिर खोलने पहुंचे तो ताले टूटे मिले और सामान गायब था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



## बिजली के तारों में हुआ शॉर्ट सर्किट, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव गालंद में बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट की घटना सामने आई। मैन तिराहे के पास तारों को बदलने का काम चल रहा था। दोपहर में बिजली आपूर्ति बंद हुई। शाम को जब आपूर्ति शुरू हुई, तब तारों में शॉर्ट सर्किट हो गया।

करीब आधे घंटे तक तारों से चिंगा. रियां निकलती रहीं। इस दौरान पूरे गांव की बिजली गुल हो गई। आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना के एक घंटे बाद कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तारों को बदलने का काम शुरू किया। ग्राम प्रधान संजय कोरी ने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली गुल होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिशासी अभियंता मनीष कुमार यादव के अनुसार, वाहन निकलने के कारण तारों में शॉर्ट सर्किट हुआ था। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों द्वारा बिजली आपूर्ति को सुचारू कर दिया गया है।



# छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती से मारपीट, किया दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बहनों को छेड़छाड़ का विरोध करना भारी पड़ गया। छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने पीड़िता के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया और जमकर मारपीट की। जिसमें दोनों बहने गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले तीन दबंग पीड़िता और उसकी बहन के साथ आये दिन आते जाते मौका देखकर तंज कसते थे और अपशब्दों का इस्तेमाल करते थे व छेडखानी करते थे। जब पीड़िता ने इसकी शिकायत दबंगो के परिजनों से की तो इसकी रंजिश मानते हुए मौका पाकर तीनो दबंग घर में घुस आए और पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए जमकर मारपीट की। आरोप है कि शोर मचाने पर पीड़िता की बहन उसे बचाने आयी तो दबंगो ने घर मे रखी थपकी व ईट से दोनों के साथ जमकर मारपीट की। जिसमे दोनों बहने गंभीर रूप से घायल हो गईं। आरोप है कि आसपास के लोगों को इकठ्ठा होता देख तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। गुरुवार को पीड़िता ने अपनी बहन के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।



# जिलाधिकारी ने नगर पालिका के सभासदों के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बृहस्पतिवार को जिला. धिकारी अभिषेक पांडे ने नगर पालिका परिषद के सभागार नगर पालिका परिषद के सभी वार्ड सभासदों के साथ बैठक की गई। उन्होंने सभासदों से उनके क्षेत्र के अंतर्गत नाली व पानी की जो भी समस्या है उसको दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन वार्डों में नाली नहीं बनी है उनका जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए एवं वार्डों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। जिलाधिकारी ने सभासदों से कहा कि जिन मोहल्लो में पानी की समस्या है उसको 15 दिन के अंदर ठीक कराना सुनिश्चित करें तथा सभी टयूबवेल को ठीक करा कर उनका सूचकांक भी करना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर पालिका परिषद हापुड़ अध्यक्ष पुष्पा देवी, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, उप जिलाधिकारी सदर ईला प्रकाश, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित संबंधित अधिकारी एवं वार्डो के सभासद उपस्थित रहे।



# पुलिस ने शराब के ठेके पर हंगामा करने वाले आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर में शराब के ठेके पर गाली-गलौच करते हुए हंगामा करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर में शराब ठेका पर गाली-गलौच करते हुए हंगामा करने वाले आरा. पी सन्जू पुत्र साहब सिंह निवासी ग्राम शेखपुर थाना बाबूगढ जनपद हापुड़ को ग्राम शेखपुर शराब ठेके के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।




# जिलाधिकारी ने जन चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बृहस्पतिवार को जिला. धिकारी अभिषेक पांडेय के द्वारा ग्राम जसरूपनगर दस्तोई रोड में जन चौपाल के माध्यम से ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना गया।

जिलाधिकारी ग्राम जसरूप नगर एवं ग्राम गोयना के ग्राम वासियों की एक साथ जन चौपाल में समस्याएं सुनी। ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उनके यहां पर बिजली, पानी , जल निकासी, टूटी सडके आदि की बहुत समस्याएं हैं। जिलाधिकारी ने ग्राम वासियों की समस्याओं को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए की जन चौपाल में ग्राम वासियों द्वारा जो भी समस्याएं रखी गई है उनका दो सप्ताह के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।



## एक नजर

### नाली सफाई के दौरान महिलाओं में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आलमपुर में मंगलवार सुबह नाली की सफाई के दौरान पड़ोसियों ने एक महिला और उसकी बेटी से मारपीट कर दी। इस दौरान एक आरोपी ने लड़की को ईंट मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में ग्राम आलमपुर निवासी सावित्री ने बताया कि वह गरीब मजदूर महिला है। उनके पड़ोसी ने अपने मकान की नाली ऊंची बना ली है, जिससे उसकी नाली का पानी रुक गया है। मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे वह अपनी बेटी के साथ नाली की सफाई कर रही थी। तभी विरोध करने पर तीन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान एक ने पास से ईंट उठाकर निधि को मार दी, जिससे उसे गंभीर चोट आई। उन्होंने बताया आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता अपनी घायल बेटी के साथ कोतवाली पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घायल का मेडिकल कराया गया है, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अपहरण के मामले में चार के किए शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बुधवार की रात को मेरठ मार्ग से चलती बस के सामने कार लगाने के बाद चालक के अपहरण के मामला पुलिस की जांच में आपस के विवाद का पाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को गिरफ्तार करने के बाद शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

बता दे कि बुधवार को दिल्ली से वाया मेरठ से बिलारी के लिए जा रही प्राइवेट बस के सामने कार सवार युवकों ने कार लगाकर चालक अदनान को अपने साथ ले ग थे। इस दौरान यात्रियों ने हंगामा भी किया था। अपहरण की सूचना पर पुलिस में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने मामले की जांच की तो जांच में पाया गया है कि दोनों पक्षों के बीच बसों के रूट को लेकर विवाद चल रहा है, जिसके चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को गिरफ्तार करने के बाद शांति भंग में चालान कर दिया गया है।

### बहन और बहनोई पर मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ के चित्तौड़ा निवासी फराहना ने बताया कि उसकी बहन अपने पति के साथ घर पर आई थी। घर आने के बाद उसकी बहन ने उसके उधार रुपये मांगे। रुपये न होने पर पीड़िता ने मना कर दिया। उसके बाद उसकी बहन ने उसके साथ गाली गलौज कर पिटाई कर दी। उसके बाद उस पर पर्स से गहने चोरी करने का झूठा आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर बहन बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फराज अहमद ने टेक्नो स्किल 2025 प्रतियोगिता में किया तृतीय स्थान प्राप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बृहस्पतिवार को मोनाड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग चतुर्थ सेमेस्टर के मेधावी छात्र फराज अहमद ने ग्रेटर नोएडा स्थित जीएनआईओटी में आयोजित टेक्नो स्किल 2025 प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के कुल 6 छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवि के प्रतिकुलाधिपति डा. एन के सिंह, कुलपति डा. एम जावेद, कुलसचिव कर्नल डी.पी सिंह, उपकुलपति प्रशासनिक प्रो. योगेश पाल सिंह, उपकुलपति अकादमिक डा. जयदीप कुमार, उपकुलपति प्रवेश रोहित शर्मा ने छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में समन्वयक के रूप में वि वि के सिविल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष मोहम्मद आमिर का विशेष योगदान रहा, इन्होंने इस प्रतियोगिता की तैयारी में छात्रों को निरंतर समर्थन देते हुये उनका सफल मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर वि वि के कुलपति ने कहा कि यह उपलब्धि वि वि के तकनीकी शिक्षण की गुणवत्ता और छात्रों की निरंतर मेहनत का प्रतिफल है। वि वि ऐसे होनहार विद्यार्थियों को आगे भी हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा। इस अवसर पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संकायाध्यक्ष विकास त्यागी सहित सभी शिक्षकों ने भी छात्र फराज अहमद और अन्य प्रतिभागियों को इस शानदार उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दीं।



# चोरी की बाइकों के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना सिंभावली पुलिस ने तीन चोर चोरी की हुई दो बाइक के साथ पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेजे।

जानकारी के अनुसार सिंभावली पुलिस टीम मध्य गंग नहर पटरी पर स्थित गांव बड्डा चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे, इसी दौरान दो बाइक पर तीन युवक आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें रोका गया और जिनके पास से दो चोरी की बाइक बरामद हुई है। थाना अध्यक्ष सुमित तोमर ने बताया कि देर शाम को पुलिस मध्यगंग नहर पटरी पर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो बाइक पर तीन युवक आते दिखाई दिए जिन्हें रोक कर चेक किया तो इस दौरान उनके पास दो चोरी की बाइक स्प्लेंडर बरामद हुई हैं। जिन्होंने पूछताछ के दौरान अपना नाम शिवकुमार थाना क्षेत्र के गांव नियाजपुर खय्या, वहीं दूसरे युवक ने तनुज निवासी मोहम्मदपुर खुडलिया व रमनदीप निवासी रेलवे रोड सिंभावली बताया जिन्हें मान्य न्यायालय द्वारा पेश कर जेल भेज दिया गया है।




# अक्षित त्यागी ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया जनपद का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बृहस्पतिवार को एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला पीडब्ल्यू ने अपने छात्र अक्षित त्यागी की सफलता का अभिनंदन किया, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा-2025 में 98.6 प्रतिशत अंक 500 में से 493 प्राप्त किए हैं। जनपद के गांव पीर नगर निवासी अक्षित ने गणित में पूरे 100 अंक हासिल किए, साथ ही अपने पसंदीदा विषय कंप्यूटर साइंस में 99 अंक प्राप्त किए।

पीडब्ल्यू के शिक्षक, संस्थापक और सीईओ आलख पांडे ने कहा, अक्षित का परिणाम नियमित मेहनत और सही संसाधनों की अहमियत का उदाहरण है। पीडब्ल्यू में हमारा उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि हम छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों तक पहुँचने में मदद करें, उन्हें वे सभी संसाधन और समर्थन दें, जिनकी उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए ज़रूरत है। अक्षित ने कहा, स्कूल के शिक्षकों ने मुझे परीक्षा कैसे लिखनी है यह सिखाया, लेकिन पीडब्ल्यू के सलीम सर और अन्य शिक्षकों ने मुझे कॉन्सेप्चुअल क्लैरिटी दी, जिससे मुझे विशेष रूप से फिजिक्स और मैथ्स में एप्लिकेशन-बेस्ड सवालों को हल करने में मदद मिली। अब मैं एडवांस्ड परीक्षा क्रैक करना चाहता हूँ, ताकि आईआईटी में चयन हो सके। आईआईटी दिल्ली के कैंपस में कंप्यूटर साइंस पढ़ना मेरे लिए एक सपना सच होने जैसा होगा। इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में 16 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया। अक्षित का प्रदर्शन उसे उन छात्रों में शामिल करता है, जिन्होंने उच्च अंक हासिल किए, और यह ऑनलाइन लर्निंग के शैक्षिक तैयारी में बढ़ते हुए योगदान का एक उदाहरण भी है।



# चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वीं पुण्यतिथि मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** किसानों के मसीहा बाबा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की 14 वीं पुण्यतिथि देहरा कुटी किसान कैंप कार्यालय पर मनाई गई। पुण्यतिथि के अवसर पर हवन प्रसाद वितरण, बड़ी संख्या में रक्तदान भी किसानों ने किया। जल जंगल जमीन बचाओ को लेकर 501 पौधे किसानों को वितरित किए गए।

इस अवसर पर दर्जनों रिटायर्ड फौजियों को महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बबली सिंह मेरठ मंडल महासचिव दिनेश त्यागी युवा मंडल अध्यक्ष चौहान मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी नवनियुक्त मंडल संगठन मंत्री राजकुमार त्यागी उर्फ भूलन भैया रणवीर चौधरी सर्वेश प्रधान ब्रह्मपाल प्रधान मयंक चौहान विकास चौहान मनोज प्रधान मोहित चौहान सुनील चौहान अमरदीप मास्टर सेवाराम बिट्टू प्रधान भूपेंद्र चौधरी अनुज बाबूजी दीपक यादव मंसाराम चौहान अमित चौहान मनोज त्यागी नरेंद्र त्यागी ठाकुर भानु प्रताप अंकित बाबूजी प्रशांत चौहान नितिन चौहान मांगेराम चौहान शिव भाटी रणधीर प्रधान कपिल आलमनगर भूपेंद्र भागलपुर सहित कई सो की संख्या में किसान एवं जवान उपस्थित रहे।



आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

चांद मियां
जिला प्रभारी, शाह टाइम्स
जनपद हापुड़
मो. 9897823485, 9927631162
जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# बच्चा पार्क से बेगमपुल तक निकली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन का वंदन-अभिनंदन करने के लिए गुरुवार को मेरठ शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली बच्चा पार्क से शुरू होकर शहर में होते हुए भारत माता चौक (बेगमपुल) पर समाप्त हुई। इस तिरंगा यात्रा में शहर के डाक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, शिक्षक, उद्यमी, व्यापारी, किसान, युवा, महिला आदि सभी वर्ग शामिल थे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी ने तिरंगा यात्रा में शामिल होकर राष्ट्रीय एकात्मकता का प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि पश्चिम क्षेत्र में 15, 16 और 17 मई को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। मेरठ में 15 मई को तिरंगा यात्रा निकाली गई इसमें भाजपा के मेरठ निवासी प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारी, सभी जनप्रति. निधि और कार्यकर्ता भी शामिल हुए। समाज के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ दिखाए गए भारतीय सेना के शौर्य का अभिनंदन किया गया। तिरंगा यात्रा में शामिल होने दूर-दूर से लोग बच्चा पार्क पर एकत्र हुए थे। सभी लोगों में यात्रा में शामिल होने की होड़ देखते नहीं बन रही थी। तिरंगा यात्रा में सभी ने भारत माता की जयकारों से सड़क को भर दिया। इस दौरान सभी वर्ग के लोगों में देश की सेना की प्रशंसा की है।



## आज विकास भवन में महिला आयोग की अध्यक्ष करेंगी महिला जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग प्रत्येक महिला के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके विषयों को जमीनी स्तर पर संबोधित करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, आयोग राष्ट्रीय महिला आयोग-आपके द्वार नामक एक जनसुनवाई का आयोजन कर रहा है। इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं से संबंधित लंबित मामलों का समाधान करना है। शुक्रवार को 12 बजे से विकास भवन सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसमें अध्यक्ष विजया रहाटकर उपस्थित होकर महिलाओं की समस्या सुनेंगी।

## मकान के आगे बच्चे के बैठने को लेकर मारपीट, महिला का हाथ तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन कालोनी की रहने वाली आयशा का 10 वर्षीय बेटा सुभान आयशा के मकान के सामने रहने वाले सोनू के घर के आगे पत्थर पर बैठ गया था। आरोप है कि जिसको लेकर सोनू ने सुभान को गाली गलौज करने शुरू कर दिया जब सुभान को गाली बकता देख मां आयशा ने इसका विरोध किया तो सोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर आयशा के साथ जमकर मारपीट की। आयशा को बचाने आई मकान मालकिन और उसके पिता के साथ भी मारपीट की गई वहीं आयशा का आरोप है कि इस दौरान उसका हाथ तोड़ दिया गया। फिलहाल आयशा ने सोनू और उसके साथियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है थाना पुलिस मामले में जांच के बाद कार्यवाही की बात कह रही है। वहीं पुलिस ने महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास तेज कर दिया है।



## किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर किया रक्तदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** सरधना रोड स्थित इंडियन बैंक शाखा के पास किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के सौजन्य से लाइफ लाइन चैरिटेबल ब्लड सेंटर का कैंप लगाकर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सभी पदाधिकारियों, सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। किसानों ने कहा कि महेन्द्र टिकैत ने हमेशा किसानों के हित की लड़ाई लड़ी है। वह किसान की समस्याओं को अधिकारी के पास ले जाकर उसका निस्तारण कराते थे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अनुज पंडित, एनसीआर मीडिया प्रभारी विपिन शर्मा, गौरव त्यागी जिलाध्यक्ष,नीरज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष, अमित तेवतिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. अनिल कुमार महासचिव, संदीप ठाकुर जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार जिला मंत्री, सुमित ब्लॉक अध्यक्ष, वसीम आदि मौजूद रहे।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी

### हमारी सेना और बेटियों का सम्मान सर्वोपरि: जिलाध्यक्ष गौरव भाटी

**■ भाजपा मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी, मेरठ के जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन थाने पहुंच कर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ शिकायत की। इसके पहले जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता धन सिंह कोतवाल की प्रतिमा पर एकत्र होकर कर्नल सोफिया कुरैशी के चित्र पर दूध अभिषेक कर उन्हें राष्ट्र का गौरव बताया। वहां से सभी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए सिविल लाइन थाने पहुंचे।

गौरव भाटी ने शिकायत में कहा कि मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का बयान न केवल कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान है, बल्कि यह भारतीय सेना, देश की एकता और नारी सम्मान पर सीधा हमला है। बीजेपी की यह मानसि. कता एक बार फिर उजागर हुई है, जो हमेशा से ही महिलाओं और सेना के सम्मान के खिलाफ रही है। गौरव भाटी ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगी और कानूनी व लोकतांत्रिक तरीके से इस लड़ाई को अंजाम तक ले जाएगी। हमारी सेना और हमारी बेटियों का सम्मान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिकायत करने में मुख्य रूप से नसीम कुरैशी, सतीश शर्मा, उदयवीर त्यागी, वसी अहमद रिजवी, सपना सोम, जगदीश शर्मा, विजय चिकारा, देशपाल गुर्जर, सत्यप्रकाश शर्मा, राकेश कुशवाहा, मनीन्द्र सूद वाल्मीकि, सुशीला को. हली, राहिला खान, अवनीश पवार, इरशाद पहलवान, इकराम कुरैशी, नसीम सैफी, अजय शर्मा, रोहताश भैया, फैज महमूद, अनिल अरोड़ा, मासूम अजगर, कामेश रतन, सलीम अल्वी, ताहिर अंसारी, हाशिम अंसारी, जुबेर कुरैशी, हाजी शबनूर आदि मौजूद रहे।

## पिल्लोखड़ी चौकी में नाबालिग को अवैध हिरासत में बैठाने की शिकायत

### अधिकारियो के हस्तक्षेप के बाद मचा हड़कंप, पुलिस ने छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक मामला सामने आया है जहां मकान में पिता के पैसे लेनदेन के विवाद में एक नाबालिक बच्चों को अवैध हिरासत में चौकी मैं बैठा लिया, बच्चे के परि. जनों ने पिल्लो खड़ी चौकी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बच्चे को छोड़ने के नाम पर पुलिस ने पैसों की मांग कर दी। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने पिल्लोखड़ी चौकी पहुंच कर बताया कि पुलिस ने पिता के पैसे के लेनदेन के विवाद में उसके नाबालिग बेटे को उठा लिया। पुलिस ने उसे पूरे दिन अवैध हिरास्त में रखा और समझौते का दबाव बनाती रही आरोप है कि समझौता न होने पर पुलिस ने किशोर को छोड़ने के नाम पर पैसों की मांग की। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने डीआईजी और एसएसपी से मामले की शिकायत की दोनों अधिकारियों का फोन आते ही चौकी पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस ने किशोर को चौकी से छोड़ दिया। वहीं किशोर की मां का आरोप है कि पुलिस ने उसके बेटे के साथ मारपीट भी की है। लिसाड़ी गेट क्षेत्र के शालीमार गार्डन के रहने वाले इरफान का मजीद नगर निवासी फुरकान से 11 लाख रुपए के लेनदेन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते फुरकान ने चौकी पुलिस से सेटिंग कर इरफान के खिलाफ तहरीर दे दी। तहरीर मिलने के बाद चौकी पुलिस इरफान के घर पहुंची वहां पुलिस को इरफान तो नहीं मिला जिसके चलते पुलिस ने इरफान के 17 साल के बेटे फैजान को अवैध हिरासत में ले लिया। आरा. प है कि पुलिस ने उसे पूरे दिन अवैध हिरासत में चौकी पर बैठाते हुए टॉर्चर किया और उसके परिवार वालों पर समझौते का दबाव बनाया। फैजान की मां अफसाना का आरोप है कि जब उसने मामले में समझौते से इंकार कर दिया तो पुलिस उसके बेटे को छोड़ने के नाम पर पैसों की मांग करने लगी। जिसके बाद अफसाना ने अधिकारियों से शिकायत कर दी। एसएसपी और डीआईजी का फोन पहुंचते ही पुलिस ने उसे छोड़ दिया।

# किसानों ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत को दी श्रद्धांजलि

### भाकियू अराजनैतिक के तीन वर्ष पूरे होने पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत जी की पुण्यतिथि तथा भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कमिश्नरी पार्क में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक रहे। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी महकर सिंह दबथुवा व संचालन विशेष प्रधान समसपुर ने किया। चौधरी धर्मेंद्र मलिक ने कहा अगर देश को बचाना है तो किसानों को बचाना होगा अगर किसान बचा रहेगा तो देश बचा रहेगा। बॉर्डर पर भी किसान के बच्चे ही रक्षा कर रहे हैं और किसान अपने खेत में काम करके देश का पेट भर रहा है। सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे और स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकेत साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कालू प्रधान, आकाश सिरोही, सोहित चौधरी, अभिलाष हुडा, विवेक चौधरी, सानी चौधरी, विशेष प्रधान, अमित ढाका, विशाल राणा, शोभित चौहान, नीरज राठी, फरमान कमालपुर, वीरपाल दबथुवा, केशव महाशय, सोनू धाम, आदित्य धाम, बिट्टू तिगरी, गुटरू सचिन करनावल, भगत सिंह, शुभम चौधरी, रोहित चौधरी, मोनू अध्यक्ष, मोहित संधू आदि काफी संख्या में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अवैध मिट्टी से भरी चार टॉली पकड़कर किया सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर बांगर के जंगल से अवैध खनन करते हुए चार ट्रैक्टर ट्रॉली को मिट्टी से भरी हुई पकड़कर थाने में सीज कर दिया है।

इससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बता दे कि थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर बांगर व इकला रसूलपुर खजूरी के जंगल में नगर निवासी एक खनन माफिया काफी समय से खनन कर धरती का सीना चीर रहा था इसकी लोगों ने अनेकों बार थाना पुलिस और उच्च अधिकारियों से शिकायत की मगर उसके खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई। बुधवार रात जिला खनन अधिकारी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने खानपुर बांगर के जंगल से चार ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी से भरे हुए पकड़ लिए तथा मौके पर थाना पुलिस को बुलाकर उसके हवाले कर सीज कर दिए। वहीं पकड़े गए ट्रैक्टरों पर नंबर भी अंकित नहीं है जो संदिग्ध लग रहे हैं जिनकी जांच होनी चाहिए। खनन विभाग की कार्यवाही से खनन माफिया में हड़कंप मचा हुआ है।

# कैंप लगाकर कॉलेज की दीवार पर मतदाता सूची की गई चस्पा

### एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन की प्रबंध समिति चुनाव, नामित चुनाव अधिकारी ने चस्पा कराई सूची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन चुनाव को लेकर नामित चुनाव अधिकारी ने कॉलेज की बाहरी दीवार पर मतदाता सूची चस्पा कराई। चुनाव अधिकारी ने कॉलेज में चल रही परीक्षाओं के मद्देनजर परिसर के भीतर सूची चस्पा नहीं करने की बात कही। मतदाताओं ने बड़ी संख्या में वहां पहुंचकर अपने नाम देखे। चुनाव अधिकारी ने प्रबंध समिति सचिव द्वारा उन्हें चुनाव प्रक्रिया के बीच में इस पद से हटाए जाने संबंधी पत्र जारी करने को अवैध करार देते हुए इसकी जानकारी लिखित रूप से डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म सोसायटीज एवं चिट्स को दी है।



#### समिति सचिव ने मनोनीत किया था चुनाव अधिकारी

गौरतलब है कि एएस डिग्री कॉलेज एसोसियेशन की प्रबंध समिति सचिव दीपक कुमार ने पिछले माह की 9 तारीख को नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी विनोद गुप्ता को समिति चुनाव में चुनाव अधिकारी मनोनीत किया था और प्रबंध समिति का कार्यकाल भी समाप्त हो गया था। उसके बाद 30 अप्रैल को चुनाव अधिकारी ने चुनाव की तारीख 25 मई को करते हुए नामांकन आदि का कार्यक्रम घोषित कर दिया था।

#### समिति सचिव ने मारा पलटा, हटाने का पत्र किया जारी

फिर अचानक से ऐसा क्या हुआ कि कालातीत हुई समिति के सचिव दीपक कुमार ने चुनाव प्रक्रिया के बीच में 12 मई को चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता को पत्र जारी करते हुए उन्हें पद से हटाने व चुनाव स्थगित करने की बात कही। समिति सचिव द्वारा जारी पत्र में विवि द्वारा दिए गए पत्र के कुछ बिंदुओं का हवाला भी दिया गया। जबकि साल 2022 में भी विनोद गुप्ता ने ही चुनाव अधिकारी के रूप में समिति का चुनाव सकुशल संपन्न कराया था। इसे लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं।

#### वोटर लिस्ट कराई चस्पा, डिप्टी रजिस्ट्रार को लिखा पत्र

अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने दोपहर एक बजे कॉलेज पर पहुंचकर उसकी बाहरी दीवार पर मतदाता सूची चस्पा कराई। चुनाव अधिकारी ने बताया कि कुल 5318 मतदाता चुनाव में अपनी सहभागिता निभाएंगे। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव संपन्न होंगे। चुनाव प्रक्रिया के बीच से उन्हें पद से हटाने का पत्र जारी करना पूरी तरह गैर कानूनी व नियमविरुद्ध है। सोसायटी एक्ट एवं समिति के बॉयलॉज में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। कालातीत समिति के सचिव ने ऐसा कर चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया है।

## कल एमआईईटी में होगा दीक्षांत समारोह

### एकेटीयू कुलपति प्रो. जे.पी. पांडे करेंगे डिग्री वितरण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एमआईईटी में 17 मई को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर डॉ. जे.पी. पांडे करेंगे। इस अवसर पर कुल 1156 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी।

यह जानकारी संस्थान में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान डायरेक्टर डॉ. संजय कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बीटेक 2024 पास आउट बैच के 791, बी.फार्मा के 73, एमबीए के 166, एमसीए के 97, एम. टेक के 8 और एम. फार्मा के 21 विद्यार्थियों को डिग्री दी जाएगी। रजिस्ट्रार शिव पूजन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न पाठयक्रमों के टॉप तीन विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। बीटेक की 13 ब्रांचों सहित बी.फार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक और एमफार्मा के मेधावी विद्यार्थियों को यह सम्मान दिया जाएगा। बीटेक कंप्यूटर साइंस - डाटा साइंस की छात्र झलक जैन को एकेटीयू यूनिवर्सिटी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चांसलर अवार्ड और गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जाएगा। प्रेसवार्ता में जानक. ारी देने वालो में मीडिया प्रभारी अजय चौधरी, डीन डॉ. संजीव सिंह, मोहन सहित संस्थान के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुभारती अस्पताल में गामा कैमरा मरीजों के लिए बना वरदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गामा कैमरा सटीक निदान और बेहतर इलाज में मददगार है। कैमरे की मदद से बीमारी की स्थिति को समझने के साथ रोग का प्रारंभिक व स्पष्ट निदान मिलता है। गामा कैमरा से कैंसर, थायराइड, हृदय रोग, किडनी फंक्शन, हड्डी की समस्याओं आदि का प्रारंभिक और स्पष्ट निदान मिलता है। इसके माध्यम से रोग शुरू होने से पहले ही पता चल जाता है, कि शरीर का कौन सा अंग कितना खराब है और कैसे काम कर रहा है। अगर किसी रोगी की किडनी खराब हो जाए, तो उसकी बेहतर स्थिति पता करने में गामा कैमरा सबसे मददगार है।



इससे यह पता लगाया जा सकता है, कि किडनी कितनी खराब है और इसको निकाला जा सकता है या फिर उपचार के माध्यम से ही ठीक हो सकती है। इसलिए गामा कैमरा रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। गामा कैमरा की सुविधा मेरठ सहित आस पास के क्षेत्र में सुभारती अस्पताल में उपलब्ध है। स्वास्थ्य का सही मूल्य वही जानता है, जिसने किसी बीमारी से लड़ाई लड़ी हो। मेरठ और आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए खुशखबरी है। अब छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल में अत्याधुनिक गामा कैमरा की सुविधा उपलब्ध है, जो आपको समय पर और सटीक डायग्नोसिस दिलाने में मदद करेगी। सुभारती अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति ने बताया कि गामा कैमरा एक उन्नत मेडिकल इमेजिंग डिवाइस है, जो न्यूक्लियर मेडिसिन तकनीक का उपयोग करके शरीर के आंतरिक अंगों की गतिविधियों को दिखाता है। यह डिवाइस शरीर में इंजेक्ट की गई रेडियोधर्मी दवा से निकलने वाली गामा किरणों को पकड़ कर इमेज बनाता है। इससे डायग्नोसिस इमेज के माध्यम से डाक्टर बीमारी की स्थिति को समझ कर बेहतर इलाज कर सकते हैं। डॉ. कृष्णा मूर्ति ने विशेष बताया कि सुभारती अस्पताल उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली एनसीआर का विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अग्रणी अस्पताल है। जिसमें अनुभवी डाक्टर और टेक्निकल स्टाफ 24 घण्टे प्रतिबद्धता से चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर रहे है।

## देसी बंदूक व तीन कारतूस के साथ युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक देसी बंदूक व तीन कारतूसों के साथ एक व्यक्ति को पकड़कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह आसिफाबाद चौकी प्रभारी रजनीक. ांत पुलिस स्टाफ के साथ आसिफाबाद चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे तभी संदिग्ध लगने पर रंजीत पुत्र सुखदेव निवासी चादरा फॉर्म थाना धनोरा मंडी जनपद अमरोहा की तलाशी लेने पर उसके पास से एक सिंगल देसी बंदूक 12 बोर व तीन जिंदा कारतूस के साथ पकड़कर शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



## लालकुर्ती पुलिस की नाक के नीचे चल रहा था सट्टे का कारोबार, एसपी सिटी ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लालकुर्ती पैठ बाजार चौकी से चंद कदमों की दूरी पर शाम के समय ही सट्टे के दांव लगने शुरू हो जाते है। इसकी जानकारी चौकी प्रभारी से लेकर थाना इंचार्ज तक को नहीं हुई, लोगों ने लालकुर्ती पुलिस से मामले की शिकायत की। तब भी पुलिस ने मामले को कोई संज्ञान नहीं लिया। यही कारण है कि लालकुर्ती पुलिस की भूमिका को संदिग्ध मानकर ही एसपी सिटी ने सीओ कैंट संतोष कुमार के नेतृत्व में सदर बाजार पुलिस की टीम लगाकर सट्टा पकड़ा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुलिस की शह पर कार्य किया जा रहा था।



# WTC-2025 के विजेता पर होगी पैसों की बारिश

● आईसीसी ने इनामी राशि दोगुना की, चैंपियनशिप की विजेता टीम को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

**दुबई, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 संस्करण की विजेता टीम को 36 लाख तथा उपविजेता को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे।

आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के लिए कुल पुरस्कार राशि को बढ़कर 57.6 लाख डॉलर कर दिया है। जो कि पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 36 लाख अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि हमने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र को बहुत ही रोमांचक रहा और फाइनल में खेलने वाली टीमों का फैसला प्रतियोगिता के आखिरी में ही हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित प्रारूप में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा। श्री शाह ने कहा कि आईसीसी की ओर से मैं दोनों टीमों के खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित मैच की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हैं, यह हमारे लिए आईसीसी खिताब जीतने का एक अच्छा अवसर है। हम सभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। हमने फाइनल तक पहुंचने के लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है और यह हम सभी के लिए एक बड़ा सम्मान है।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हारी



**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल के दूसरे राउंड में जापान की रूई हीरो. कामि और सायाका होबारा से हारकर थाईलैंड ओपन 2025 से बाहर हो गईं। यहां निमिबुत्र स्टेडियम में 53 मिनट तक चले मुकाबले में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जपानी जोड़ी से मिली हार के इसके साथ ही टूर्नामेंट में

**■ जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से अपने नाम किया**

भारत की चुनौती समाप्त हो गई क्योंकि सभी पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अपने-अपने मुकाबले हार गए। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री की जोड़ी ने पहले गेम में कड़ी टक्कर दी, लेकिन 20-22 से हार गईं। इसके बाद जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से जीतकर मैच जीत लिया। अन्य मुकाबलों में महिला एकल में उन्नति हुड्डा भी बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 6 पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 14-21, 11-11 से हार का सामना करना पड़ा। मालविका बंसोड़ को भी थाईलैंड की खिलाड़ी रत्चानोक इंतानोन से 12-21, 16-21 से हराया।

## विदेशी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से टीमों को नहीं पड़ेगा फर्क

● अस्थायी खिलाड़ियों को जोड़ने की दी मंजूरी, नियमों में किया गया बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद 17 मई से एक बार फिर आईपीएल का रोमांच शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सत्र के बाकी बचे मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया और फेंचाइजियों को उनके सभी खिलाड़ियों को एकत्र करने के निर्देश दिए। हालांकि, कुछ विदेशी खिलाड़ियों ने बाकी बचे सत्र के लिए अनुपलब्धता जाहिर की है। ऐसे में आईपीएल ने टीमों को राहत देने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने टीमों को आईपीएल के बाकी बचे मुकाबलों के लिए अपने साथ अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को जोड़ने की मंजूरी दी है। दरअसल, कुछ विदेशी खिलाड़ी आगामी मैचों के लिए अनुपलब्ध हैं। मूल कार्यक्रम के अनुसार आईपीएल का फाइनल 25 मई को होना था लेकिन अब यह तीन जून को होगा जिससे राष्ट्रीय टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों के लिए इसमें खेलना मुश्किल हो जाएगा। कुछ खिलाड़ी व्यक्तिगत कारणों से वापस नहीं आ रहे जबकि मौजूदा सत्र में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले जेमी ओवरटन जैसे खिलाड़ी विंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ब्रिटेन में ही रहेंगे। पीटीआई ने आईपीएल के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कहा कि हमें आईपीएल 2025 को अस्थाई रूप से निलंबित करना पड़ा जिसके परिणामस्वरूप इसे 25 मई 2025 की पूर्व निर्धारित तिथि के बाद पूरा करना पड़ रहा है इसलिए हमने वैकल्पिक खिलाड़ी से जुड़े प्रावधानों का पुनरू मूल्यांकन किया है। राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं या व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी के कारण कुछ विदेशी प्लेयरों की अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के समापन तक अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को चुनने की अनुमति दी जाएगी।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## दासनायके को अमेरिका की टीम का कोच बनाया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पुबुदु दासनायके को अमेरिका की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दासनायके ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ का स्थान लेंगे। दासनायके को दूसरी बार अमेरिका की टीम का कोच बनाया गया है। इससे पहले 54 वर्षीय दासनायके 2016-2019 तक तीन साल तक अमेरिका की टीम के कोच रहे थे। इस दौरान दासनायके ने अमेरिका को एकदिवसीय क्रिकेट टीम का दर्जा दिलाने में महत्वूपर्ण भूमिका निभाई थी।दासनायके ने श्रीलंका के लिए 11 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मैच खेले। अमेरिका की टीम का फिर से कोच बनाये जाने पर दासनायके ने कहा कि अमेरिका पुरुष राष्ट्रीय टीम में वापस आना और उसका नेतृत्व करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका क्रिकेट के लिए कुछ सार्थक करने के लिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की टीम भारत में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है।

## दिल्ली ने फ्रेजर मक्गार्क की जगह मुस्तफिजुर रहमान रिप्लेस किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गार्क के कारणों से आईपीएल 2025 के शेष मैचों के लिए वापस आने से इंकार करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को छह करोड़ रूपये की अनुबंध राशि पर टीम में शामिल किया है।

आईपीएल के नियमों के अनुसार अगर किसी खिलाड़ी को बीमारी या चोट लग जाती है और यह टीम के 12वें मैच से पहले होता है तो टीम दूसरे खिलाड़ी को ले सकती है। लेकिन इस बार लीग के स्थागित होने के बाद इसे फिर से शुरु किये जाने को लेकर नियमों में बदलाव के तहत सीजन के शेष हिस्से के लिए फ्रैचाइजी को अस्थायी रूप से दूसरे खिलाड़ी को टीम में लेने की अनुमति दी गई है। आईपीएल ने फ्रैचाइजी को बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ियों की राष्ट्रीय जिम्मेदारियों, व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी की वजह से अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के आखिर तक अस्थायी रूप से खिलाड़ी लेने की अनुमति है। उन्होंने कहा जिस भी खिलाड़ी को अस्थायी अनु. बंधित किया जायेगा। फ्रैचाइजी उन्हें अगले सत्र के लिए रिटेन नहीं कर पायेगी। यह फैसला संभवतघ इसीलिए लिया गया है ताकि फ्रैचाइजी नीलामी प्रक्रिया को दर्रा. कनार करने के लिए जानबूझकर रिप्लेसमेंट न लें, बल्कि जरुरत के आधार पर ही ऐसा करें।

# शोएब मलिक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मेंटर का पद छोड़ा

**लाहौर, वार्ता।** शोएब मलिक ने अन्य जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेंटर पद से इस्तीफा दे दिया है। मेंटर पद से इस्तीफे को लेकर शोएब मलिक ने कहा कि यह आसान विकल्प नहीं था, लेकिन अपनी जिम्मेदारी पर विचार करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि कई अन्य जिम्मेदारियों को निभाने से मैं पाकिस्तान क्रिकेट और अपनी अन्य पेशेवर और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाऊंगा। उल्लेखनीय है कि मलिक ने दो सप्ताह पहले बोर्ड को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा था कि अब वह अगले सत्र में मेंटर नहीं होंगे। वह अपने शेष अनुबंध संबंधी दायित्वों को पूरा निर्वहन करेंगे। पीसीबी ने शोएब मलिक, मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद और वकार यूनिस को मेंटर के रूप में 2027 तक तीन साल के अनुबंध पर नियुक्त किया गया था। मलिक का इस्तीफा सार्वजनिक होने के बाद मीडिया रिपोर्टों ने बताया कि पीसीबी ने सभी पांच मेंटरों को हटाने का फैसला किया है। हालांकि पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड को इस बारे में नहीं बताया है। साथ ही अन्य मेंटरों का कहना है कि उन्हें किसी भी बदलाव के बारे में सूचित नहीं किया गया है।

# मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित शर्मा

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 के दूसरे चरण की शुरुआत 17 मई से होने जा रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से इसे हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। हालांकि, दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिकेट लीग की वापसी को लेकर फैंस में उत्साह है।

अंक तालिका में फिलहाल गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष पर है। वहीं, आरसीबी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। एमआई की टीम ने लीग में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और अंक तालिका में फिलहाल चौथे स्थान पर हैं। इसका श्रेय टीम के ओपनर रोहित शर्मा को भी जाता है, जिन्होंने शुरुआती पांच मैचों में फेल रहने के बाद जबरदस्त वापसी की और पिछले पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े। पिछले साल यानी 2024 में मुंबई की कप्तानी से हटाए जाने के बाद से रोहित ने खूब रन बनाए हैं। आंकड़े गवाह हैं कि

**■ औसत और स्ट्राइक रेट में हुआ सुधार, रोहित ने पांच मैचों में फेल रहने के बाद की जबरदस्त वापसी**

कप्तानी छोड़ने के बाद से उनके औसत और स्ट्राइक रेट में बढ़ोतरी हुई है। रोहित ने 2017 से लेकर 2023 तक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए 100 पारियों में 24.6 की औसत और 127.4 के स्ट्राइक रेट से 2337 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 13 बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए। वहीं, 94 छक्के लगाए। वहीं, साल 2024 से लेकर अब तक रोहित ने 25 पारियों में 31.17 की औसत और 150.9 के स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए हैं। साथ ही उन्होंने 40 छक्के भी लगाए हैं। यानी कप्तानी छोड़ने के बाद से उन पर से दबाव हटा है और वह खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस आईपीएल में मुंबई की टीम उन्हें बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल कर रही है और इसका फायदा उन्हें मिला है। वह मैदान पर फील्डिंग करते हुए थकते नहीं हैं और अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल बल्लेबाजी के दौरान करते हैं। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीत चुकी है। हालांकि, साल 2024 में मुंबई टीम मैनेजमेंट ने उन्हें हटाकर हार्दिक पांडङा को कप्तानी सौंपी थी। पिछले साल मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। हालांकि, इस साल टीम अच्छा कर रही है। रोहित ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह पिछले साल टी20 अंतर्राष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं। लीग में वह सिर्फ आईपीएल में खेलते दिखते हैं। वहीं, भारत के लिए अब वह सिर्फ वनडे में खेलते दिखेंगे।

# हरियाणा ने अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीते




**राजगीर, वार्ता।** हरियाणा के एथलीटों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण पदक जीते।

यहां गुरुवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में हरियाणा के लड़कों ने सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों ने एपी और फॉइल स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रकार हरियाणा ने सात स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन रजत पदक जीते। चंडीगढ़, तमिलनाडु और राजस्थान ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर इस संस्करण की तलवारबाजी प्रतियोगिता में शीर्ष पांच टीमों में जगह बनाई। हरियाणा की लड़कियों की एपी टीम की कप्तान दीपांशी ने कहा कि हमारी टीम अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को जाता है। टीम स्पर्धा में यह मेरा लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है और मुझे अपनी लगातार जीत पर गर्व है। पुरुषों की कृपाण टीम के कप्तान उज्ज्वल ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया था और मैं टीम वर्क और दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए भाग्यशाली था। मैं अपने कोच कपिल, राजपाल यादव, नरेंद्र सिंह और सुरेश को धन्यवाद देना चाहता हूं।

## कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों ने बास्केटबॉल में जीते स्वर्ण पदक

**पटना, वार्ता।** कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों की टीमों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बास्केटबॉल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। यहां पटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की लड़कियों की टीम ने हरियाणा पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और हर क्षेत्र में श्रेष्ठत प्रदर्शन करते हुए मैच 46-25 से जीत लिया। कर्नाटक के लिए निधि उमेश ने 27, माहेक शर्मा ने 21, निधि श्रीनिवास ने 17 और श्रावणी शिवन्ना 10 का स्कोर किया। हरियाणा की ओर से काफी ने 22, भूमि कतारिया ने 22 और वैष्णवी ने 13 का स्कोर किया। वहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लड़कों के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला कड़ा और कम स्कोर वाला रहा। एक समय दोनों टीमें लगभग बराबरी पर थीं। अंतिम क्वार्टर में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक-एक थ्री-पॉइंटर लगाया, जिससे राजस्थान के लिए मैच में वापसी मुश्किल हो गई।

## इंग्लैंड ने साउथी को टीम का सलाहकार किया नियुक्त

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी को पुरुष टीम का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया है। टीम साउथी ने न्यूजीलैंड के लिए 107 टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 126 टी-20 मैच खेले है। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में सबसे अधिक 776 विकेट लिए है। उनके पास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 15 से अधिक वर्षों का अनुभव है। उन्होंने दिसंबर 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। ईसीबी का मानना है कि साउथी का अनुभव इंग्लैंड की टीम के लिए बहुत उपयोगी होगा। टीम साउथी जिम्बाब्वे के खिलाफ 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में शुरु होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि साउदी की यह नियुक्ति लंबे समय के लिए नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि सलाहकार भूमिका के समापन के बाद साउथी के बर्मिंघम फीनिक्स के साथ द हंड्रेड में खेलना फिर से शुरू कर सकते है।




# इंग्लैंड ने विंडीज सीरीज के लिए गेंदबाज वोंग को टीम में वापस बुलाया



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए घोषित 14 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज इस्सी वोंग को वापस बुलाया है। चयनकर्ताओं ने हीथर नाइट के इस्तीफे के बाद स्टार ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट को तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैचों के लिए पूर्णकालिक कप्तान की जिम्म्मदारी सौंपी है। वोंग की वापसी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। इसके साथ ही एलिस डेविडसन-रिचड्र्स और एम्मा लैम्ब की भी एकदिवसीय टीम में वापस आयी है। इस सीरीज में तेज गेंदबाज एमिली अर्लट भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगी। उन्हें टी-20 और एकदिवसीय दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

**टी-20 टीम:-** नेट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एमिली, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सारा, एमी , हीथर नाइट, पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसे, इस्सी वोंग व डैनी वायट**वनडे टीम:** नेट सायवर-ब्रंट (कप्तान), एलिस- रिचड्र्स, एमिली अर्लट, टैमी,बेल, केट, चार्ली, सोफिया, माहिका, सारा, एमी, हीथर, एम्मा व लिंसे स्मिथ।

# नदीम और हम कभी करीबी दोस्त नहीं थेः नीरज

● पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर को बुलाने पर ट्रोल हुए थे कल दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे

**दोहा, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को कहा है कि वे और अरशद नदीम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग की पूर्व संध्या पर कहा कि 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाक के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी।

नीरज चोपड़ा 16 मई को अपने डायमंड लीग अभियान का आगाज करेंगे। रात 10:15 बजे उनका इवेंट होगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद नीरज चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। क्योंकि, नीरज ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि वह इवेंट स्थगित किया जा चुका है। सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरा (नदीम के साथ) बहुत मजबूत रिश्ता नहीं है। हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। लेकिन, इस वजह (भारत-पाक सीमा पर तनाव) से अब हमारे बीच बातचीत पहले जैसी नहीं होगी। पर अगर कोई मुझसे सम्मान से बात करता है तो मैं भी सम्मान से ही बात करता हूं।

सफाई भी दी- आतंकी हमले से पहले आमंत्रित किया था पेरिस गेम्स के रजत विजेता स्टार ने पहले कहा था कि नदीम को उनके सम्मान में आयोजित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट में उनके और उनके परिवार की ईमानदारी पर सवाल उठाए जाने से उन्हें बहुत दुख हुआ। चोपड़ा ने तब स्पष्ट किया था कि एनसी क्लासिक के लिए निमंत्रण पहलगाम आतंकी हमले से एक दिन पहले भेजे गए थे जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

नीरज नीरज चोपड़ा ने कहा कि बतौर खिलाड़ी हमें बातचीत करनी होगी। दुनिया भर में खेल समुदाय में मेरे कुछ अच्छे दोस्त हैं। जो सिर्फ भाला फेंक में ही नहीं हैं, बल्कि अन्य खेलों में भी हैं। अगर कोई मुझसे सम्मानपूर्वक बात करता है तो मैं भी उससे पूरे सम्मान के साथ बात करूंगा। हरियाणा के स्टार ने कहा कि भाला फेंक में बहुत छोटा समुदाय है और हर कोई अपने देश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है।

## एशियाई मुक्केबाजी में पांच स्वर्ण देने वाले भारतीय बने हिमांशु सिंह

**संतकबीरनगर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश में संतक. बीरनगर जिले के हिमांशु सिंह ने साउथ एशियन आर्म बॉक्सिग चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया

पेदम स्टेडियम मापुसा गोवा में दिनांक 09 से 11 मई तक आयोजित साउथ एशिया आर्म बॉक्सिग चैंपियनशिप 2025 में हिमांशु सिंह ने प्रतिभाग किया। उन्होंने 51 किलो भार वर्ग जूनियर कैटेगरी में पांच इवेंट्स में प्रतिभाग किया जिसमें फुल बॉडी कॉन्टैक्ट, एमेच्योर बॉक्सिग, लो बॉडी कॉन्टैक्ट, टच कॉन्टैक्ट और म्यूजिकल फॉर्म शामिल है। उन्होने पांच इवेंट्स में पांच स्वर्ण पदक हासिल करके भारत का नाम रोशन किया। आर्म बॉक्सिग स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव नसीरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि हिमांशु की इस उपलब्धि पर इंडिया के टीम और सभी लोगों में खुशी का माहौल है। हिमांशु सिंह आगे चल कर एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे और भारत देश का नाम करेंगे। हिमांशु सिंह संतकबीरनगर जिले के छोटे से गांव रसूलपुर के निवासी बालकृष्ण सिंह के पुत्र हैं। वह गोरखपुर जिले के सहजनवा में स्थित गीडा सेक्टर 23 में अपने मामा के यहां बचपन से रहते हैं। उनके पिता जाने-माने पहलवान और प्रगतिशील किसान हैं।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 16 मई 2025

## ट्रम्प की पैंतरेबाजी

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नया पैंतरा खेलते हुए एपल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एपल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। भारत अपना ख्याल खुद रख सकता है। याद रहे कि भारत और पाक में सीजफायर में मध्यस्थता का दावा करने वाले ट्रम्प को भारत ने दो टूक जवाब दे दिया है। अब हमारी समझ में आया है कि जो देश पहले भारत की पाक समर्थित आतंकियों पर कार्रवाई को सही बता रहा था, उसे ने अब एक इनामी आतंकी को गले लगा लिया है। भारत ने उसे साफ कह दिया है कि कश्मीर मामले पर तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं है और यदि पाकिस्तान से बात होती है, तो सिर्फ पीओके वापसी पर ही होगी। भारत को तो बहुत पहले समझ लेना चाहिए था कि अमेरिका दो देशों को लड़ाकर अपना फायदा उठाना चाहता है। कहते हैं कि देर आयद, दुरुस्त आयद। भले ही भारत को ट्रम्प की बात देर से समझ आई है, लेकिन अब साफ जवाब भी दे दिया है। ट्रम्प ने दावा किया था कि उसके कहने पर ही भारत और पाक में सीजफायर हुआ है। उसने केवल अपने ट्वीटर हैंडल पर ही नहीं, बल्कि सऊदी अरब में भी यही कहा था। अब एक आतंकी को गले लगाने का मतलब ये है कि अमेरिका भी एक आतंकवादी समर्थित देश हो गया है और अब भारत को उससे सचेत रहना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टॉप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे। अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसम्बर में हटा दिया गया था। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी, जो भारत के अलग -अलग राज्यों से पहलगाम घूमने गए थे। इसके बाद सात मई को पाकिस्तान ने देश के तीन राज्यों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर दिया था, जिसे भारत के सुदर्शन चक्र ने विफल कर दिया था। तीन दिन चली गोलीबारी के बाद दोनों देशों के डीजीएमओ में वार्ता होने के बाद सीजफायर हो गया था, जिसका श्रेय अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ले रहे हैं। जो उनका सफेद झूठ है। इस झूठ को क्या कहा जाए, जिस डोनाल्ड ट्रम्प को भारतीय पीएम मोदी ने बहुत अच्छा बताया था, वही अब आतंकवादी के समर्थित लग रहे हैं। अब भारत ने अमेरिका को साफ शब्दों में कह दिया है कि यदि बात होती है, तो केवल द्विपक्षीय होगी। किसी तीसरे की दखल स्वीकार नही है। उधर भारत के चार विश्वविद्यालयों ने तुर्की से समझौते रद्द कर दिए हैं। इनमें जामिया मिल्लिया, जेएनयू, इंदिरा गांधी ओपन विश्वविद्यालय और कानपुर विश्वविद्यालय शामिल हैं।

## जाति जनगणना निष्पक्ष तरीके से हो



प्रधानमंत्री मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन यह उनका दबाव था, जिसने श्री मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया, हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो, ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके, तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई, अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए, देश में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति , अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है, इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना व उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी और ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है।

**राहुल गांधी**
**सांसद, कांग्रेस**

# डेंगू में लापरवाही जिंदगी पर पड़ सकती है भारी



**श्वेता गोयल**

डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब लगभग हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं।

मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया। डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहमे बल्कि सालभर डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं।




**डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है, पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं, वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जा रहा है, वह कोई नई बात नहीं है**

तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्राय: गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरुआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्राय: बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रति. रोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं। इसलिए डेंगू हो जाने पर विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करना लाभकारी है। बहरहाल, यदि इसके बावजूद मरीज की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आए या परेशानियां बढ़ती दिखें तो तुरंत अपने चिकित्सक या नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करना चाहिए क्योंकि डेंगू के इलाज में लापरवाही मरीज की जिंदगी पर बहुत भारी पड़ सकती है।

**( लेखिका डेढ़ दशक से शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं )**

# प्रकृति के रहस्यों की खोज...

**सत्यवती एम. सिरसाट**

**1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया, एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी**

अपने बारे में लिखने बैठें, तो बचपन से जुड़े अनुभव और यादें उभर ही आती हैं। मेरा जन्म कराची में हुआ था, और मेरे पिता के शिपिंग व्यवसाय के कारण हम कई देशों में भटक ते रहे। मेरे माता-पिता कट्टर थियोसॉफिस्ट थे इसलिए उन्होंने मुझे बेसेंट मेमोरियल स्कूल में भेजा, जिसे डॉ. जॉर्ज और रुक्मणी अरुंडेल चलाते थे। रुक्मणी ने कलाक्षेत्र में रहते हुए प्राचीन भारतीय कला और संगीत का पुनर्जागरण किया था। किशोरावस्था में मैंने पॉल डी क्रुइफ की किताब दी माइक्रोब हंटर्स पढ़ी, जिसने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला। औपचारिक शिक्षा के साथ मुझे सांस्कृतिक धरोहर का भी लाभ मिला। मैंने मुंबई के सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज से माइक्रोबायोलॉजी में डिग्री प्राप्त की। पहली बार जब मैंने प्रकाशीय सूक्ष्मदर्शी से ग्राम पॉज़िटिव व ग्राम नेगेटिव जीवाणुओं की मिली-जुली स्लाइड देखी तो मुझे ऐसा जज़बाती रोमांच हुआ जिसे मैं कभी भूल नहीं सकती।

डिग्री प्राप्त करने के अगले ही दिन मैं बिना सोचे-समझे प्रयोगशाला के अध्यक्ष और टाटा मेमो. रियल हॉस्पिटल के प्रमुख पैथोलॉजिस्ट (कैंसर और सम्बंधित रोग) डॉ. वी. आर. खानोलकर के कार्यालय के बाहर खड़ी थी। न कोई फोन कॉल न कोई अपॉइंटमेंट-मैं तो बस उनसे मुलाकात के इंतज़ार में खड़ी रही। करीब दो घंटे बाद उन्होंने मुझे अंदर बुलाया और लंबी बातचीत की। मुझे नहीं पता था कि यह उनका युवाओं का साक्षात्कार लेने का तरीका था। अंत में उन्होंने मुझसे पूछा कि अभी जिस बारे में बातचीत हुई है, क्या मैं वह सब संभाल पाऊंगी। मैंने युवा अक्खड़पन के साथ कहा कि बिलकुल! और इस तरह मेरे विज्ञान के जीवन की शुरुआत हुई।

डॉ. खानोलकर बहुआयामी व्यक्तित्व थे। वे एक चिकित्सक थे जिनमें वैज्ञानिक सोच तो स्वाभाविक रूप से थी। साथ ही वे कला प्रेमी, भाषाविद और कई भाषाओं के साहित्य के विद्वान भी थे। मैंने उनसे व्यापक वैज्ञानिक और कलात्मक दृष्टिकोण सीखा।

1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया। एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी। हम तीन लोगों को विदेश भेजा गया ताकि हम जैव-चिकित्सा अनुसंधान में उपयोगी नई तकनीकों जैसे जेनेटिक्स, टिशू कल्चर और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सीखकर लौटें। विज्ञान के दिग्गजों-हैंसस सेलिये, अल्बर्ट जेंट-गेओरगी, लायनस पॉलिंग, एलेक्स हैडो, चार्ल्स ओबरलिंग और विलियम ऐस्टबरी-की प्रयोगशालाओं में काम करके विज्ञान की विधियों के साथ-साथ, मैंने वह वैज्ञानिक तहजीब भी सीखी जो आधुनिक जैव-चिकित्सा अनुसंधान के लिए आवश्यक है। लौटकर मैंने अल्ट्रास्ट्रक्चरल सायटोलॉजी और डायग्नोस्टिक मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी में भारत की पहली बायोमेडिकल प्रयोगशाला स्थापित की। इस केंद्र में विद्यार्थियों की भीड़ जुटने लगी, और यह अपने काम के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गया। इस प्रयोगशाला में हमने कोशिका झिल्ली के सामान्य से असामान्य में परिवर्तित होने, कैंसर, जंक्शनल कॉम्प्लेक्स और कैंसर के फैलाव, वायरस, रक्त, स्तन और नाक के कैंसर पर अध्ययन किए। हमारा मुख्य ध्यान मुंह के कैंसर की कैंसर-पूर्व स्थितियों, जैसे ल्यूकोप्लाकिया और ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस तथा, सच कहूं तो, भारत में पान और तंबाकू के सेवन से फैलने वाले मुंह के कैंसर पर था। प्रयोगशाला में प्रशिक्षित शोधार्थियों को औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के साथ-साथ और भी बहुत कुछ सीखने को मिला। जब बॉम्बे युनिवर्सिटी ने लाइफ साइंसेज़ में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किए तो यह एक वरदान था। मैं हमेशा अस्पताल के गलियारों में पीड़ित मानवता के प्रति जागरूक रही। हम अपने काम के वैज्ञानिक पहलुओं (जैसे इलेक्ट्रॉन हिस्टोकेमिस्ट्री, इम्यून इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन ऑटोरेडियोग्राफी, क्रायोइलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) के साथ-साथ मानवीय पक्ष को लेकर भी सचेत थे। कैंसर रोगियों के जीवन और उनकी मृत्यु की निकटता ने मुझे शांति अवेदना आश्रम-भारत का पहला हॉस्पाइस (मरणासन्न रोगियों का आश्रय)-शुरू करने के लिए प्रेरित किया। मैं इस संस्थान की संस्थापक ट्रस्टी और काउंसलर रही।

**स्रोत फीसर्च**

मैं यह बता चुकी हूं कि कैसे युवावस्था में रोमांस और यथार्थ ने मेरे मन पर गहरा प्रभाव डाला और मुझे इस रास्ते पर धकेल दिया। जहां तक मार्गदर्शकों की बात है, मेरे पहले गुरु मेरे पिता थे। वे स्वभाव से एक अध्येता थे जिन्होंने शुरुआत संट ज़ेवियर कॉलेज में अंग्रेज़ी के प्रोफेसर के रूप में की थी, लेकिन बाद में शिपिंग के क्षेत्र में चले गए। वे खूब पढ़ते थे और संस्कृत के विद्वान थे। ये गुण उन्होंने अपने बच्चों को भी दिए। वे लेखक भी थे। वैज्ञानिक जीवन में मेरे पहले मार्गदर्शक डॉ. खानोलकर थे, और दूसरे मेरे पति, डॉ. एम. वी. सिरसाट, जिन्होंने मेरे जीवन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारे बीच उम्र का काफी अंतर था, लेकिन वे मेरे दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। वे एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने ऑन्को-पैथोलॉजिस्ट (कैंसर-निदान विशेषज्ञ) थे, जो सामान्य से रोगग्रस्त अवस्था की ओर संक्रमण, विशेषकर नियोप्लेसिया और दुर्दम्यता (मैलिगनेंसी) के संदर्भ में गहन जानकारी रखते थे। वे नौजवान पैथोलॉजिस्ट्स के बीच बेहद लो. कप्रिय शिक्षक थे। जब भी मुझे इस भयावह बीमारी की जटिलताओं से जूझना पड़ता, वे इसे धैर्य और स्नेह से हल कर देते। हमारा यह साथ काफी अद्‌भुत था। उन्होंने मेरे शोध को हर संभव समर्थन दिया और मेरी पेशेवर उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया।

क्या मैंने कभी अपना करियर बदलने पर विचार किया? नहीं, कभी नहीं! मैं कभी भी अपने पेशे को बदलने के बारे में सोच नहीं सकी। यह सिर्फ एक नौकरी नहीं थी, यह टाटा मेमोरियल सेंटर और पूरी दुनिया की प्रयोगशालाओं में मेरी साधना और तपस्या थी। यह मेरे काम के साथ एक 'प्रेम कहानी' थी, जिसमें मैंने जो ज्ञान अर्जित किया, उसे भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के सैकड़ों विद्यार्थियों तक पहुंचाया।

सेवानिवृत्त के बाद भी मैं टाटा मेमोरियल सेंटर की मेडिकल एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष के रूप में काम करती रही। मैंने 17 साल तक भारतीय विद्या भवन आयुर्वेदिक केंद्र में 'प्राचीन ज्ञान और आधुनिक खोज' पर काम किया। इस कार्य में संस्कृत के ज्ञान ने मेरी काफी मदद की। मैंने वृद्धात्रयी-चरक, सुश्रुत और वाग्भट में कैंसर वर्गीकरण के एक प्रोजेक्ट पर काम किया। यह देखकर हैरानी होती है कि इन प्राचीन विद्वानों के विवरण आधुनिक विज्ञान से कितनी अच्छी तरह मेल खाते हैं। उन्हें विभिन्न ऊतकों (टिश्यू) के ट्यूमर और उनके जैविक व्यवहार, सौम्य और घातक (बेनाइन और मैलिग्नेंट) कैंसर तथा हड्डी और रक्त कैंसर के बारे में गहरी जानकारी थी। उनके पास तो केवल मानव शरीर, मृत व्यक्ति का बारीकी से निरीक्षण तथा उनका अंतर्ज्ञान ही एकमात्र साधन था। आखिर में युवा वैज्ञानिकों के लिए कुछ बातें: क्या आप एक सम्मानित वैज्ञानिक कहलाना चाहते हैं? जीवन के सिद्धांत सख्त होते हैं! अपने काम के प्रति ईमानदार रहें और खुद से सच्चे रहें। अनुशासन बनाए रखें। अपने साथी वैज्ञानिकों के काम का कभी अपमान न करें। सतर्क रहें द् अपनी लॉगबुक या रिकॉर्ड में किसी पहले से तय सिद्धांत के अनुसार कभी हेरा-फेरी न करें।

# पाकिस्तान से टेंशन के कम होने के बाद ब्रिटेन के साथ भारत की 'महाडील' पर ध्यान देने की बारी



**ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी**



**अशोक भाटिया**

हाल ही में भारत और ब्रिटेन ने एक बड़ा व्यापार समझौता किया है। यह समझौता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके साथ ही एक और समझौता हुआ है, जिसका नाम है डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन में उनके समकक्ष कीर स्टारमर ने इस बारे में बात की। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए यह समझौता बहुत महत्वपूर्ण है। इससे भारत और ब्रिटेन दोनों को फायदा होगा। व्यापार में आसानी होगी, निवेश बढ़ेगा, नौकरियां मिलेंगी और नए विचारों को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता तीन साल से चल रही बात. चीत के बाद हुआ है।

इसका लक्ष्य है कि 2040 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 25.5 अरब पाउंड बढ़ जाए। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन बढ़ी है। भारत और ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत होने के ठीक बाद भारत ने आधी रात के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, और व्यापार के विकास को स्वाभाविक रूप से नजरअंदाज कर दिया गया। आज, लगभग एक हफ्ते बाद, भारत और पाकिस्तान एक हथियार समझौते पर पहुंच गए हैं, इसलिए मुक्त व्यापार समझौते के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देना समय होगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आने के बाद अलग-अलग तीव्रता के साथ दुनिया के सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने की नीति की घोषणा की। अन्य देशों ने अपने माल को अत्यधिक शुल्क के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को बेच दिया। बदले में, उन्होंने अपने बाजारों में अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया। ट्रम्प ने वास्तव में सहयोगियों पर उतना ही आयात शुल्क लगाया जितना दुश्मनों पर। इस नीति में आर्थिक ज्ञान कम और खोखला राष्ट्रवाद अधिक था। बुद्धिमत्ता को महसूस करने के बाद, कई टैरिफ काट दिए गए या लागू किए गए।

जो भी हो, संयुक्त राज्य अमेरिका के इस रुख ने दुनिया भर में दो-राष्ट्र व्यापार समझौते की आवश्यकता पैदा की। यह भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने का कारण है, जो कुछ वर्षों से बातचीत में अटका हुआ है। दोनों देश आगे बढ़ने के लिए सहमत हुए। सौदे के कुछ विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं किए गए हैं। भारत के ठीक दो दिन बाद अमेरिका ने भी ब्रिटेन के साथ ट्रेड डील साइन की। उनमें से अधिकांश विवरण अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। ब्रिटेन की पहल के कारण यूरोपीय संघ भी भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए जोर दे रहा है। समूह की संयुक्त आर्थिक ताकत ब्रिटेन की तुलना में बड़ी है। जबकि यह सब चल रहा है, यह अत्यधिक संभावना है कि अमेरिका भी व्यापार सौदे को पूरा करने के लिए भारत के लिए 'प्यार खो देगा'। भारत के लिए, जिसने वर्षों से एक बंद अर्थव्यवस्था और सुरक्षित बाजारों को लागू किया है, इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ मुक्त या अधिकतर मुक्त व्यापार करने में, उसे कुछ प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और कुछ व्यापार बाधाओं को छोड़ना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इससे आर्थिक लाभ क्या होंगे। फिर भी कुछ विदेशी वस्तुओं से निपटने के लिए कृषि और लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों की आर्थिक और मानसिक तैयारी भारतीय बाजारों में सस्ती होगी। इस बारे में कुछ धारणाएं होनी चाहिए। जब दुनिया के किसी भी देश में व्यापार समझौता और टैरिफ कटौती होती है, तो संबंधित देशों में सभी प्रकार की प्रतिक्रियाएं होती हैं, हल्की, मध्यम और गंभीर। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहा है, इसलिए सरकार को आर्थिक और राजनीतिक लाभों को संतुलित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पहला, भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बारे में। दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है। यह पहली बार है जब भारत ने एक प्रमुख देश के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और यह ब्रेक्सिट के बाद से यूके द्वारा सबसे बड़ा व्यापार सौदा था। यह अगले कुछ वर्षों में ब्रिटेन से भारत में आयात किए जाने वाले 90 प्रतिशत माल पर टैरिफ में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन में भारत के निर्यात का 99 प्रतिशत विभिन्न दरों पर कटौती की जाएगी। समझौते के तहत दोनों देशों के 34 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) बढ़ने की उम्मीद है। भारत में कपड़ा, फल और सब्जियां, मांस, मछली, चमड़ा, वाहनों के स्पेयर पार्ट्स और आभूषणों के निर्यातकों को इससे लाभ होने की उम्मीद है, जबकि ब्रिटेन में शराब और ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए भारतीय बाजार टैरिफ कटौती के लागू होने के बाद उपलब्ध होगा। प्रसारित किए गए छोटे आंकड़ों के आधार पर, व्हिस्की और जिन पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसे एक वर्ष के भीतर घटाकर 40 प्रतिशत तक लाने का प्रस्ताव है। ब्रिटेन निर्मित कुछ कारों पर आयात शुल्क चरणबद्ध तरीके से 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। लेकिन इस फैसले में कई कमियां हैं। इंजन क्षमता और कोर कीमतों पर विचार किया जाएगा। कम लागत वाली कारों को बाहर रखा गया है ताकि भारत में बड़े पैमाने पर कार निर्माण कंपनियों को ज्यादा नुकसान न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# गर्मी में शरीर को हेल्दी और हाइड्रेटेड रखने के लिए जरूर करें इन तीन ड्रिंक्स का सेवन

गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। खासकर उन लोगों के लिए जो दिनभर एक्टिव रहते हैं, फिर चाहे ऑनलाइन हो या फिर चलते-फिरते। गर्मियों में सिर्फ पानी ही काफी नहीं होता, शरीर को ऊर्जा और इलेक्ट्रोलाइट्स की भी जरूरत होती है, जो पसीने के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं। इससे थकान, चक्कर आना या डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए आज हम आपको तीन ऐसे कूल और हेल्दी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न सिर्फ आपको तरोताजा रखेंगे, बल्कि आपके गर्मियों के दिनों को भी सुपरचार्ज कर देंगे।

### आम पन्ना...

उन्होंने आम पन्ना की तारीफ करते हुए कहा कि यह पसीने से खोए तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद करता है और विटामिन सी से भरपूर होता है। श्वेता ने आगे कहा कि आम पन्ना पाचन स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है और इसमें काला नमक और जीरा पाउडर मिलाने से इसका स्वाद और बढ़ जाता है। यह विटामिन सी का भी एक बेहतरीन स्रोत है, जो गर्मियों में शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### बेल का जूस...

श्वेता ने बताया कि बेल फल, जिसे वुड एप्पल भी कहा जाता है, पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसका जूस पाचन में सुधार करने और गर्मी से संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होता है। बेल फल के जूस का सेवन करने से आप गर्मियों में अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं।

### फालसा जूस...

श्वेता ने बताया कि फालसा या भारतीय ब्लैकबेरी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इसका जूस शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि फालसा जूस एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है और इसका सेवन करने से आप अपने स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकते हैं। श्वेता ने सलाह दी कि जूस को ज्यादा न छानें ताकि इसके पोषक तत्वों का पूरा लाभ मिल सके।

श्वेता ने अपने कैप्शन में इन जूस के सेवन के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बेल के जूस में कोई चीनी या स्वीटनर नहीं डालना चाहिए। आम पन्ना में चीनी या गुड़ मिलाने से इसका असर उलट हो सकता है और शरीर निर्जलित हो सकता है।

# ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# भारत में उत्पादन पर ट्रम्प ने एप्पल को चेताया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एप्पल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एप्पल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि एप्पल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि भारत ने हमें ट्रेड में जीरो टैरिफ डील की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे ट्रेड में कोई चार्ज नहीं लेने को तैयार है। ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ एक कार्यक्रम में एप्पल सीईओ के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। मुझे कल टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, तुम मेरे दोस्त हो, मैंने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया, तुम 500 बिलियन डालर लेकर आ रहे हो, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि तुम पूरे भारत में प्रोडक्शन कर रहे हो। मैं नहीं चाहता कि तुम भारत में प्रोडक्शन करो।

अगर तुम भारत का ख्याल रखना चाहते हो तो तुम भारत में निर्माण कर सकते हो क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक है। भारत में बेचना बहुत मुश्किल है और उन्होंने हमें एक डील आफर की है जिसके तहत वे हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। मैंने टिम से कहा, टिम, देखो, हमने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया है, हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी संयंत्रों को सहन किया, अब तुम्हें अमेरिका में निर्माण करना होगा, हम नहीं चाहते कि तुम भारत में निर्माण करो। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमे. रिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री आफ ओरिजिन बन जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपाड्स, एप्पल वाच जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी ज्यादातर वियतनाम में बनाए जा रहे हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एप्पल काफी समय से अपनी सप्लाई चेन को वहां से बाहर शिफ्ट करने पर काम कर रही है। एप्पल अगर अपनी असेंबलिंग भारत की ओर इस साल के आखिर तक शिफ्ट कर लेती है, तो 2026 से यहां सालाना 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का प्रोडक्शन होगा। यह मौजूदा कैपेसिटी से दोगुना है। आईफोन के मैन्युफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा है। IDC के अनुसार, 2024 में कंपनी के ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में इसका हिस्सा लगभग 28 प्रतिशत था।

## अंबानी ने दोहा में ट्रम्प, अमीर शेख से की मुलाकात

**दोहा।** रिलायंस उद्योग के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरुवार को दोहा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कतर अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की।

अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया की यात्रा में है। इसमें अमे. रिका और कतर के बीच 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक आदान-प्रदान की घोषणा शामिल है। अंबानी की उपस्थिति रिलायंस इंडस्ट्रीज के वैश्विक पदचिन्हों के विस्तार और कतर निवेश प्राधिकरण जैसी संस्थाओं के साथ इसके रणनी. तिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने रिलायंस उपक्रमों में निवेश किया है और गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ है।

# भारत के हमले: पाक को भारी कीमत चुकानी पड़ी

## ज्यादा सटीक हमले किए, सैन्य ठिकानों व एयरबेस को बनाया निशाना

**न्यूयार्क।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चली सैन्य झड़प पिछले 50 सालों में सबसे बड़ी लड़ाई थी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की एयर डिफेंस क्षमताओं को परखा और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के लिए ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। दोनों ने एक-दूसरे को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। सैटेलाइट तस्वीरों से पता लगा कि हमले काफी ज्यादा थे, लेकिन नुकसान दावे से कहीं कम था। इनमें भी ज्यादातर हमले भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर किए थे। इस हाई-टेक वारफेयर की जमाने में दोनों पक्षों ने सटीक निशाना साधा। इस लड़ाई में दोनों पक्षों की सेनाओं को नुकसान भी उठाना पड़ा है। भारत ने पांच सैनिकों के नुकसान की बात स्वीकार की है, जबकि पाकिस्तान ने 11 सैनिकों के नुकसान की बात कही है।

हमलों से पहले और बाद की हाई रिजाल्यूशन तस्वीरों से पता चला है कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। ये हमले सीमित और सटीक थे। पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची से 150 किमी से भी कम की दूरी पर मौजूद भोलारी एयरबेस को भारत ने निशाना बनाया। भारतीय सैन्य अधिकारियों के मुताबिक उन्होंने एक विमान हैंगर पर सटीक हमला किया। सैटलाइट तस्वीरों से भारत का यह दावा सही नजर आया। तस्वीरों में हैंगर वाली जगह पर साफ तौर पर बड़ा नुकसान दिखाई दे रहा है। पाकिस्तानी आर्मी के हेडक्वार्टर और प्रधानमंत्री कार्यालय से सिर्फ 25 किमी दूर भारत ने नूर खान एयरबेस को निशाना बनाया। परमाणु हथियारों की स्टोरेज फैसिलिटी और सिक्योरिटी यूनिट यहां से कुछ ही दूरी पर है। इस लिहाज से यह सबसे संवेदनशील सैन्य टारगेट था, जिस पर भारत ने हमला किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान एयर खान एयरबेस को भी निशाना बनाया।

## मेक्सिको में हुए सड़क हादसे में 21 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मध्य-पूर्वी राज्य पुएब्ला में राजमार्ग दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुएब्ला के आंतरिक मंत्री सैमुअल एगुइलर ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह हादसा तीन वाहनों से जुड़ा हुआ है और इसके कारण कई अन्य लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना बुधवार सुबह कुआकनोपालन-ओक्साका राजमार्ग के किलोमीटर 31 पर हुई। घटनास्थल पर एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं काम कर रही हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि घातक टक्कर उस समय हुई, जब एक ट्रक ने विपरीत लेन में जाने से पहले एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और फिर एक बस को टक्कर मार दी, फिर एक परिवहन वैन से टकरा गया।

## शुभांशु शुक्ला 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत अब 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे। यह मिशन पहले 29 मई को होना था लेकिन अब लॉन्च शेड्यूल में बदलाव हुआ है। नासा ने एक्स पर बताया-स्पेस स्टेशन की फ्लाइट शेड्यूल के रिव्यू के बाद कई मिशन के लॉन्च तारीखों में बदलाव हुआ है। एक्सिओम मिशन 4 फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से 8 जून शाम 6:41 बजे (भारतीय समयानुसार) लॉन्च होगा। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

## हमने भारत के घमंड को धूल में मिलाया: पाक पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पंजाब प्रांत के सियालकोर्ट पसरूर छावनी में पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने भारत के अहंकार को धूल में मिला दिया है। डान न्यूज के मुताबिक पाक पीएम ने कहा-दुश्मन, जो हमसे बड़ा है, उसे इस बात पर घमंड था कि उसके पास अरबों डालर के मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। हमने उसे बहुत बड़ा झटका दिया है। हम युद्ध और शांति दोनों के लिए तैयार हैं। चुनाव आपका (भारत) है। शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा-अगर आप हमारा पानी रोकते हैं, तो यह हमारी रेड लाइन है। पानी पर हमारा हक है। हमारी सेना हमारे अधिकार के लिए लड़ेगी। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी सरगना मसूद अजहर को 14 करोड़ रुपये (पाकिस्तानी करेंसी में) देने का ऐलान किया है। बहावलपुर में जैश के आतंकी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की स्ट्राइक में मसूद के परिवार के 14 लोग मारे गए थे। इनमें मसूद की बहन और भांजे-भतीजे शामिल थे।

## इंडोनेशिया में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादी मारे गए

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई सेना ने गुरुवार को कहा कि उसके गश्ती दल ने देश के मध्य पापुआ प्रांत के इंतान जया रीजेंसी में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादियों को गोली ढेर कर दिया। टीएनआई के प्रवक्ता क्रिस्टोमी सियानतुरी ने एक बयान में कहा कि बुधवार सुबह स्थानीय समयानुसार सुबह चार से पांच बजे के बीच टिटिगी, नडुगुसिगा, जैनडापा, सुगापा लामा और ज़ानम्बा गांवों में गोलीबारी हुई। सियानतुरी के अनुसार गश्ती दल का उद्देश्य शुरू में उन गांवों के निवासियों को स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सेवाएं प्रदान करना था।

## सूडानी छात्र की चाकू घोंपकर हत्या, 6 पकड़े

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय के निकट गुरुवार सुबह हुए हिंसक झगड़े में एक सूडानी छात्र की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई तथा अन्य एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय छात्र समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रूपिंदर भट्टी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फगवाड़ा पुलिस टीम ने त्वरित और सराहनीय कार्रवाई करते हुए अपराध के पांच घंटे के भीतर सभी छह आरोपियों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना आज तड़के लॉ गेट के पास ग्रीन वैली इलाके में हुई, जो कि गांव माहेरू में है- यह अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, खासकर अफ्रीकी देशों से आए छात्रों का आवासीय केंद्र है। तूरा ने बताया कि सतनामपुरा पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी और घायल छात्र अहमद मोहम्मद नूर अहमद हुसैन के बयान के अनुसार, वह और मृतक मोहम्मद वादा बाला यूसुफ अहमद, दो सूडानी महिला छात्रों के साथ सुबह की नमाज (नवाज) से लौट रहे थे, जब उन्हें कुछ लोगों के एक समूह ने रोका।

# सीरिया पर लगे तमाम प्रतिबंध हटे

## 84 करोड़ के इनामी आतंकवादी से मिले ट्रम्प

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला सीरिया को दोबारा तरक्की करने का मौका देगा।

इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टाप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे।

अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डालर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसंबर में हटा दिया गया था। ट्रम्प के साथ सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा (दाएं)। इस मुलाकात के दौरान सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (बाएं) भी मौजूद रहे। अहमद अल-शरा को पहले अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से जाना जाता था।

जुलानी 2003 में मेडिकल की पढ़ाई छोड़ अल कायदा नेताओं के संपर्क में आया। उसे अमेरिकी सेना ने 2006 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद अल-शरा ने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल-नुस्र का गठन किया।

2016 में वह अल कायदा से अलग हो गया और हयात तहरीर अल-शाम HTS की स्थापना की। दिसम्बर 2024 में बशर अल-असद के पतन के बाद जुलानी ने सत्ता संभाली। इसके बाद दुनिया को उसके असली नाम का पता चला।

# कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद में रिकॉर्ड गिरावट



पहलगाम में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित।

**नगर।** कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है, जहां पिछले तीन दिनों में दक्षिण कश्मीर में छह स्थानीय आतंकवादियों के मारे जाने के बाद सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या एकल अंक पर आ गई है।यह संख्या 1990 के दशक में आतंकवाद शुरू होने के बाद से सबसे कम है। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि हालांकि,क्षेत्र में सक्रिय विदेशी आतंकवादियों की संख्या लगभग 40 है। मंगलवार को, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन स्थानीय आतंकवादी-शाहिद कुट्टे, अदनान शफी डार और एहसान उल हक शेख केलर के ऊपरी इलाकों में एक मुठभेड़ में मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, शाहिद दक्षिण कश्मीर में लश्कर के ऑपरेशन कमांडर के रूप में काम कर रहा था।सभी शोपियां के रहने वाले थे।

अवंतीपोरा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार को मुठभेड़ में तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि उनके मारे जाने के साथ ही कश्मीर में अब केवल सात स्थानीय आतंकवादी सक्रिय रह गए हैं। माना जाता है कि शेष बचे अधिकांश आतंकवादी वर्ष 2021 के बाद शामिल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, उनमें से छह दक्षिण कश्मीर में सक्रिय हैं, जबकि एक उत्तरी कश्मीर में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं, हालांकि माना जाता है कि कुछ ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मंगलवार की मुठभेड़ से पहले केंद्रीय एजेंसियों ने क्षेत्र में सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या 14 आंकी थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय आतंकवाद में गिरावट का मुख्य कारण हाल के वर्षों में नए आतंकवादियों की भर्ती में भारी कमी है, जिसके साथ-साथ आतंकवादी समर्थन नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई भी की गई है।अधिकारियों ने यह भी नोट किया कि स्थानीय आतंकवादियों की कार्यशैली में बदलाव आया है। पहले के वर्षों के विपरीत, अब वे सोशल मीडिया पर तस्वीरें या दावा पोस्ट करने से बच रहे हैं और अधिक. ांशतघ भूमिगत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी वर्तमान भूमिका में विदेशी आतंकवादियों को सैन्य एवं सामरिक सहायता प्रदान करना शामिल है, विशेष रूप से जंगली इलाकों में गुरिल्ला शैली में युद्ध करने के लिए मार्ग निर्देशन करने में। सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या हालांकि एकल अंक पर आ गई है, सुरक्षा एजेंसियों को हाइब्रिड आतंकवादियों को लेकर चिताएं बनी हुई हैं। हाल में हुए पहलगाम हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है, जिसमें आतंकवादियों के कई घरों को ध्वस्त करना शामिल है।

## सीईईडब्ल्यू के अरुणाभा घोष कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया के दूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** जलवायु और ऊर्जा के क्षेत्र में एशिया के प्रमुख अध्ययन संस्थानों में एक राजधानी के काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. अरुणाभा घोष को जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन -कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया का दूत नियुक्त किया गया है। यह सम्मेलन इस साल नवंबर में 10 से 21 तारीख तक ब्राजील में बेलेम में आयोजित किया जाएगा। सीईईडब्ल्यू की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ घोष कॉप 30 के लिए नियुक्त हुए आठ अंतर्राष्ट्रीय दूतों में से एक हैं, जो अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दूतों में जैसिडा अर्डर्न, पैट्रिशिया एस्पिनोसा, लॉरेंस ट्यूबियाना और अदनान अमीन (आईआरईएनए के पहले महानिदेशक और कॉप 28 यूएई के सीईओ) जैसी वैश्विक हस्तियां शामिल हैं।

**Recruitment For Teaching Staff**

**Required:**
Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed
B.A - Subjects: Political Science, Urdu
BBA/BCA/B.Ed: All Subjects

Qualification: As per University/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

